आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज करवा चौथ

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 286 | उज्जैन, गुरुवार 29 अक्टूबर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़कर 63% हुआ

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स की दिवाली थोड़ी और रोशन हो गई है। सरकार ने त्योहार से ठीक 10 दिन पहले उनके महंगाई भत्ते में 3% बढ़ोतरी कर दी है। ताजा बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी डीए 63% हो जाएगा। सरकार इस पर 10 हजार करोड़ खर्च करेगी। बुधवार को कैबिनेट ने नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू करने को मंजूरी दी है। पिछले महीनों का एरियर भी दिवाली से पहले खाते में भेजा जाएगा। केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है।

अडाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा 55% घटकर 1,492 करोड़ हुआ

मुंबई। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में 1,492 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर यह 55% कम है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 3,304 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की कामकाजी आय यानी रेवेन्यू 37,215 करोड़ रुपए रहा। सालाना आधार पर यह 75% बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 21,248 करोड़ रुपए रहा था।

गुजरात में गोहत्या मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

गुजरात। कलोल स्थित सत्र न्यायालय ने गोहत्या से जुड़े एक मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 3 लाख रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। यह मामला अगस्त 2024 में पुलिस की छापेमारी के दौरान 277 किलोग्राम गोमांस बरामद होने से जुड़ा है। अदालत ने सुनवाई के बाद तीन आरोपियों को गुजरात पशु संरक्षण कानून और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी माना। अभियोजन पक्ष के अनुसार, बरामद मांस की कीमत करीब 55 हजार रुपये आंकी गई थी।

फिल्म ऑपरेशन सिंदूर में कार्तिक निभाएंगे लीड रोल



विवेक अग्निहोत्री करेंगे डायरेक्ट, पहलगाम आतंकी हमले के बाद की घटनाओं पर आधारित होगी कहानी

मुंबई। एक्टर कार्तिक आर्यन डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री की अपकमिंग फिल्म ऑपरेशन सिंदूर में लीड रोल निभाएंगे। वैरायटी इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। फिल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. टाइनी ढिल्लों की किताब ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान पर आधारित होगी। विवेक अग्निहोत्री ने मार्च में सोशल मीडिया पर इस फिल्म का ऐलान किया था। उन्होंने बताया था कि फिल्म की कहानी पहलगाम आतंकी हमले के बाद की घटनाओं पर आधारित होगी। इसके लिए भारतीय सेना की अलग-अलग टीमों के साथ मिलकर रिसर्च की गई है। विवेक के मुताबिक, फिल्म में उस सैन्य अभियान की कहानी दिखाई जाएगी, जिसका असर पूरे इलाके की सुरक्षा पर पड़ा। फिल्म में असली घटनाओं को तथ्यों के साथ दिखाने की कोशिश की जाएगी। फिल्म को लेकर भूषण कुमार ने कहा था कि यह कहानी खुद सामने आई है और इसे जिम्मेदारी के साथ दिखाना जरूरी है। उन्होंने इसे देश की एक अहम घटना को दर्ज करने की कोशिश बताया।

नैनो न्यूज

- **सर्बिया :** इजराइली दूतावास के बाहर पुलिसकर्मी पर हमला, नाबालिग चाकू लेकर पहुंचा, अल्लाहु अकबर का नारा लगाकर अटैक किया पुलिस ने मार गिराया।
- **मुंबई :** सोना आज 869 रुपए महंगा, 1.42 लाख रुपये पहुंचा, चांदी 1501 रुपए चढ़कर 1.94 लाख पहुंची।
- **ब्राजील :** राष्ट्रपति चुनाव हारने वाले बोल्सोनारो अमेरिका भागे, पत्नी और दो बेटियां भी साथ, सरकार ने पासपोर्ट रद्द किया।
- **नई दिल्ली :** चुनाव आयोग फॉर्म 6, 7,8 में बदलाव नहीं कर सकता, दिल्ली एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट, पूछा- दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 क्यों भरें।
- **मुंबई :** सेंसेक्स 353 अंक गिरकर 73,246 पर बंद, निफ्टी भी 51 अंक नीचे आया, एनर्जी और आईटी शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही
- **जामिया :** छात्रों का प्रदर्शन 17वें दिन भी जारी, स्टूडेंट्स की पांच में से तीन मांगे पूरी, यूनिवर्सिटी में 20 साल बाद छात्रसंघ के चुनाव का आदेश।

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान अर्नब आंध्र प्रदेश के तट से टकराया

तूफान से तीन की मौत, 57 हजार लोग शिफ्ट, 50 ट्रेनें-21 फ्लाइट रद्द

एजेंसी ▸▸ विशाखापट्टनम

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान अर्नब मंगलवार देर रात 3.30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। यहां 125 से 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। आंध्र प्रदेश में 3 मौतें हुई हैं। राज्य के 31 घरों को नुकसान पहुंचा। 57 हजार लोगों को शिफ्ट किया गया है। तूफान के कारण 50 ट्रेनें और विजयवाड़ा-विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर 21 फ्लाइट्स रद्द की गईं।

ओडिशा में भारी बारिश के चलते 16 जिलों में स्कूल बंद हैं। यहां 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 4,000 साइक्लोन शेल्टर बनाए गए हैं। विशाखापट्टनम में रात 27 अक्टूबर की सुबह 8.30 बजे से 28 अक्टूबर की सुबह 3 बजे तक, यानी करीब 18 घंटे में 20ो से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। यह जुलाई में होने वाली औसत बारिश के डेढ़ गुना से ज्यादा है। यहां जुलाई में औसतन 133 बारिश होती है।





एयरफोर्स ने 23 टन राहत सामग्री विजयवाड़ा भेजी, एनडीआरएफ टीम भी पहुंची

इंडियन एयरफोर्स ने चक्रवात अर्नब से प्रभावित विजयवाड़ा में 23 टन राहत सामग्री पहुंचाई। इसके लिए 2 सी-130जे विमानों का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा एनडीआरएफ की टीम भी भेजी गई है। वायुसेना ने कहा कि वह लोगों की जान बचाने और राष्ट्रीय आपदा राहत कार्यों में मदद के लिए हमेशा तैयार है।

तूफान अर्नब से 24 घंटे में 21 से 30 सेमी बारिश- मौसम विभाग के मुताबिक, 24 घंटे में ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में 21 से 30 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। चक्रवात अर्नब के चलते 5 नवंबर तक 22 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें रद्द या स्थगित कर दी गई हैं। विशाखापत्तनम-किरंदुल और राउरकेला-जगदलपुर समेत कई ट्रेनों पर असर पड़ा है। वहीं, हिराखंड एक्सप्रेस का संचालन भी अस्थायी रूप से बदला गया है।

एमपी-यूपी और बिहार समेत 9 राज्यों में अलर्ट

- **आंध्र प्रदेश और ओडिशा:** भारी से बेहद भारी बारिश, तेज हवाएं और निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा।
- **तेलंगाना और छत्तीसगढ़:** 28-29 अक्टूबर को भारी बारिश, कुछ इलाकों में बेहद भारी बारिश की आशंका।
- **मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र:** पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में बारिश का अनुमान। कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है।
- **झारखंड और बिहार:** 28 से 30 अक्टूबर के बीच बारिश; बिहार में 29-30 अक्टूबर को कुछ जगहों पर भारी बारिश की आशंका।
- **उत्तर प्रदेश:** पूर्वी यूपी में 29-30 अक्टूबर को भारी से बेहद भारी बारिश हो सकती है।

जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 1,358 पर लिस्ट हुआ

देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बनी

अनंत की स्पीच पर भावुक हुए मुकेश अंबानी, जियो शेयर लिस्टिंग के इवेंट में परिवार के साथ मौजूद रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 1,358 पर लिस्ट हुआ है, जो इसके 1,119 के इश्यू प्राइस से 21% ज्यादा है। लिस्टिंग के मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भावुक हो गए, जब उनके बेटे अनंत ने जियो की कामयाबी की कहानी बताई।

हालांकि, आज का कारोबार खत्म होने पर कंपनी का शेयर 1,419 रुपए पर बंद हुआ। यानी इश्यू प्राइस से करीब 27% की बढ़त रही। इसके साथ ही जियो प्लेटफॉर्म्स का मार्केट कैप 13.05 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

यह रिलायंस के बाद मार्केट कैप के हिसाब से देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। रिलायंस का मार्केट कैप 16 लाख करोड़ रुपए है। एयरटेल का मार्केट कैप 12 लाख करोड़ रुपए है।

अनंत बोले- जियो को देश की जनता ने बनाया- जियो की लिस्टिंग के मौके पर अनंत अंबानी ने रिलायंस की विरासत और लोगों के प्यार को याद करते हुए कहा, जियो को पूरे देश का आशीर्वाद मिला है। मां ने कहा 'जियो मेरे लाल', दादी ने कहा 'जुग जुग जियो' और दोस्तों ने कहा 'जियो यार'। उन्होंने कहा कि जियो को भारत की जनता ने बनाया है और देश के लोगों के सपनों को पूरा करना ही उनका असली सपना है।





लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर बेचें या होल्ड करें?

मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर आपने सिर्फ लिस्टिंग गेन के लिए पैसा लगाया है, तो लिस्टिंग के दिन मुनाफा वसूलना सही स्ट्रैटेजी होगी। लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टर्स को शेयर को पोर्टफोलियो में होल्ड करने की सलाह है। एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि कंपनी का शेयर कुछ समय में 1,500 से 1,800 तक जा सकता है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, लिस्टिंग वाले दिन शुरुआत में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, इसलिए तुरंत एंट्री न लें। अगर लिस्टिंग के बाद शेयर में थोड़ी गिरावट आती है, तो धीरे-धीरे शेयर में खरीदारी करना ही बेहतर होगा। शेयर की कीमत, वैल्यूएशन और कंपनी के प्रदर्शन का आकलन करके ही निवेश का फैसला लें।

पीएनबी बैंक में खातों से करोड़ों रुपए गायब

एजेंसी ▸▸ गौतम बुद्ध नगर

ग्रेटर नोएडा में पंजाब नेशनल बैंक में खातों से करोड़ों रुपए गायब होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि खाताधारकों के 30 से 35 करोड़ रुपए गायब हुए हैं।

कहा जा रहा है कि जिन लोगों ने एफडी कराई थी, उनका बैलेंस जीरो दिखा रहा। जिनके सेविंग अकाउंट में 3-4 लाख रुपए जमा थे, उनमें 16 से 20 हजार ही बचे हैं। जिन लोगों को सरकारी मुआवजे की 1 करोड़ 29 हजार रुपए राशि मिली थी, उनके खाते से पूरी रकम गायब है। 18 लोगों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, मामला सामने आने के बाद बैंक मैनेजर समेत 5 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया। उनकी जगह नया स्टाफ तैनात किया गया है।

भारत-अमेरिका के बीच बड़ा रक्षा समझौता

राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा मंत्री के बीच 10 साल के डिफेंस प्लान पर चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच 2005 से 2015 तक के लिए 10 वर्षों का सुरक्षा समझौता हुआ था और इसे पिछले साल 10 वर्षों के नये रक्षा समझौते से बदला गया। राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने फिलीपींस में इसी समझौते की समीक्षा बैठक की।

अमेरिका और भारत के बीच 10 वर्षों के लिए जो डिफेंस प्लान पिछले साल तैयार किया गया था उसकी समीक्षा की गई है। फिलीपींस के मनीला में भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच मुलाकात हुई है। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच 10 सालों के लिए डिफेंस फ्रेमवर्क में आए डेवलपमेंट की समीक्षा की है। इस दौराना दोनों देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने, सैन्य तकनीक और हथियारों के संयुक्त उत्पादन को लेकर बात की गई है।



फिलीपींस के सेबू में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा और नये क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों को लेकर चर्चा की है। आपको बता दें कि इससे पहले पिछले साल दोनों देशों के बीच इस डिफेंस फ्रेमवर्क पर दस्तखत किए गये थे। इसका मकसद दोनों देशों को अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है।

पायलट मच्छार को यूएई का सम्मान, राष्ट्रपति ने गले लगाया



एजेंसी ▸▸ अबू धाबी

यूएई ने फ्लाईदुबई की फ्लाइट को क्रैश से बचाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को 'जायद II- फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया। इस दौरान यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मच्छार को गले लगाया। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने स्मित को अपने देश की पहचान बताया। जायद-II, यूएई के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। फ्लाईदुबई फ्लाइट के पायलट मच्छार ने 30 सितंबर को प्लेन क्रैश कराने की कोशिश नाकाम कर दी थी। यह प्लेन दुबई से तेल अवीव जा रही था। इस दौरान को-पायलट ने उन पर हमला कर दिया था।

मनाली-कीरतपुर हाईवे पर बड़ा हादसा

खाई में गिरी बस, 4 की मौत



एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

मनाली-कीरतपुर साहिब नेशनल हाईवे पर बुधवार को एक गंभीर सड़क दुर्घटना हुई। देहणी मसेवाल के नजदीक एक डीजे साउंड बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में चार लोगों की जान चली गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों के रोपड़ निवासी होने की जानकारी सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में सवार लोग कुल्लू में दशहरे के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में देहणी मसेवाल के पास बस चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिसके बाद बस खाई में गिर गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, बचावकर्मी और एनएचएआई की एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची। राहत अभियान के दौरान काफी प्रयासों के बाद चारों मृतकों के शव खाई से बाहर निकाले गए।

आजम की जौहर यूनिवर्सिटी ईडी ने ली कब्जे में

दावा- सरकारी पैसे से बनाई गई, मार्केट कीमत 1170 करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को वरिष्ठ सपा नेता आजम खान की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने यूनिवर्सिटी की जमीन-इमारतों को अपने कब्जे में ले लिया है।

ईडी के मुताबिक, अटैच की गई संपत्तियों की कीमत 426.46 करोड़ रुपए है। हालांकि, इनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 1,170 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है। जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट करता है। ट्रस्ट की स्थापना आजम खान ने की थी। यूनिवर्सिटी का परिसर रामपुर के जौहर नगर क्षेत्र में स्थित है। ईडी का आरोप है कि सरकारी धन, ठेकेदारों से प्राप्त रकम और जमीन से जुड़े मामलों में अनियमितताओं के जरिए अपराध से अर्जित धन का इस्तेमाल यूनिवर्सिटी की संपत्तियां बनाने में किया गया।

स्पेन में हाई स्पीड ट्रेनें टकराईं, 39 की मौत

कई डिब्बे मलबे में बदले, इन ट्रेनों की एवरेज स्पीड 200 किमी प्रतिघंटे से ज्यादा

एजेंसी ▸▸ मैड्रिड

स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई स्पीड ट्रेनें टकरा गईं। डीडी न्यूज के मुताबिक, हादसे में 39 लोगों की मौत हो गई, जबकि 179 लोग घायल हुए हैं। राहत और बचाव के लिए इमरजेंसी और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंचीं।

स्पेनिश मीडिया के मुताबिक, हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे मोरा और ओरगाज कस्बों के बीच हुआ। एक ट्रेन ने दूसरी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कई डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे के बाद राजधानी मैड्रिड को दक्षिणी अंदालूसिया क्षेत्र से जोड़ने वाली रेल लाइन बंद कर दी गई। दोनों ट्रेनें सरकारी कंपनी रेनफे और निजी कंपनी इर्यो की थीं। इन ट्रेनों की रफ्तार आमतौर पर 200 किमी/घंटे से ज्यादा होती है।



राहत और बचाव कार्य जारी

स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने कहा कि इस हादसे की खबर सुनकर वे सदमे में हैं। राहत और बचाव दल मौके पर मौजूद हैं और हादसे में प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं। टोलेडो के पास उर्दा शहर के मेयर मैनुअल गालान ने बताया कि बचाव दल ने उनसे घायलों के इलाज और देखभाल के लिए एक स्पोर्ट्स हॉल तैयार रखने को कहा है।

मैड्रिड में ट्रेन यात्रियों का इंतजार बढ़ा- यह साफ नहीं है कि हादसा किस वजह से हुआ। जांच की जाएगी कि ट्रेन समय पर क्यों नहीं रुकी। क्या सिग्नल सिस्टम में खराबी थी या ड्राइवर ब्रेक लगाने में चूक गया, इसकी भी जांच होगी।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

खुली जांच, बढ़ा विश्वास

हाल ही में पास के टेकरी वाली माताओं के जिला मुख्यालय स्तर पर हुए मदिरा कांड ने कई घरों में दीपक बुझा दिए हैं। कई आंखों को आगे के जीवन के लिए अंधकारमय कर दिया है। इस पूरे मामले पर संभाग स्तर से जांच की जा रही है। मामले में राज्य शासन स्तर से कार्रवाई का दौर जारी है लेकिन इस बीच जांच समिति की खुली जांच ने ग्रामीणों के बीच एक नया विश्वास कायम किया है। पास के टेकरी माता वाले जिले की बहुत ही विशेषता है। वहां बहुतेरे मुद्दे छोटे एवं बड़े में बंटे हुए हैं। जैसे टेकरी पर माता भी छोटी एवं बड़ी हैं। तालाब के भी यही हाल हैं। स्टेट के समय भी यही स्थिति कायम रही। पांथी भी छोटी एवं बड़ी है। हरियाली से भरपूर पास का जिला राष्ट्रीय पशु बाघ का संरक्षण स्थल भी है। इस जिले के मुख्यालय से मात्र कुछ किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीण क्षेत्र में जो कि जिला मुख्यालय की तहसील का ही गांव है में जहरीली मदिरा से कुछ लोग काल कवलित हुए हैं। इसे लेकर संभाग स्तर से बडे साब ने एक दल बनाया है जिसमें संभाग के वर्दी वाले एवं प्रशासन वाले अफसरों को शामिल किया है। मामले पर जांच के लिए दल प्रभावित गांव में पहुंचा था। जिस गांव में जिले के अफसर विश्वास हासिल नहीं कर पा रहे थे उसी गांव में जांच समिति के अफसरों ने खुली जांच के साथ विश्वास कायम किया है। अफसरों ने तमाम मौजूद लोगों के सामने ही पीड़ित परिवारों के लोगों से हकीकत जानी और सार्वजनिक स्तर पर ही इसे सूना और दर्ज किया गया। पीड़ित परिवारों को विश्वास दिलाया गया है कि उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। खास तो यह है कि जिस जिले में यह पूरा मामला हुआ है वहां पूर्व में अभी संभाग के सबसे बड़े प्रशासनिक मुखिया और प्रदेश के सबसे बड़े प्रशासनिक मुखिया दोनों ही कभी जिले के प्रशासनिक मुखिया रहे हैं। जांच समिति के पहले कदम की ही पीड़ितों के गांव में चर्चा है और अधिकारियों के कदम को भी सराहा जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि प्रशासन के अधिकारियों को जनहित एवं जन अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए अपनी कार्यशैली का विकास करना चाहिए। इससे वे सीधे तौर पर आमजन से जुडते ही नहीं हैं वे जनता के हित में निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। जांच समिति आहत ग्रामीणों के बीच पहुंची और उसके प्रशासकीय अध्यक्ष ने एक दो दूरी थी उसे पाट कर विश्वास की एक नई इबारत लिखी है। इसे ही प्रशासनिक दक्षता कहा जाता है।

नैनो न्यूज

- **किसी को** नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं होता तंत्र, यह गहरी आध्यात्मिक चेतना, खड़ेश्वरी अघोरी बाबा ने कहा वास्तविक तंत्र विद्या अंधविश्वास नहीं है
- **जगतगुरु तत्वदर्शी** संत रामपाल जी महाराज की छवि धूमिल करने के कथित प्रयास पर अनुयायियों में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग, मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, जनकल्याणकारी अभियानों को बताया मानवता की सच्ची सेवा
- **सिंहस्थ क्षेत्र में** अतिक्रमण हटाने में भेदभाव का आरोप, भाजपा समर्थक संतों को बचा रहा प्रशासन, अखिल भारतीय मठ मंदिर सनातन धर्म मोर्चा ने उठाए प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल
- **पेंशनर संयुक्त** मोर्चा के आह्वान पर पेंशनरों की लंबित 12 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर सिंहस्थ मेला कार्यालय, कोठी परिसर, उज्जैन में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दो घंटे का मौन धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।
- **31 अक्टूबर** से भोपाल में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने की चेतावनी
- **दशा माता मंदिर** में महाआरती, भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन, माता का विशेष श्रृंगार, साधु-संतों एवं बटुकों का किया सम्मान
- **11 कन्याओं** से शुरू हुआ गुमानदेव मंदिर का अनूठा गरबा महोत्सव पहुंचा 500 के पार, कन्या पूजन व भोज के साथ 14वें आयोजन का समापन, मुख्यमंत्री हुए शामिल
- **200 से अधिक** विद्यार्थियों का दंत परीक्षण कर दिया मुख स्वच्छता का संदेश, इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने लगाया शिविर, डॉक्टरों ने दांतों की देखभाल के बताए तरीके
- **प्रस्फुटन** समितियां सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं, लेकोड़ा सेक्टर में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न, जनभागीदारी को बताया सामाजिक परिवर्तन का आधार
- **मत्स्येंद्रनाथ** समाधि पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की पूजा अर्चना, 65 वर्षों से आयोजित हो रहे शरदोत्सव में हुए शामिल, 651 लीटर खीर की बंटी महाप्रसादी
- **वाल्मीकि धाम** पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव का 51 किलो की माला से स्वागत, महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अजा मोर्चा ने किया सम्मान
- **भरत भाटी** बने गुजराती सेन समाज के वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, बालकृष्ण वर्मा को युवा कमान, प्रादेशिक बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चुनाव, परिचय और विवाह सम्मेलन का ब्योरा भी किया पेश
- **साध्वीश्रीजी** की तपश्चर्याओं पर गुरुदेव ने दिए मंगल आशीर्वाद, मुनिश्री ने गुरुदतपस्या को बताया आत्मशुद्धि का श्रेष्ठ मार्ग

वर्षों बाद कई शुभ संयोग में आज करवा चौथ सुहागिनों का सबसे बड़ा पर्व

महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और संपन्नता के लिए सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक रखती है निर्जला व्रत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज करवा चौथ का त्योहार है। करवा चौथ विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है, जिसमें महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और संपन्नता के लिए सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं। आइए इसके महत्व और इससे जुड़ी सभी जानकारियां जानते हैं।

पीली चूड़ियां पहनें: करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार में पीली चूड़ियां शामिल कर सकती हैं। मान्यता है कि इससे वैवाहिक जीवन में प्रेम और सामंजस्य बढ़ता है।

इन चीजों का दान करें: करवा चौथ पर लाल सिंदूर, इत्र, केसर और चने की दाल का दान करना शुभ माना जाता है। इससे सुख-समृद्धि की कामना की जाती है।

मां दुर्गा की पूजा करें: दांपत्य जीवन में सुख-शांति के लिए दुर्गा चालीसा का पाठ करें और मां दुर्गा के नाम का 108 बार जाप करें।

गोमती चक्र का उपाय करें: दो गोमती चक्रों को पीली सरसों के साथ लाल कपड़े में रखें। एक पर पति का और दूसरे पर अपना नाम लिखकर पोटली बना लें। मान्यता है कि इससे रिश्ते में प्रेम और विश्वास बढ़ता है।

चंद्र दर्शन के बाद किया जाता है व्रत का पारण

करवा चौथ पर चंद्रोदय होने पर चांद के दर्शन का विशेष महत्व होता है। रात को चांद के इंतजार के बाद जब आसमान में चांद दिखे तो उसे छलनी से देखें फिर पति का चेहरा देखें। इसके बाद चंद्रमा को अर्घ्य, अक्षत और दीपक अर्पित करें। इसके बाद पति अपने हाथों से मिठाई और पानी पिलाकर व्रत का पारण करें। फिर सास के पैर छूकर आशीर्वाद लें।



पत्नी की राशि के अनुसार दें गिफ्ट

- यदि आपकी पत्नी की राशि मेष है, तो आप उन्हें लाल रंग की साड़ी या इसी रंग से जुड़ा कोई उपहार दे सकते हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, लाल रंग को इस राशि के लिए शुभ माना जाता है।
- वृषभ राशि की महिलाओं के लिए सफेद रंग के कपड़े या चांदी से जुड़ा कोई उपहार अच्छा विकल्प हो सकता है। मान्यता है कि सफेद रंग जीवन में शांति और सकारात्मकता का प्रतीक है।
- मिथुन राशि वाली महिलाओं को हरे रंग की चूड़ियां या हरे रंग के कपड़े उपहार में दे सकते हैं। मान्यता है कि हरा रंग सुख-समृद्धि, लाभ और उन्नति का प्रतीक माना जाता है।
- कर्क राशि की महिलाओं को मोती से जुड़ा कोई उपहार दे सकते हैं। आप उन्हें मोती की माला, कानों के झुमके या मोती से बना कोई खूबसूरत आभूषण भेंट कर सकते हैं।
- सिंह राशि की महिलाओं के लिए सुनहरे रंग की साड़ी, चूड़ियां या इसी रंग से जुड़ा कोई उपहार अच्छा रहेगा। मान्यता है कि सुनहरा रंग आत्मविश्वास, आकर्षण और रिश्तों में आपसी समझ का प्रतीक है।
- कन्या राशि की महिलाओं को हरे रंग के कपड़े या हरे रंग से जुड़ा कोई उपहार दे सकते हैं। यह रंग प्रकृति, नई ऊर्जा और सकारात्मकता से जुड़ा माना जाता है।
- तुला राशि की महिलाओं के लिए गुलाबी या बादामी रंग का उपहार अच्छा विकल्प हो सकता है। आप उन्हें इस रंग की साड़ी, ड्रेस या कोई खूबसूरत एक्सेसरी दे सकते हैं।
- वृश्चिक राशि के स्वामी मंगल हैं। ऐसे में आप अपनी पत्नी को लाल या पीले रंग से जुड़ा कोई उपहार दे सकते हैं। इस रंग की साड़ी, ड्रेस या चूड़ियां उनके लिए अच्छा विकल्प हो सकती हैं।
- धनु राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। इस राशि की महिलाओं को पीले रंग से जुड़ा कोई उपहार देना शुभ माना जाता है। आप उन्हें पीले रंग के कपड़े, आभूषण या मिठाई भेंट कर सकते हैं।
- मकर राशि की महिलाओं के लिए नीले रंग का उपहार अच्छा विकल्प हो सकता है। आप उन्हें नीले रंग की साड़ी, ड्रेस या कोई आकर्षक एक्सेसरी दे सकते हैं।
- कुंभ राशि की महिलाओं को सोने के आभूषण या सुनहरे रंग से जुड़ा कोई उपहार दे सकते हैं। आप अपनी पसंद और बजट के अनुसार उनके लिए खूबसूरत नेकलेस, अंगूठी या कानों के झुमके चुन सकते हैं।
- मीन राशि की महिलाओं के लिए पीले रंग से जुड़ा उपहार अच्छा माना जाता है। आप उन्हें पीले रंग की साड़ी, ड्रेस या कोई खूबसूरत आभूषण भेंट कर सकते हैं।

पूजन की शास्त्र सम्मत विधि

- करवा चौथ के दिन एक साफ चौकी पर करवा माता की तस्वीर स्थापित करें। इसके साथ भगवान गणेश की पूजा भी करें।
- पूजा के लिए मिट्टी का करवा या कलश लें और उसमें जल भरें।
- पूजा की थाली में रोली, फूल, मिठाई और अन्य आवश्यक सामग्री रखें।
- इसके बाद करवा माता के सामने दीपक जलाएं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करें।
- पूजा के दौरान करवा चौथ की व्रत कथा सुनें।
- कथा पूरी होने के बाद देवी-देवताओं को अक्षत, फूल और मिठाई अर्पित करें।
- परंपरा के अनुसार, करवा माता को सुहाग की सामग्री भी चढ़ाई जा सकती है।
- शाम को चंद्रोदय होने पर चंद्रमा के दर्शन करें।
- इसके बाद छलनी से चंद्रमा को देखकर उन्हें जल से अर्घ्य दें और पति की लंबी उम्र व सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करें।
- चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करें।

यदि चांद बादलों में छिप जाय तो ऐसे खोलें व्रत

पंचांग से चंद्रोदय के समय पर अर्घ्य दें- जब आसमान में चांद न दिखाई दे तो आपके शहर के पंचांग के आधार पर चंद्रोदय का समय देखें और उसी समय चांद की दिशा की तरफ मुंह करके पूजा, प्रार्थना और अर्घ्य देकर व्रत का पारण करें।

चांदी के सिक्के और दर्पण का प्रयोग - कुछ जगहों पर अगर चांद के दर्शन करवा चौथ के दिन न हो तो थाली में चांदी का सिक्का रखें और उसमें पानी भर दें और दर्पण से इसे चांद के प्रतीक के रूप में इसके दर्शन करके व्रत खोलें।

वीडियो कॉल पर चांद के दर्शन करके व्रत खोलें- अगर आप जिस शहर में रहते हैं और वहां पर चांद न दिखाई दे तो दूसरे शहर में रहने वाले अपने घर-परिवार के सदस्यों से वहां पर निकले चांद की विडियो कॉल से चांद के दर्शन करके व्रत खोला जा सकता है।

अभिनेत्री दिव्या दत्ता और कथावाचक इंद्रेश महाराज ने किए महाकाल के दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में बुधवार को फिल्म अभिनेत्री दिव्या दत्ता और प्रसिद्ध कथावाचक इंद्रेश महाराज ने पहुंचकर दर्शन किए। दोनों ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

दिव्या दत्ता ने नंदी हॉल में बैठकर भगवान शिव की आराधना की, वहीं इंद्रेश महाराज ने बाबा महाकाल को प्रणाम कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने दर्शन के बाद कहा, अभी दर्शन और आरती करके आई हूं। यहां आकर मन को बहुत शांति मिली। बाबा महाकाल की





मौजूदगी और यहां की ऊर्जा बहुत अच्छी लगती है। यहां आकर दर्शन करने से खुद को धन्य महसूस करती हूं। दिव्या दत्ता ने यह भी बताया कि उन्हें गर्व है कि उनकी आवाज महाकाल मंदिर के लाइट एंड साउंड शो में शामिल है। वहीं, प्रसिद्ध कथावाचक इंद्रेश महाराज ने भी बुधवार को भगवान महाकाल के दर्शन कर विधि-विधान से पूजन किया। उन्होंने बताया कि इंदौर में उनकी सप्त दिवसीय कथा चल रही है। इसी अवसर पर वे बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे। इंद्रेश महाराज ने कहा कि वृंदावन में भगवान महादेव गोपेश्वर के रूप में विराजमान हैं और महादेव कृष्ण भक्ति से जुड़े विशेष भाव में पूजित होते हैं। उन्होंने भगवान महाकाल से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की।

राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने मनाया विजयादशमी पर्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने मिलकर इस पर्व को धूमधाम से बनाया तथा अष्टभुजा के चरणों में नमन करते हुए शस्त्र की पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर नीमच जिला कार्यवाहिका विनीता भटनागर ने बताया कि वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर मौसी ने जो देवी अष्टभुजा की जो कल्पना की है उनके हाथ में जो शस्त्र है वह हमको क्या अंकित करते हैं हम सेविकाएं, शस्त्रों के सिंबॉलिक मतलब को समझे और अपने अंदर भी वही ऊर्जा है, को समझें। नगर संयोजिका ज्योति प्रजापति ने अष्टभुजा स्त्रोत लिया। नगर बौद्धिक प्रमुख अपेक्षा शर्मा का बौद्धिक हुआ। इस अवसर पर नीमच जिला सह कार्यवाहिका मीना



मानवत, ललिता पवार राधिका मिश्राजी मंजू बीरबल विनीता काठेड़ रानू नागदा उपस्थित थी तथा बच्चों की भी उपस्थित थी।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

शंभूसिंह तंवर भाजपा किसान मोर्चा उज्जैन ग्रामीण के जिलाध्यक्ष नियुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भारतीय जनता किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा द्वारा भाजपा जिला उज्जैन ग्रामीण के किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई।

जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र परमार ने बताया कि भाजपा उज्जैन ग्रामीण किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में शंभू सिंह तंवर (नलखेड़ा) को नियुक्त



किया गया है। इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

संगिनी ग्रुप ने 55 जरूरतमंद परिवारों को बांटी दीपावली की खुशियां



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली की खुशियां हर घर तक पहुंचे और कोई भी परिवार त्योहार पर खुद को अकेला महसूस न करे, इसी उद्देश्य से संगिनी ग्रुप ने 55 दिव्यांग, जरूरतमंद एवं कोरोना के बाद अकेले रह गए बुजुर्ग परिवारों को शगुन की टोकरी भेंट की। ग्रुप की अध्यक्ष ममता सांगते की पहल तथा संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सतिंदर कौर सलूजा के प्रयासों से यह सेवा कार्य किया गया।

दीपावली के अवसर पर परिवारों को दी गई टोकरी में मिठाई, नमकीन, तेल, साड़ी, बंधनवार, धानी, खील-बताशे, झाड़ू, दीपक, बाती सहित 17 प्रकार की सामग्री रखी गई। संगिनी ग्रुप का उद्देश्य इन परिवारों के घरों में भी दीपावली पर दीप जलाना और उनके जीवन में खुशियों का उजाला फैलाना है। यह पहल जरूरतमंदों को सहयोग देने के साथ उनमें अपनत्व और सामाजिक जुड़ाव का भाव भी मजबूत करती है।

इस सेवा कार्य में डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, जीपी रविंद्र सिंह कुशवाहा, देवेंद्र देवधरे, चंद्रप्रभा कुशवाहा, पूर्णिमा गौड़, मनोरमा देशमुख, साशा जैन, प्रीति मुथा, नीता खोलकुटे, अजीत खोलकुटे, बीना शर्मा, सुधा जैन, सीमा गर्ग, उषा तारे, किरण कुशवाहा, पुष्पा देवी, शशिकला परिहार, नीलम व्यास, सपना व्यास एवं अनवर जहां ऐलची का सहयोग रहा। इस अवसर पर संगिनी ग्रुप की सदस्य रश्मि गहलोत, प्रियंका यादव, भगवती महावर, समीक्षा व्यास, टीना राठौड़ और सौरभ गोजर उपस्थित रहे।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्मी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 02 नवम्बर को

इंदौर। युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा आगामी 02 नवम्बर 2026 (मंगलवार) को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर इन्दौर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

इंदौर जिले में निजी नलकूप खनन पर लगाया प्रतिबंध

इंदौर। इंदौर जिले में औसत से काफी कम वर्षा होने और भू-जल स्रोतों के अत्यधिक दोहन के कारण पेयजल स्रोतों एवं नलकूपों का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर जिले के संपूर्ण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। साथ ही, मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम, 1986 एवं संशोधन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर आज से आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाया गया है। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (जल प्रदाय), नगर पालिक निगम इंदौर एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (ग्रामीण), जिला इंदौर द्वारा गिरते भू-जल स्तर और संभावित पेयजल संकट को देखते हुए निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाने की अनुशंसा की गई थी।

दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

इंदौर। दीपावली पर्व के दृष्टिगत आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर द्वारा विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 9 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के 18 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। निरीक्षण के दौरान खराब क्रीम के 2 टीन मौके पर नष्ट कराए गए। खाद्य कारोबारियों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा वैध खाद्य पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति के अंतर्गत कारोबार संचालित करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशन में तथा कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

50 लाख का लक्ष्य, 10 दिन में हुई 1.75 लाख रजिस्ट्री



इन्दौर। गांवों में मकान और भूखंड के मालिकाना हक के दस्तावेज निःशुल्क देने की स्वामित्व योजना मध्यप्रदेश में रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। सरकार ने एक महीने में 50 लाख रजिस्ट्री करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन पटवारियों के काम शुरू करने के बाद भी आंकड़ा अपेक्षित गति से नहीं बढ़ रहा है। 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक करीब 10 दिनों में लगभग 1.75 लाख रजिस्ट्री ही हो सकीं। इस रफ्तार से लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लंबा समय लग सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल भी कम प्रगति पर कलेक्टरों को फटकार लगा चुके हैं। प्रदेश सरकार ने 17 सितंबर को स्वामित्व योजना के शुभारंभ के दौरान एक महीने में 50 लाख निशुल्क रजिस्ट्री का लक्ष्य तय किया था। हालांकि, पटवारियों के रजिस्ट्री प्रक्रिया में शामिल नहीं होने से शुरुआत में ही काम अटक गया। पटवारियों ने 12 अक्टूबर से रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद 21 अक्टूबर तक करीब 1.75 लाख रजिस्ट्री हुई। यानी शुरुआती 10 दिनों में लक्ष्य का एक छोटा हिस्सा ही पूरा हो पाया। इस गति से 50 लाख रजिस्ट्री का लक्ष्य हासिल करने के लिए कई महीने लग सकते हैं। पटवारियों के मुताबिक सर्वर डाउन रहने और दूसरे प्रशासनिक कार्यों में व्यस्तता के कारण रजिस्ट्री की संख्या नहीं बढ़ पा रही है। ऐसे में सरकार के सामने अब तय समय में लक्ष्य पूरा करने के साथ तकनीकी और प्रशासनिक बाधाएं दूर करने की चुनौती भी है।

नैनो न्यूज

- **देवासः अवैध शराब मामले में 10 आरोपी गिरफ्तार-** देवास जिले के चंदाना गांव में संदिग्ध शराब से हुई मौतों के मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच जारी है।
- **आगर-मालवाः नलखेड़ा में बनेगा भव्य देवी लोक-** नलखेड़ा में मां बगलामुखी देवी लोक का निर्माण किया जाएगा। करीब 55 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस परिसर का शिखर 108 फीटर ऊंचा होगा।
- **शाजापुरः स्थानीय निकायों में विकास कार्यों पर जोर-** शहरी क्षेत्रों में सड़क, पेयजल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की जरूरत के बीच स्थानीय निकायों के विकास कार्यों पर लोगों की नजर है।
- **सुसनेरः नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव में भाजपा की जीत-** आगर-मालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा समर्थित प्रदीप सोनी ने कांग्रेस समर्थित विष्णु पाटीदार को 960 मतों से हराया।
- **रतलामः रंगदारी के मामले में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर-** रतलाम में भाजपा जिलाध्यक्ष से 50 हजार रुपये की कथित रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

2,250 एमसीएफटी क्षमता वाले डैम में बचा है अब सिर्फ 612.580 एमसीएफटी पानी

गंभीर डैम में बचा सिर्फ 27% पानी, नर्मदा जल पर 365 करोड़ खर्च

लगातार घटते जलस्तर ने आने वाले गर्मी के महीनों में पेयजल आपूर्ति को लेकर बढ़ा दी है चिंता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी उज्जैन में पेयजल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। शहर की जलापूर्ति के प्रमुख स्रोत गंभीर डैम में पानी का स्तर लगातार घट रहा है। 2,250 एमसीएफटी क्षमता वाले डैम में अब सिर्फ 612.580 एमसीएफटी पानी शेष है, जो इसकी कुल क्षमता का करीब 27 प्रतिशत है। दूसरी ओर नर्मदा का पानी उज्जैन तक लाने के लिए अब तक 365 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। ऐसे में गंभीर डैम का घटता जलस्तर जल प्रबंधन और पानी के उपयोग को लेकर सवाल खड़े कर रहा है।

गंभीर डैम के आंकड़ों के अनुसार 16 अक्टूबर को जलस्तर 627.452 एमसीएफटी था। 23 अक्टूबर को यह घटकर 614.439 एमसीएफटी रह गया, जबकि 24 अक्टूबर को डैम में केवल 612.580 एमसीएफटी पानी दर्ज किया गया। इस तरह आठ दिनों में जलस्तर में कुल 14.872 एमसीएफटी की गिरावट आई। लगातार घटते जलस्तर ने आने वाले गर्मी के महीनों में पेयजल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यदि पानी की खपत और डैम से निकासी की यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में उज्जैन को जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है।

सूत्रों के अनुसार गंभीर डैम के पानी का उपयोग पेयजल के अलावा सिंचाई और अन्य कार्यों में भी हो रहा है। ऐसे में यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि नर्मदा जल की आपूर्ति के बावजूद डैम का जलस्तर क्यों घट रहा है और पानी का उपयोग किस तरह किया जा रहा है।

बिल 365 करोड़ रुपये के पार

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अनुसार अगस्त 2026 तक नर्मदा जल का बिल 365 करोड़ 54 लाख 20 हजार 570 रुपये हो चुका है। यह पिछले तीन से चार वर्षों के खर्च से संबंधित बताया गया है। इसमें सितंबर और अक्टूबर का बिल जुड़ने के बाद कुल राशि और बढ़ सकती है। नर्मदा जल परियोजना पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद गंभीर डैम का जलस्तर लगातार गिरना जल प्रबंधन की समीक्षा की जरूरत को सामने लाता है। हालांकि नर्मदा जल पर हुए खर्च और गंभीर डैम के घटते जलस्तर के बीच संबंध को स्पष्ट करने के लिए पानी की आपूर्ति, खपत और निकासी के आंकड़ों का विस्तृत आकलन जरूरी है।

भविष्य में उज्जैन को जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है

आठ दिन में 14.872 एमसीएफटी पानी कम

गंभीर डैम के आंकड़ों के अनुसार 16 अक्टूबर को जलस्तर 627.452 एमसीएफटी था। 23 अक्टूबर को यह घटकर 614.439 एमसीएफटी रह गया, जबकि 24 अक्टूबर को डैम में केवल 612.580 एमसीएफटी पानी दर्ज किया गया। इस तरह आठ दिनों में जलस्तर में कुल 14.872 एमसीएफटी की गिरावट आई। लगातार घटते जलस्तर ने आने वाले गर्मी के महीनों में पेयजल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यदि पानी की खपत और डैम से निकासी की यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में उज्जैन को जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है। जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है।

कूड़ा फेंकने की जगह जरूरत का सामान पाने का बन सकता है जरिया

कचरा दो, नाश्ता लो... उज्जैन में तीन जगह खुलेंगे कचरा कैफे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

घर का प्लास्टिक, बोतलें और दूसरा सूखा कचरा अब सड़क या कूड़ेदान में फेंकने के बजाय नाश्ता या जरूरत का सामान पाने का जरिया बन सकता है। उज्जैन नगर निगम शहर में तीन जगह ह्यकचरा कैफेह्व खोलने जा रहा है। यहां नागरिक पुनर्चक्रण योग्य कचरा जमा करेंगे और बदले में खाद्य पदार्थ, दैनिक उपयोग की सामग्री या स्व-सहायता समूहों के बनाए उत्पाद ले सकेंगे।

योजना के लिए फ्रीगंज में पाकीजा शोरूम के पास, नानाखेड़ा बस स्टैंड और चारधाम मंदिर पार्किंग में स्थान प्रस्तावित किए गए हैं। निगम ने इनके संचालन के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की है। यानी फिलहाल कैफे खुलने की तैयारी है, संचालन शुरू होने का दावा अभी नहीं किया जा सकता। योजना की खास बात यह है कि नगर निगम संचालनकर्ता एजेंसी को भुगतान नहीं करेगा। इसके बजाय सबसे अधिक रॉयल्टी देने का प्रस्ताव रखने वाली एजेंसी को पांच साल के लिए संचालन का अधिकार दिया जाएगा। आपसी सहमति से अवधि तीन साल और बढ़ाई जा सकेगी। योजना की एक प्रमुख विशेषता इसका संचालन मॉडल है। नगर निगम संचालनकर्ता एजेंसी को अलग से भुगतान नहीं करेगा।

कचरा जमा करो, बदले में पाओ जरूरत का सामान

कचरा कैफे की अवधारणा का उद्देश्य नागरिकों को सूखे कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय उसे एकत्र कर निर्धारित केंद्रों तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यहां प्लास्टिक की बोतलें और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री जमा करने पर बदले में उपयोगी वस्तुएं या खाद्य पदार्थ दिए जा सकेंगे। कैफे में केवल कचरा संग्रहण ही नहीं होगा, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। योजना के लिए फ्रीगंज में पाकीजा शोरूम के पास, नानाखेड़ा बस स्टैंड और चारधाम मंदिर पार्किंग में स्थान प्रस्तावित किए गए हैं।

एजेंसी को अनुबंध के तीन दिन के भीतर तीन महीने की अग्रिम रॉयल्टी जमा करनी होगी

एजेंसी को अनुबंध के तीन दिन के भीतर तीन महीने की अग्रिम रायल्टी जमा करनी होगी, जबकि आगे हर महीने की एक से पांच तारीख के बीच भुगतान करना होगा। कैफे पर केवल कचरा जमा नहीं होगा। कपड़े के थैले, डस्टबिन, जैविक खाद, कबाड़ से बनी कलाकृतियां और घरेलू कंपोस्टिंग के उपकरण भी बिक्री के लिए रखे जाएंगे। संचालन और उत्पाद बिक्री में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्राथमिकता देने का प्रावधान है। इससे कचरा प्रबंधन के साथ स्थानीय महिलाओं के उत्पादों को बाजार मिलने की संभावना भी है।

योजना अनुसार नानाखेड़ा बस स्टैंड पर 500 वर्गफीट और चारधाम मंदिर पार्किंग में 150 वर्गफीट क्षेत्र का उल्लेख है। फ्रीगंज में पाकीजा शोरूम के पास भी केंद्र प्रस्तावित है। सफल एजेंसी को 50 हजार रुपये की परफॉर्मेंस सिक्युरिटी जमा करनी होगी। बिजली-पानी के कनेक्शन निगम देगा, लेकिन बिल एजेंसी को भरने होंगे। कैफे की सफाई, सुरक्षा और सीसीटीवी की जिम्मेदारी भी संचालनकर्ता की होगी। निगम के सामने चुनौती अब निविदा पूरी करने के साथ इन केंद्रों को वास्तव में शुरू करने की है। यदि व्यवस्था नियमित और सुविधाजनक रही, तो शहर में खुले में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति कम करने और कचरे को संसाधन में बदलने का नया रास्ता खुल सकता है।

छिंदवाड़ा समेत 4 जिलों की सिंचाई योजनाओं को 3378 करोड़ रुपए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में राज्य के विकास से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट ने छिंदवाड़ा, मुरैना, सागर और सिवनी जिले की चार बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के लिए 3378.69 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। ये सभी मंजूरियां वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए दी गई हैं। कैबिनेट बैठक में जिन चार प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं को हरी झंडी मिली है, उनमें छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स प्रोजेक्ट सबसे बड़ा है। छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स के लिए सर्वाधिक 2611.13 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इस योजना के तहत 1.90 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई सुविधा विकसित करने का लक्ष्य है। मुरैना की चेंटीखेड़ा परियोजना के लिए 531.15 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। सिवनी की पेंच डायवर्जन प्रोजेक्ट के लिए 197 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। सागर की पंचमनगर परियोजना के लिए 39.41 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वन संरक्षण और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने कैम्पा निधि से 2050 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस राशि का उपयोग अतिक्रमण से जंगलों को हुए नुकसान की भरपाई, बिगड़े वनों के सुधार, नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में वनीकरण, मृदा-जल संरक्षण और वन्यजीव क्षेत्रों में रहवास विकास पर किया जाएगा।

डबलडेकर फ्लाईओवर से सिंहस्थ में प्रतिदिन तेजी से गुजरेंगे 4 लाख वाहन

इंदौर-उज्जैन का सफर सिर्फ 40 मिनट में होगा तय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बने डबलडेकर से सिंहस्थ में रोजाना लाखों वाहन गुजरेंगे। सिंहस्थ के समय इंदौर से उज्जैन और उज्जैन से इंदौर आने वाले वाहनों की संख्या करीब 4 लाख हो सकती है। ऐसे में इस ब्रिज से इंदौर से उज्जैन की दूरी सिर्फ 40 मिनट में पूरी हो जाएगी।

डबलडेकर बनने से वाहनों की आवाजाही सरपट हो गई है। जल्द ही दूसरी भुजा पर भी ट्रैफिक होगा, जिससे इंदौर से उज्जैन जाने वालों को राहत मिलेगी। इंदौर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल लवकुश चौराहा सबसे आधुनिक ट्रैफिक इंटरचेंज के रूप में विकसित हो रहा है। यहां करीब 175 करोड़ रुपए की लागत से बने डबलडेकर की एक भुजा पर तो ट्रैफिक चल रहा है।

देखा जाए तो एमपी का पहला ऐसा डबलडेकर ब्रिज है, जहां रोड, ब्रिज, मेट्रो एक ही कॉरिडोर (एमआर-10) पर अलग-अलग स्तर पर संचालित हो रहे हैं। नीचे रोड पर ट्रैफिक और मेट्रो ट्रैक। सीमित जगह में दोहरी परिवहन व्यवस्था डेवलप होने से आने वाले दिनों में ट्रैफिक का दबाव भी कम होने का अनुमान है।

राज्य सरकार इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन विकसित कर रही है। इसका उद्देश्य दोनों शहरों को आर्थिक, औद्योगिक, आवासीय और परिवहन नेटवर्क के रूप में जोड़ना है। लवकुश डबलडेकर ब्रिज इस कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाली अहम कड़ी बन सकता है। बेहतर सड़क नेटवर्क और मेट्रो कनेक्टिविटी से भविष्य में औद्योगिक निवेश, लॉजिस्टिक्स और क्षेत्रीय विकास को गति मिलने की उम्मीद है। मेट्रो कॉरिडोर के साथ समन्वय, तकनीकी जटिलताओं और स्टील बो-स्ट्रिंग स्ट्रक्चर के निर्माण के कारण काम कई चरणों में पूरा किया गया।

इतनी गाड़ियों का दबाव संभालने की तैयारी

आम दिनों में इंदौर-उज्जैन मार्ग से रोजाना 35 से 40 हजार वाहन गुजरते हैं, जबकि सावन में यह संख्या 70 से 80 हजार से अधिक हो जाती है। सिंहस्थ के दौरान वाहनों की संख्या करीब 4 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। 2016 के सिंहस्थ के आखिरी शाही स्नान पर इंदौर-सांवेर रोड से हरिफाटक तक लंबा जाम लगा था। वाहन चालक घंटों फंसे रहे थे। इस बार डबलडेकर ब्रिज से लवकुश चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम करने और इंदौर-उज्जैन मार्ग पर आवाजाही सुगम बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

मप्र में हुई चीते की हत्या की जांच करेगी केंद्र सरकार की टीम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

कूनो में चीते की बंदूक के छर्रों से मौत के मामले में केंद्र सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। पर्यावरण मंत्रालय ने तीन सदस्यीय हाई-लेवल सेंट्रल टीम को ग्राउंड जांच के लिए नियुक्त किया है। टीम में आईजी फारेस्ट, एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) एडिशनल डायरेक्टर, डब्ल्यूसीसीबी (वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो), रीजनल डिप्टी डायरेक्टर, डब्ल्यूसीसीबी शामिल हैं।

टीम कूनो-मुरैना-श्योपुर के जंगलों में ऑन-स्पॉट जांच करेगी। हत्या के हालात, सभी सबूतों की जांच, फायरिंग की लोकेशन ट्रेस करेगी। एम पी वन विभाग और एसटीएफ के साथ समन्वय कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। सुरक्षा प्रोटोकाल और मानिटरिंग में चूक की समीक्षा करेगी। अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेगी, जिसके आधार पर राज्य को आगे के निर्देश दिए जाएंगे। बता दें कि मादा चीता निरवा का 19 माह का शावक मुरैना के वन क्षेत्र में 25 अक्टूबर को घायल मिला था। जबलपुर में सर्जरी में 5 पेलेट निकले, 27 अक्टूबर को मौत हो गई। यह प्रोजेक्ट चीता (2022) में पहला शूटिंग केस है। राज्य सरकार ने पहले ही एसटीएफ बना दी है, अब केंद्रीय टीम के साथ सयुक्त जांच होगी।

पीएम आवास योजना के तहत मल्टी प्रोजेक्ट का निर्माण आठ वर्ष बाद भी अधूरा

दिवाली में पीएम आवास में गृह प्रवेश नहीं कर पाएंगे हितग्राही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन शहर में पीएम आवास योजना का लाभ लेने वाले हितग्राहियों के लिए बुरी खबर है। सेवा से संकल्प अभियान में गरीबों को पक्के मकान देने के दावे हो रहे हैं, वहीं एक हकीकत यह भी है कि पीएम आवास मंछामन मल्टी के हितग्राहियों की यह दीपावली भी बिना गृह प्रवेश के ही निकलेगी। आठ वर्ष से अधिक समय होने के बावजूद मल्टी का निर्माण अब तक अधूरा है और काम ठप्प पड़ा हुआ है। पीएम आवास योजना अंतर्गत नगर निगम मंछामन मल्टी का निर्माण कर रहा है। वर्षों बाद निगम निर्माण पूरा नहीं कर सका है।

इधर, महापौर मुकेश टटवाल कई बार बार निरीक्षण कर निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दे चुके हैं, जो कोरे ही साबित हुए हैं। अब टटवाल ने निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा को पत्र लिख मल्टी का निर्माण पूरा करवाने का कहा है। टटवाल के अनुसार, ठेकेदार 3-4 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित हो गया है। इसके चलते ठेकेदार ने निर्माण कार्य बंद कर रखा है। टटवाल ने निगमायुक्त को पत्र लिख ठेकेदार को राशि भुगतान करने का कहा है जिससे निर्माण पूरा हो सके। इसके लिए उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर लोन लेने का भी कहा है।

सवाल- कब रोशन होगा हितग्राहियों का घर ?

योजना अंतर्गत मंछामन मल्टी में ईडब्ल्यूएस श्रेणी की आवासीय इकाइयों के कुल 6 ब्लॉक में 288 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें आई और जे ब्लॉक का काम 95 प्रतिशत वहीं सी और डी ब्लॉक का कार्य 10 प्रतिशत तक व जी और एच का कार्य भी प्रचलित है। निर्माण पूरा नहीं होने के कारण हितग्राहियों को फ्लेट का आवंटन नहीं हो सका है। 7-8 वर्षों से हितग्राही अपने मकान में दीपावली के दीप जलाने का सपना देख रहे हैं लेकिन इस बार सपना पूरा होने की उम्मीद न के बराबर है।

योजना के तहत 1.20 लाख की वित्तीय सहायता दी जाती है

क्या है पीएम आवास योजना

बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। इस योजना के अंतर्गत देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बुनियादी सुविधाओं (पानी, बिजली और शौचालय) से युक्त पक्का मकान उपलब्ध कराना है। इस योजना को जून 2015 में शुरू किया गया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबों को आवास प्रदान करना है। योजना के तहत 1.20 लाख और पहाड़ी व कठिन क्षेत्रों में 1.30 लाख की वित्तीय सहायता दी जाती है।

पेयजल शिकायतों का करें त्वरित निराकरण

संपत्तिकर एवं जलकर वसूली में तेजी लाने के दिए दिशा निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह एवं उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ संपत्तिकर, जलकर वसूली एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने, पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने तथा नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। आपने कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है। पीएचई विभाग के अधिकारी, उपयंत्री एवं टंकी प्रभारी नियमित रूप से फील्ड में भ्रमण करें तथा पेयजल लाइनों में होने वाले लीकेज को चिन्हित कर तत्काल संधारण कार्य करवाएं। पानी के अपव्यय को हरसंभव रोकने के प्रयास किए जाएं। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों का भी संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने तथा अवैध नल कनेक्शनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान संपत्तिकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बड़े बकायेदारों को लगातार चिन्हित करते हुए उनसे संपर्क करें और बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करें। संपत्तिकर वसूली का प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही व्यावसायिक संपत्तियों से शत-प्रतिशत संपत्तिकर वसूलने पर विशेष ध्यान दिया जाए ऐसी आवासीय संपत्तियां, जिनका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

न्यूज कालम



आबकारी टीम ने अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय करते एक आरोपी को किया गिरफ्तार

खरगोन। कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद के आदेश पर सहायक आयुक्त आबकारी श्री बृजेन्द्र कोरी के निदेर्शानुसार तथा नियंत्रण कक्ष प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में वृत्त भीकनगांव के आबकारी दल द्वारा आज दिनांक 27 अक्टूबर को ग्राम निलीखली से अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय की विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के किराना दुकान समक्ष पंचान विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी लक्ष्मण रावत पिता जगदीश उम्र 21 से कुल 57.45 बल्क लीटर देशी प्लेन, देशी संतरा महाराष्ट्र निर्मित बियर व हाथ भट्टी मदिरा बरामदगी पर *वृत्त प्रभारी सार्थक वर्मा ,आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क व 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। कार्यवाही में जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 13,455 रुपए है ! उक्त कार्रवाई में मुख्य आरक्षक श्री राधेश्याम मंडलोई आरक्षक श्री रमेश मोरे, ऋषिकेश मालवीय का सराहनीय योगदान रहा।

सावित्री ठाकुर के प्रयासों से धार में महिला सुरक्षा के सात प्रमुख घटकों को मिली मंजूरी



धार। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं धार-महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर के प्रयासों से धार जिले में निर्भया प्रोजेक्ट के माध्यम से महिला सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। परियोजना के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण विकसित करने, सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी बढ़ाने तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सात प्रमुख घटकों की मंजूरी प्रदान की गई है। श्रीमती ठाकुर महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को अपनी प्राथमिकताओं में प्रमुख स्थान देती रही हैं। उनके प्रयासों से धार जिले में महिलाओं की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक, बेहतर पुलिस व्यवस्था और महिला-अनुकूल सार्वजनिक सुविधाओं को विकसित करने की दिशा में पहल की जा रही है। यह कदम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति के सम्मान एवं सशक्तीकरण और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में महिला कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों के अनुरूप है।

युवा संगम मेले का आयोजन हुआ, 23 युवाओं का प्रारंभिक चयन



आलीराजपुर। मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), आलीराजपुर में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 4 कंपनियों ने सहभागिता की। मेले में कुल 70 युवा उपस्थित हुए, जिनमें से 23 युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में श्रम विभाग के श्री एम.एल. व्यास ने विभागीय योजना कॉल करिजार के संबंध में जानकारी दी। वहीं, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग के प्रबंधक श्री रोहित भिण्डे ने युवाओं को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

करवा चौथ पर आज महिलाओं को नि:शुल्क बांटी जाएगी सुहाग सामग्री

सनावद। करवा चौथ के अवसर पर लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता भागचंद जैन द्वारा 29 अक्टूबर को दोपहर 1.30 से शाम 4 बजे तक जैन कॉलोनी में सुहागन महिलाओं को निःशुल्क सुहाग सामग्री वितरित की जाएगी। ला. जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार सर्वसमाज की महिलाओं को चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर और रंगीन मिट्टी के करवे सहित सुहाग सामग्री प्रदान की जाएगी। उन्होंने सर्वसमाज की महिलाओं से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर कुएं में मिला युवक का शव, दो दिन से था लापता

सनावद। इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर प्रजापति ढाबे के सामने स्थित जैन मंदिर के पीछे कुएं में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सनावद निवासी इमरान अली (35), पिता हिफाजत अली, निवासी भील मोहल्ला के रूप में हुई है। मोरटक्का चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लखन सिंह डावर ने बताया कि मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने कुएं में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए मांधाता सिविल अस्पताल भेजा। परिजनों के अनुसार इमरान अली पिछले दो दिनों से लापता था। वह घर से अपना मोबाइल और अन्य सामान छोड़कर चला गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

करवा चौथ पर महिलाओं को वितरित की जाएगी अभिमंत्रित हल्दी

सनावद। संकष्टी चतुर्थी एवं करवा चौथ के पावन अवसर पर 29 अक्टूबर, गुरुवार को श्री सिद्ध शनि गजानन शक्ति पीठ, सनावद में श्री उच्छिष्ट महागणपति के दर्शन होंगे। दर्शन का समय प्रातः 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं के सौभाग्यवर्धन एवं सुखमय दांपत्य जीवन की मंगलकामना के साथ अभिमंत्रित हल्दी तथा भगवान को अर्पित हल्दी का वितरण किया जाएगा। पूजन-अर्चन के मुख्य यजमान इंदौर निवासी आशुतोष विष्णु कांत वर्मा रहेंगे। पीठ की ओर से श्रद्धालुओं से विशेष आग्रह किया है कि वे गुड़ के लड्डू व पान का सेवन करते हुए भगवान के दर्शन करें।

पुलिस विभाग के एमओयू के तत्वावधान मे
एक दिवसीय जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद का कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, क्रांतिकारी शहीद छितूसिंह किराड़ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आलीराजपुर में उच्च शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश पुलिस विभाग के एमओयू के तत्वावधान मे एक दिवसीय जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मीना सोलंकी ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ ने समाज में सामाजिक समरसता एवं सुरक्षा की भावना स्थापित करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी क्रम में कोतवाली थाना प्रभारी सोनू शितोले ने आपराधिक न्याय व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। विजय कुमार देवड़ा ने सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति एवं हिंसा निवारण के विषय में जानकारी दी।

मनोरमा सिसोदिया ने समावेशी समाज के निर्माण तथा महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। निरीक्षक एवं रेडियो प्रभारी लोकेश गहलोत ने पुलिस की आपातकालीन सेवाओं एवं आपदा प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान की। प्रधान आरक्षक दिलीप चौहान ने साइबर सुरक्षा, डिजिटल नागरिकता तथा इंटरनेट के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया।

डॉ. एल.एस. निंगवाल ने जिम्मेदार नागरिक के रूप में भविष्य की दिशा चुनने, सामाजिक सद्भाव बनाए रखने तथा च्वसुधैव कुटुम्बकम्ज् की भावना को आत्मसात करने पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय युवा पीढ़ी को सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक सहभागिता के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सीताराम गोले ने भारतीय संविधान, नागरिक अधिकारों तथा कानून की बुनियादी अवधारणाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कनेश, डॉ. कलम चौहान, प्रो. ममता कनेश, प्रो. इंगला लोहारिया, प्रो. कैलाश सोलंकी, प्रो. भावसिंह डावर, प्रो. सिकदारसिंह कलेश, डॉ. विशाल देवड़ा एवं डॉ. जुनेद खत्री सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

इंदौर की स्पेशल कैबिनेट मीटिंग में लायंस क्लब स्नेह की प्रभावी सहभागिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 त्र-1 की ओर से इंदौर में आयोजित स्पेशल कैबिनेट मीटिंग में लायंस क्लब सनावद स्नेह के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में आगामी सेवा गतिविधियों, संगठनात्मक कार्य क्रमों की तैयारियों तथा सामाजिक सेवा कार्यों को प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में लायंस इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी ला. कुलभूषण मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. राम जाट, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. डॉ. राजेंद्र सोडानी, मल्टीपल सेक्रेटरी ला. अनिल खंडेलवाल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी ला. रवि बोथरा, डिस्ट्रिक्ट सीईओ एनके मेहता, डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर ला. श्रवण त्रिपाठी, पूर्व गवर्नर रश्मि गुप्ता एवं पूर्व गवर्नर साधना सोडाणी सहित डिस्ट्रिक्ट के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

लायंस क्लब सनावद स्नेह की ओर से अध्यक्ष ला. भागचंद जैन, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता जैन, डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर ला. जयप्रकाश चौहान, ला. प्रियंका गुजराती, ला. विजय अग्रवाल, रजनीश जैन एवं जाकिर हुसैन ने सहभागिता की।

बैठक में सेवा कार्यों के विस्तार, सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय, नेतृत्व क्षमता के विकास और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। क्लब सदस्यों ने बैठक को संगठनात्मक एकजुटता मजबूत करने तथा समाजसेवा के संकल्प को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण अवसर बताया।

चाकूबाजी के 10 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार ने जताई नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुवासरा



सुवासरा कस्बे के रुनिजा रोड स्थित पावर हाउस के पास बंजारा समाज के दो पक्षों के बीच हुई चाकूबाजी की घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस कार्रवाई में देरी को लेकर नाराजगी जताई है। बुधवार सुबह पीड़ित परिवार और समाजजन सुवासरा पुलिस थाने पहुंचे तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके मकान तोड़ने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विगत दिनों रुनिजा रोड स्थित पावर हाउस के पास विक्रम बागाड़ा पर विक्रम बंजारा और उसके पुत्र द्वारा चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का आरोप है। घटना के बाद बंजारा समाज में आक्रोश फैल गया था। इसके चलते रुनिजा रोड पर चक्काजाम किया गया। अगले दिन मंदसौर रोड पर पेट्रोल पंप चौराहे पर भी करीब डेढ़ घंटे तक चक्काजाम रहा। अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया था। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के बाद से लगातार पुलिस अधिकारियों को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की जा रही है, लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से परिवार में नाराजगी है। घायल विक्रम बागाड़ा के काका भीमा बागाड़ा ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो परिवार और समाजजन दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। चक्काजाम करने वालों पर भी दर्ज हुआ प्रकरण

पुलिस ने चक्काजाम करने, आम रास्ता रोकने और एंबुलेंस का रास्ता बाधित करने के मामले में करीब 30 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि फोटोग्राफी के आधार पर संबंधित लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतामऊ दिनेश प्रजापति ने बताया कि मामला गंभीर है। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की हैं। एक आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि आम रास्ता रोकना और चक्काजाम करना कानूनन अपराध है।



एनएफआर ने पुराने अमिनगाँव हेरिटेज स्टेशन पर पारंपरिक खेल केंद्र का उद्घाटन किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने 27 अक्टूबर, को पुराने अमिनगाँव रेलवे स्टेशन विरासतस्थल पर एक पारंपरिक खेल केंद्र का उद्घाटन किया। एनएफरेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एनएफ आरएसए) के सौजन्य से विकसित यह अपनी तरह की पहली सुविधा है, जो एक ऐतिहासिक रेलवे प्लेटफॉर्म को पारंपरिक खेलों के लिए एक समर्पित केंद्र में बदल देती है। यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकास' और 'विरासत' को साथ लेकर चलने के विजन को दर्शाता है। केंद्र सरकार असम और पूर्वोत्तर के पारंपरिक खेलों जैसे धोपखेल, तांग-गुटी, पेंग खेल, कोरी-खेल, रोशी-ताना, मणिपुर के मुकना और युबी लाकपीतथा मिजोरम का इनसुकनावम शामिल हैं। इस क्षेत्र के विभिन्न समुदायों से जुड़े ये खेल शारीरिक फुर्ती, आपसी जुड़ाव और जीवन-रक्षा कौशल का प्रतीक हैं। हालाँकि, आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण और मुख्य धारा के व्यावसायिक खेलों के बढ़ते दबदबे के कारण, इन खेलों में भाग लेने वालों की संख्या कम होती जा रही है। एनएफआरएसएकी योजना इस केंद्र में पारंपरिक खेल गतिविधियां आयोजित करने और पारंपरिक खेलों को संरक्षित करने के लिए काम कर रहे संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करने की है। इस केंद्र का उद्देश्य इन खेलों के पुनरुद्धार के लिए एक समर्पित स्थान उपलब्ध कराना है।

एसपी ने जन सुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं

बड़वानी। आम नागरिकों की समस्याओं का सीधे संवाद के माध्यम से त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निराकरण करने की प्रतिबद्धता के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय बड़वानी में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर आवेदकों की समस्याएं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जमीनी विवाद, लड़ाई-झगड़े, आपसी लेनदेन, महिला संबंधी एवं पारिवारिक विवादों से संबंधित कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने तथा शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण-कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

नवागत कलेक्टर विवेक कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदानी अमले को सक्रिय करते हुए नियमित रूप से फील्ड भ्रमण एवं निरीक्षण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान प्राप्त निष्कर्षों एवं निरीक्षण रिपोर्ट को परख एप पर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए उनका शीघ्र एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकता का विषय है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निराकरण में गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

कलेक्टर ने बैठक में स्वरोजगार योजनाओं सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से विभागवार प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समय-सीमा में प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में समग्र ई-केवाईसी, राजस्व वसूली, न्यायालयीन प्रकरणों एवं विभागीय जांच से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। शासन के महत्वपूर्ण जन-विश्वास अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें ।



जिला चिकित्सालय को मिली 2डी इकोकार्डियोग्राफी मशीन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के प्रयासों से शासकीय जिला चिकित्सालय बुरहानपुर को २-डी इको कार्डियोग्राफी मशीन प्राप्त हुई है। इसके साथ ही जिला चिकित्सा लय में हृदय की महत्वपूर्ण जांच की सुविधा प्रारंभ हो गई है। सुविधा के पहले ही दिन छह मरीजों की जांच की गई। अब जिले के मरीजों को इस जांच के लिए इंदौर व निजी चिकित्सालयों पर निर्भरता कम होगी और स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा मिल सकेगी।जिला चिकित्सालय में इस जांच का संचालन एम.डी. मेडिसिन विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा। इस सुविधा से मरीजों एवं उनके परिजनों को बाहर जाकर जांच कराने में लगने वाले अतिरिक्त खर्च, आवागमन की परेशानी और समय की बचत के रूप में राहत मिलेगी। 2-डी इकोकार्डियोग्राफी हृदय का अल्ट्रासाउंड है। डॉप्लर तकनीक की सहायता से इस जांच में हृदय के चारों कक्षों की स्थिति, रक्त पंप करने की क्षमता, हृदय के वाल्व में संकरापन या रिसाव, हृदय की मांसपेशियों की मोटाई एवं गति तथा हृदय के आसपास तरल जमा होने जैसी स्थितियों का आंकलन किया जाता है। यह जांच हृदयाघात से हुई क्षति के संकेतों तथा फेफड़ों की ओर रक्त ले जाने वाली धमनी में दबाव का अनुमान लगाने में भी सहायक होती है।

पुलिस अधीक्षक ने थाना पानसेमल का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

पानसेमल/बड़वानी। जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर को थाना पानसेमल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना भवन, पुलिस आवासीय भवन, मालखाना, शस्त्रागार एवं मीटिंग हॉल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही, थाने के विभिन्न अभिलेखों एवं महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन कर उनके सुव्यवस्थित संधारण एवं अद्यतन रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा थाना परिसर एवं अन्य व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना स्टाफ से चर्चा कर उनकी कार्यप्रणाली एवं कार्य संबंधी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई तथा उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ करने तथा आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण का उद्देश्य थाना स्तर की व्यवस्थाओं का जायजा लेना, अभिलेखों का उचित संधारण सुनिश्चित करना, पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना तथा पुलिसकर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना रहा।

जन सूचना

तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त पश्चिम परिमण्डल मुम्बई द्वारा निरीक्षण

रेल प्रशासन द्वारा तीही धार रेलखंड के कमीशनिंग के संबंध में, तिही-धार के बीच रेलवे लाइन पर **दिनांक 30.10.2026 से 06.11.2026 तक प्रातः 08:00 बजे से शाम 09:00 बजे के बीच** तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन का निरीक्षण एवं 130 किमी प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल किया जायेगा।

अतः सर्वसाधारण जनता से अनुरोध है कि वे **दिनांक 30/10/2026 से 06/11/2026 को प्रातः 08:00 बजे से शाम 09:00 बजे के बीच** तीही और धार के मध्य नई बड़ी रेल लाइन के करीब न जावें एवं समय नियमों का पालन करें जिससे कोई दुर्घटना न हो।

यह सूचना-सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित है।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
0756

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

सूने मकान से चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



सनावद पुलिस ने सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 21 लाख 50 हजार रुपये कीमत के सोने के आभूषण जब्त किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने सनावद और कसरावद क्षेत्र में चोरी की अन्य वारदातों को भी अंजाम देना स्वीकार किया है।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। जांच के दौरान अलीराजपुर और धार जिले के आरोपियों की संलिप्तता के सुराग मिले। इसके बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर चोरी के सोने के आभूषण विधिवत जब्त किए गए। 4 फरवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय, जुनापानी के स्टाफ क्वार्टर में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। अज्ञात बदमाश क्वार्टर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने के आभूषण चुरा ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सनावद में अपराध क्रमांक 43/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए) और 331(4) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।

पुलिस ने सोमला पिता बदन बघेल, रामसिंह पिता कालू अजनार और महेश उर्फ नानका पिता जोहरसिंह बघेल तीनों निवासी जिला अलीराज पुर, तथा अजय पिता कालू और शंकर पिता भांगड़ा , दोनों निवासी ग्राम गोराडिया, थाना टांडा, जिला धार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सोमला, रामसिंह, महेश उर्फ नानका और अजय को पहले गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। वहीं, प्रकरण में फरार शंकर को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पश्चिम रेलवे
WESTERN RAILWAY
विविध कार्य

मंडल रेल प्रबंधक, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल द्वारा
निविदा संख्या: SG_216_2_116_WA_PH33 दिनांक 22.10.2026 आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नाम: पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के बिलीमोरा एवं भिलाड़ स्टेशनों पर आउटडोर सिग्नलिंग गियर्स के प्रतिस्थापन (Replacement) के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आंशिक आपूर्ति, संस्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य।
कार्य की अनुमानित लागत: रु. 3,02,98,338.03/-
ई.एम.डी. (EMD): रु. 6,06,000.00/-
निविदा प्रस्तुत करने की तिथि और समय: 18.11.2026 को 15:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि और समय: 18.11.2026 को विस्तृत विवरण के लिए, कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। 0740

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे WESTERN RAILWAY
सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा संख्या S/64/2026 दिनांक 22.10.2026

क्र. सं.	निविदा संख्या	सामग्री का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	खुलने की तिथि
506	06261241A	लो मेंटेनेंस लेड एसिड	393 नग	10-Dec-2026
507	10265051	कॉपर कंडक्टर सिंगल कोर साइज़: 120 वर्ग मिमी के साथ थिन वॉल्ड इलेक्ट्रॉन बीम इरेडिएटेड/केमिकली क्रॉस्ड लिंक्ड फ्लेक्सिबल इलास्टोमेरिक केबल	35424 मीटर	03-Dec-2026
508	10265075	कॉपर कंडक्टर सिंगल कोर साइज़: 180 वर्ग मिमी के साथ थिन वॉल्ड इलेक्ट्रॉन बीम केबल	32000 मीटर	25-Nov-2026
509	26265639	पीएससी स्लीपर्स बीजी पर 60 किग्रा रनिंग रेल और 52 किग्रा चेक रेल के लिए लेवल क्रॉसिंग के लिए फिटिंग की आपूर्ति के लिए एक वर्ष का वार्षिक अनुबंध RDSD DRG No. T-8983 Alt. 1 के अनुसार	3200 सेट	20-Nov-2026
510	22265044	2X500KVA आईजीबीटी (IGBT) आधारित होटल लोड कनवर्टर	1 सेट	17-Nov-2026
511	10265074	कॉपर कंडक्टर सिंगल, साइज़ 10 वर्ग मिमी के साथ थिन वॉल्ड इलेक्ट्रॉन बीम इरेडिएटेड फ्लेक्सिबल इलास्टोमेरिक केबल	48000 मीटर	16-Nov-2026
512	4261795	रेफ्रिजरेंट गैस R-407C	11746 किग्रा	16-Nov-2026

विस्तृत निविदा नोटिस, ईएमडी (EMD), खरीद प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं। 0737

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

रेलवे स्टेशन पर दो बच्चों के साथ मिली लापता महिला

उज्जैन। रेलवे स्टेशन पर दो बच्चों के साथ घूम रही महिला को जब जीआरपी ने रोक कर पूछताछ की और महिला के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह भोपाल की रहने वाली है और पिछले डेढ़ साल से घर से लापता थी जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी भोपाल थाने में दर्ज थी जीआरपी ने उसके परिजनों से संपर्क कर महिला को दोनों बच्चों के साथ भोपाल पुलिस को सौंप दिया है इसी तरह परिवार से नाराज होकर घर छोड़ने वाली उत्तर प्रदेश व बिहार की तीन लड़कियों को भी जीआरपी ने उनके बारे में भी जानकारी जुटाकर उनके परिजनों तक पहुंचाया है जीआरपी प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर दो बच्चों के साथ एक महिला घूम रही थी जब उसको रोककर उसके बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि महिला भोपाल के शाहजहानाबाद निवासी पूजा उपाध्याय पति जितेंद्र उम्र 30 वर्ष है। जानकारी जुटाने पर पता चला की पूजा पिछले डेढ़ साल से घर छोड़कर आ गई थी जिसकी भोपाल के शाहजहानाबाद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी परिजनों ने दर्ज कराई थी इसी तरह रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रही उत्तर प्रदेश बरेली की एक ओर बिहार की दो लड़कियों से पूछताछ की गई तो पता चला कि वह तीनों परिवार से नाराज होकर घर छोड़कर आ गई थी जीआरपी ने उनके परिजनों से संपर्क किया और परिजनों को बुलाकर लड़कियों को उन्हें सौंपा है।

महाकाल मंदिर के गेट नंबर एक के बाहर अभद्रता

उज्जैन। महाकालेश्वर मंदिर के गेट नंबर एक बाहर फूल प्रसाद वाले ने एक महिला श्रद्धालु के साथ अभद्रता की। जिसकी शिकायत महिला ने महाकाल थाने में की है साथ ही सबूत के तौर पर महिला ने घटना का एक वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया है फरियादी पुष्पा सोनी के अनुसार वह बुधवार सुबह महाकाल मंदिर के गेट नंबर एक के सामने से निकल रही थी इसी दौरान फूल प्रसाद की दुकान लगाने वाले एक शख्स ने उसके साथ अभद्रता की ओर जब महिला ने इसका विरोध किया तो वह महिला से गाली गलौज करते हुए धमकी देने पर उतारू हो गया। महिला ने इसकी शिकायत महाकाल थाने में की है तथा महिला ने पुलिस को एक वीडियो भी सौंपा है जिसमें पूरी घटना कैद है महिला की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है श्रद्धालु पुष्पा सोनी का कहना है कि मंदिर के आसपास फूल प्रसाद की दुकान पर काम करने वाले कुछ लोग रास्ते में खड़े होकर फूल प्रसाद खरीदने के लिए जबरदस्ती पीछे पड़ जाते हैं इससे महिलाओं को आने-जाने में कभी परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिला ने इस व्यवस्था पर भी सवाल उठाए है। पुलिस शिकायत व वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

होटल में खाना बनाने वाला पानी पीते अचानक गिरा, मौत

उज्जैन। इंदौर गेट के पास सरदारपुरा स्थित निराला पंजाब होटल में बुधवार सुबह खाना बनाने वाला रसोईया पानी पीते समय अचानक गश खाकर जमीन पर गिर गया जिसे होटल संचालक तत्काल चरक अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। होटल संचालक ने बताया कि डबल चौकी जिला देवास निवासी मुन्ना लाल उम्र 45 वर्ष पिछले 35 साल से निराला पंजाब होटल में खाना बनाने का कार्य करता था। मुन्ना रोज की तरह बुधवार सुबह भी होटल पर पहुंचा था जब वह गिलास से पानी पी रहा था तभी अचानक गश खाकर नीचे जमीन पर गिर गया जिसे तत्काल होटल मालिक व अन्य कर्मचारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। होटल संचालक ने मुन्नालाल के परिजनों को सूचना दी है। डॉक्टरों ने शुरुआती लक्षण हार्ट अटैक के बताए हैं तथा मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट होगा।

तीन निरीक्षको को लाईन से थाना प्रभारी बनाया

उज्जैन। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बुधवार को कार्य व्यवस्था की दृष्टि से रक्षित केंद्र से तीन निरीक्षकों को थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इनके साथ ही एक कार्यवाहक निरीक्षक के थाना क्षेत्र में बदलाव किया गया है और एक को रक्षित केंद्र उज्जैन से थाना प्रभारी बनाया गया है।तीन उप निरीक्षकों को भी थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश में कार्यवाहक निरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह परिहार थाना प्रभारी देवासगेट से बडनगर भेजा गया है। उनके स्थान पर कार्यवाहक निरीक्षक ज्योति दीखित को रक्षित केंद्र से भेजा गया है। निरीक्षक प्रज्ञा शर्मा को लाईन से थाना कायथा, आनंद भाभौर को थाना महिदपुर रोड,राकेश भारती को थाना नागझिरी का प्रभारी बनाया गया है। थाना तराना से थाना प्रभारी माकडौन बनाया गया है।

दिन	178-6	130-4
मेन बाजार	266-4	456-5
कल्याण नाइट	269-7	167-4
मिलन डे	458-7	440-8
मिलन नाइट	118-0	899-6
मधुर डे	339-5	145-0
मधुर नाइट	150-6	134-8
शुभांक	6 5	3

गरोठ रोड़ पर एमडी ड्रग्स के साथ पकडाया तस्कर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने कार्मल कान्वेंट स्कूल के पास चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा उससे पुलिस पूछताछ कर रही है। चिमनगंज मंडी थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि गरोठ रोड पर कार्मल कान्वेंट स्कूल के पास मंगलवार रात पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया था इसी दौरान एक बाइक सवार को रोक कर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। आरोपी को पकड़कर पुलिस थाने लेकर आई पुलिस की पूछताछ में आरोपी का नाम राकेश हिलोरिया निवासी ग्राम महुआ थाना सीतामऊ जिला मंदसौर पता चला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है तथा उससे पूछताछ की जा रही है। जप्त ड्रग्स की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है। विवो कंपनी का मोबाइल भी जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान राकेश पिता गोवर्धन हिलोरिया (42 वर्ष), निवासी ग्राम महुआ, थाना सीतामऊ, जिला मंदसौर, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 20 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक विवो ड्ब्ल29 5त्त मोबाइल फोन जब्त किया।पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई को ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियोग्राफी कराते हुए विधिवत सीलबंद किया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, उप निरीक्षक दिनेश भाट, सहायक उप निरीक्षक दिनेश सारोठिया, आरक्षक नरेंद्र पाटीदार, आरक्षक आनंद मिश्रा एवं आरक्षक जगदीश गेहलोत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उज्जैन पुलिस की अपील

उज्जैन पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशा समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। अवैध मादक पदार्थों के कारोबार या नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

साइबर सुरक्षा से लेकर महिला संरक्षण तक, दी जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन पुलिस एवं उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पुलिस सामुदायिक भवन, डीआरपी लाइन, देवास रोड पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा और एएसपी मनस्वी शर्मा (आईपीएस) ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को कानून के प्रति जागरूक करना, अपराधों की रोकथाम में उनकी भागीदारी बढ़ाना और पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था।

10 विषयों पर हुए जागरूकता सत्र

कार्यशाला में संविधान एवं नागरिक अधिकार, आपराधिक न्याय व्यवस्था, मानवाधिकार, महिला एवं बाल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, हिंसा की रोकथाम, आपदा प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य सहित 10 विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा सिद्दीकी ने संविधान एवं नागरिक कर्तव्यों की जानकारी दी। निरीक्षक राकेश भारती ने आपराधिक न्याय व्यवस्था, जबकि निरीक्षक ज्योति दिखित ने महिला एवं बाल सुरक्षा तथा मानवाधिकारों के बारे में बताया। साइबर सुरक्षा सत्र में एएसपी मनस्वी शर्मा ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक किया। सूबेदार सुभाष सतपाड़िया ने यातायात नियमों, नशे के दुष्प्रभावों और हिंसा की रोकथाम की जानकारी दी। डॉ. आयुषी सूर्यवंशी ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और कठिन परिस्थितियों में सहायता लेने के महत्व को समझाया। अन्य सत्रों में आपदा प्रबंधन, पुलिस सहायता व्यवस्था और जिम्मेदार नागरिक बनने पर चर्चा हुई। परिचित कार्यशाला के बाद विद्यार्थियों को पुलिस थानों का भ्रमण कराया गया।

25.2 बल्क लीटर मदिरा और 30 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त

उज्जैन। जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की। विभाग की टीमों ने कुल 16 प्रकरण दर्ज कर 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान 25.2 बल्क लीटर मदिरा और 30 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 14,340 रुपये बताई गई है। एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और आबकारी उप आयुक्त हर्षवर्धन राय के आदेश पर सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देशन तथा कंट्रोलर मुकेश रंधा के नेतृत्व में अलग-अलग आबकारी टीमों ने यह कार्रवाई की। विभाग ने मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत 16 प्रकरण दर्ज किए। इनमें धारा 34(1) के तहत 13, धारा 36 के तहत दो और धारा 49(क)(1) के तहत एक प्रकरण शामिल है।

खाचरौद में चार प्रकरण दर्ज

खाचरौद क्षेत्र में आबकारी दल ने चार प्रकरण दर्ज किए। ग्राम बिलवानिया में नरबदा पति बाबू चंद्रवंशी से 12 पाव प्लेन मदिरा, ग्राम नरसिंहगढ़ में सोहन पिता गेंदालाल से 15 पाव देसी मसाला मदिरा, खेड़ावदा में अजय पिता गोवर्धन से 14 पाव देसी मदिरा और ग्राम लुहारी में कैलाश पिता गिरधारी से 12 पाव देसी मदिरा जब्त की गई। इसके अलावा ग्राम बटलावदी और लुसडावन में 10 स्थानों पर तलाशी ली गई।कचनारिया, मुंजाखेड़ी और गावड़ी में कार्रवाई आंतरिक उज्जैन की टीम ने ग्राम कचनारिया, मुंजाखेड़ी और गावड़ी में कार्रवाई करते हुए धारा 34(1) के तहत चार प्रकरण दर्ज किए। इस दौरान 48 पाव देसी मदिरा और चार पाव मसाला मदिरा जब्त की गई।

तराना में 30 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद

तराना वृत्त की टीम ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) और 49(क) के तहत कार्रवाई की। इस दौरान महिला आरोपी राधाबाई पति मुकेश गोरसिया से 30 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

बड़नगर में पांच प्रकरण दर्ज

बड़नगर वृत्त में आबकारी दल ने कुल पांच प्रकरण दर्ज किए। बड़नगर %अ% क्षेत्र में खरसोदखुर्द से श्यामू बाई पति मनोहर सिंह के पास से हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। वहीं, लक्की दा ढाबा से धर्मेंद्र सिंह पिता नागु सिंह के पास से तीन पाव प्लेन देसी मदिरा और शंभूलाल पिता रामलाल से 150 मिलीलीटर प्लेन देसी मदिरा जब्त की गई। बड़नगर ब क्षेत्र में रणवा, इंगोरिया से अशोक पिता धन्नालाल के पास से 10 पाव और धर्मेंद्र पिता शंभूलाल के पास से 11 पाव प्लेन देसी मदिरा जब्त की गई। महिदपुर वृत्त की टीम ने धारा 34(1)(क) के तहत एक प्रकरण दर्ज किया। इस दौरान रवि पिता ईश्वरलाल से 11 पाव देसी मदिरा जब्त की गई।

होटल-ढाबों की जांच, 79 वाहन चेक किए आबकारी विभाग की टीमों ने देर रात तक होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट की जांच की।

इस दौरान 79 वाहनों को रोककर चेक किया गया। इसके अलावा ढाबों पर खड़े ट्रकों की भी आकस्मिक जांच की गई, ताकि अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, परिवहन और संग्रहण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए मुखबिर तंत्र को भी अधिक सक्रिय किया गया है।

पौधे सुखाने में बन रहा रेकार्ड,राजीव गांधी उपवन में सूख रहे पौधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम ने इस वर्ष में 15 लाख पौधे सिंहस्थ क्षेत्र एवं शहर में लगाने का लक्ष्य तय किया था। इस रेकार्ड तोड पौधारोपण का रेकार्ड बनना शेष है लेकिन उससे पहले पौधे सुखाने का रेकार्ड कायम किया जा रहा है। राजीव गांधी उपवन में सूख रहे पौधे तो यही कह रहे हैं। लाखों पौधों को लगाने के लिए बराबर पौधों की आवक भी नगर निगम में हो रही है।

पर्यावरण सुधार की दिशा में नगर निगम ने पहल करते हुए 15 लाख पौधों को रोपने के लिए लक्ष्य लिया था। इसके लिए कई बैठकें आयोजित हुई और उनके साथ ही सामाजिक संस्थाओं,शासकीय विभागों,शैक्षणिक संस्थाओं से पौधारोपण करवाया गया है। सिंहस्थ पूर्व धरा को हरा भरा करने का दावा किया गया है। लेकिन पौधों की आवक एवं उनके रोपण की स्थिति में काफी अंतर सामने आ रहा है उसकी वजह यह है कि रोपण के लिए पौधे लेकर उन्हें लगाया नहीं जा रहा है।

सूख रहे पौधे देखने वाला नहीं-

ईस्कान मंदिर के पीछे राजीव गांधी उपवन है। काफी बेहतर उद्यान है। इसमें पिछले एक माह से सैंकडों पौधे लाकर रखे गए हैं लेकिन इनका रोपण नहीं किया जा रहा है। पानी एवं रोपण के अभाव में ये पौधे अब सूख चुके हैं। रोपण के लिए बडे पैमाने पर पौधों का क्रय किया गया है। इसके बाद भी इस तरह से पौधों को सुखाने की स्थिति बयां कर रही है कि आमजन के धन का दुरूपयोग हो रहा है। इसी प्रकार की स्थिति अन्य कुछ स्थानों पर भी देखी जा रही है।

16 साल से उपेक्षित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क

मनावर। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2010 में निर्मित अजंदा से वायल मार्ग की मरम्मत 16 वर्षों तक नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार वर्तमान ग्राम पंचायत वायल के निरंतर प्रयासों के बाद सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अंतर्गत अजंदा से वायल तक 3.30 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण वर्ष 2010 में लगभग 87 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से किया गया था। नियमानुसार निर्धारित अंतराल पर सड़क की मरम्मत की जानी थी, लेकिन गातापुरा से पाटीदार समाज धर्मशाला तक के हिस्से में लंबे समय तक सीसी रोड की मरम्मत नहीं होने से सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। इससे किसानों, वाहन चालकों और आम ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत वायल के सरपंच भागीराम भाभर, उपसरपंच दिनेश पटेल एवं पंचगण ने लगातार प्रयास किए। पंचायत प्रतिनिधियों ने परियोजना क्रियान्वयन इकाई कुक्षी एवं धार कलेक्टर को आवेदन देकर सड़क की समस्या से अवगत कराया और मरम्मत कार्य करवाने की मांग की। पंचायत के प्रयासों के बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए वायल में गातापुरा से तुलसीराम पटेल के खलियान तक सीसी रोड के मरम्मत एवं निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की। वर्तमान में उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर गूंजा कला घोष

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर स्वर्ण जयंती सभागार में कला घोष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में संगीत, शास्त्रीय नृत्य और लोक कलाओं के अनूठे संगम ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुमधुर संगीत प्रस्तुतियों और भारत रंग यात्रा के साथ हुआ। इसके बाद कलाकारों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले भरतनाट्यम और ऊर्जावान बिहू नृत्य से समां बांध दिया। भगवान शिव को समर्पित भव्य शिव स्तुति की प्रस्तुति ने समूचे सभागार को दिव्य वातावरण से भर दिया। सांस्कृतिक संध्या में डॉ. पलक पटवर्धन के निर्देशन में मालवा का प्रसिद्ध लोकनृत्य %संजा% प्रस्तुत किया गया, जिसने स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। वहीं, डॉ. सतीश दवे के निर्देशन में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और इतिहास पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसकी दर्शकों ने भरपूर सराहना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित कार्यपरिषद सदस्य राजेश कुशवाहा ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और यह हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत रखते हैं। कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय कला, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

देवास एसपी गेहलोद ने खूद की आहुति देकर उठा दिया पर्दा एक विश्लेषण.....

प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग ढ़ांकने में लगा रहा

कभी कलेक्टर रहकर और अब मुख्य सचिव के पद से किया क्लीनिंग

देवास। देवास में जहरीली शराब से हुई मौतों का मामला उलझ रहा था। ऐसे में मानवीय संवेदनाओं से भरे हुए एसपी पुनीत गेहलोद ने खुद की आहुति देकर इस पूरे मामले से पर्दा उठाने में देर नहीं की। उन्होंने गलतियों को दोहराने की बजाय सही किया । इसकी अपेक्षा प्रशासनिक स्तर पर एक के बाद एक झूठ से मामला बराबर उलझ रहा था। यहां तक की प्रशासनिक दबाव में चिकित्सा विभाग पोस्टमार्टम की प्रारंभिक स्थिति और संभावनाओ को भी छुपाने में लग गया था। पर्दा उठते ही कालांतर में कलेक्टर रहकर और अब मुख्य सचिव के पद से एक बार फिर से अशोक वर्णवाल ने क्लीनिंग किया है। इस पूरे मुद्दे पर प्रशासनिक एवं पुलिस क्षेत्र के विश्लेषकों का घटनाक्रम पर पूरा विश्लेषण।

देवास जिला मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर चंदाना ग्राम पंचायत के ग्राम चंदाना एवं बिंजाना में अक्टूबर माह के प्रारंभिक सप्ताह से होने वाली जवान मौते शंका की स्थिति में हैं। इनमें से कुछ की आंखों की रोशनी प्रभावित हुई हैं तो कुछ अन्य तरीके से । 15 एवं 18 अक्टूबर को दो जवान मौतों के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम करवाया था। परिजनों ने शराब पर इसमें शंका जताई थी। इसके बाद भी प्रशासनिक एवं आबकारी अधिकारी इस बात को सिरे से नकारते रहे और मामला तूल पकडता गया। इसी के चलते मामला इतना बढ गया अन्यथा प्रारंभिक सूचना पर ही इसे मान लिया जाता तो अन्य लोगो को भी प्रभावित होने से रोका जा सकता था।

प्रशासनिक एवं पुलिस क्षेत्र के विश्लेषक एवं सूत्रों का कहना है कि ऐसे मामलों में अमूमन शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं संभावनाओं से चिकित्सक अवगत करवा देते हैं लेकिन इस मामले में बिसरा जांच के लिए दे दिया गया था। इस बीच प्रशासनिक स्तर पर पूरे मामले को दबाने के लिए कवायद शुरू हो जाती है। प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले का झूठलाने के लिए पूरे तंत्र का उपयोग करते हैं। यहां तक की मामले को भ्रामक,असत्य एवं अफवाह करार दिया जाता है और मौतों को प्राकृतिक बताया जाता है।

प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग संदिग्ध भूमिका में- चंदाना एवं बिंजाना में हुई मौतों के मामले में प्रशासनिक स्तर पर सिरे से ही इसे भ्रामक करार दे दिया गया था। चिकित्सा विभाग के जिम्मेदार पोस्टमार्टम की शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं संभावनाओं को भी छुपाते रहे। मामले को भ्रामक करार देने के लिए प्रशासन के पक्ष में जनसंपर्क विभाग ने बगैर पडताल के ही मौतों पर दावा और सच का बगैर आधार समाचार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से बनाया और इस पर प्रदर्शन को बहुप्रसारित कर आपराधियों को सिरे से ही संरक्षण देने जैसा काम किया। आबकारी विभाग पूरे मामले में मात्र दर्शक बन कर हालातों के आधार पर ठेकेदारों के बीच बैठे विभिषणों को भी पहचानने की बजाय प्रशासनिक स्तर के झूठ को वायरल करने में लगा रहा।

गेहलोद की इच्छा शक्ति से उठा पर्दा- विश्लेषक सूत्रों का कहना है कि चंदाना एवं बिंजाना में जहरीली शराब के मामले को लेकर पुलिस का बडा फेलिवर असूचना संकलन का इसमें रहा । इसके बावजूद एसपी पुनीत गेहलोद ने दोनों मर्ग मामले में आंशिक स्तर पर सामने आई सच्चाई को भी तत्काल ही परख लिया । उन्होंने अपनी पुलिस को तत्काल ही पुरे मामले से पर्दा उठाने के लिए निर्देश दिए । इसी के चलते रविवार रात को 10 अवैध शराब विक्रेता तत्काल उठाए गए। प्रारंभिक स्तर पर हुई गलती को ढकने की बजाय पुलिस ने पूरे मामले से पर्दा उठाया। ये बात अलग है कि इसमें मानवीय संवेदनाओं से भरपूर एवं उर्जावान अधिकारी पुनीत गेहलोद को अपने पद की आहुति देना पडी।

कभी कलेक्टर और अब सीएस रहते क्लीनिंग- चंदाना मामले की उलझन से संभाग से पहुंची जानकारी के बाद मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल पूरी तरह अपने स्तर पर जानकारी ले रहे थे। संभागायुक्त आशीषसिंह भी देवास कलेक्टर रह चुके हैं और मुख्य सचिव ढाई दशक पूर्व देवास कलेक्टर रहे हैं। दोनों के ही व्यक्तिगत परिचय चंदाना ही नहीं देवास के हर क्षेत्र में आज भी हैं। मुख्य सचिव श्री वर्णवाल कालांतर में करीब 25 वर्ष पूर्व देवास कलेक्टर रहे तब भी उन्होंने एक बडे मसले पर क्लीनिंग की थी। बडा आंदोलन खडा किया गया था। उस दौरान उन्हें जिले के अंचल में कानून व्यवस्था कायम करने एसपी के साथ जाते समय असूचना के आधार पर मार्ग बदलना पडा था। श्री वर्णवाल के कारण ही पश्चिमी मध्यप्रदेश के इस क्षेत्र में शांति है अन्यथा यह क्षेत्र भी नक्सलवाद प्रभावित में माना जाता। कभी नक्सलवाद की जडों को फैलाने के लिए बैतुल से सीधे निमाड और गुजरात को जोडने की कवायद का अंत उन्होंने ही किया था। एक बार फिर से देवास में फैल रहे जहर की नीव पर उन्होंने एक बार फिर से क्लीनिंग किया है। देवास जिला श्री वर्णवाल का पसंदीदा रहा है।

कर्म को साधना बनाएं



मनुष्य जीवन कर्म के बिना संभव नहीं है। सोचना, बोलना, चलना, काम करना और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना, ये सभी कर्म के अलग-अलग रूप हैं, पर क्या कर्म केवल शारीरिक गतिविधियों तक सीमित है? उसका वास्तविक स्वरूप क्या है और उसके पीछे कौन-सी शक्ति काम करती है? कर्म-संन्यास और पराभक्ति का दर्शन इन्हीं प्रश्नों के माध्यम से कर्म के गहरे आध्यात्मिक अर्थ को समझने का अवसर देता है। सामान्य अर्थ में वस्तुओं की स्थिति में होने वाले सापेक्ष परिवर्तन को कर्म कहा जाता है। यह परिवर्तन समय, स्थान और व्यक्ति के संदर्भ में ही संभव है। कोई व्यक्ति एक कार्य से दूसरे कार्य की ओर बढ़ता है या किसी परिस्थिति में बदलाव आता है, तो इन सबके पीछे समय, स्थान और कर्ता की भूमिका होती है। इस प्रकार कर्म का पूरा क्षेत्र इन तीन कारकों से बंधा हुआ है, पर परम-सत्ता इन सीमाओं से परे है। वह परिवर्तनशील संसार की तरह समय, स्थान और व्यक्ति सापेक्ष अस्तित्व नहीं रखती। इसलिए उसके संदर्भ में कर्म को सामान्य गतिविधि के अर्थ में नहीं समझा जा सकता। ह्यसंन्यासह्न शब्द का संबंध सम् या सत् और न्यास से माना गया है। यहां सत् का आशय उस अपरिवर्तनशील सत्ता से है, जो सदा विद्यमान रहती है। इस दृष्टि से संन्यास का अर्थ है, स्वयं को उस शाश्वत सत्ता के साथ एकाकार करना। कर्म-संन्यास को लेकर अलग-अलग धारणाएं हैं। कुछ लोग इसे पूरी तरह कर्म छोड़ देने के अर्थ में लेते हैं। कुछ के अनुसार, इसका आशय किसी कार्य को पूर्णता तक पहुंचाना है। वहीं, एक दृष्टिकोण मानता है कि कर्म के जरिये परम चेतना के साथ एकत्व स्थापित करना ही कर्म-संन्यास का असल अर्थ है। इस विचार के अनुसार, कर्म-संन्यास केवल निष्क्रिय हो जाने या किसी उपलब्धि को हासिल कर लेने का नाम नहीं है। यह चेतना की ऐसी अवस्था है, जिसमें व्यक्ति समय, स्थान और अपने व्यक्तिगत अस्तित्व की सीमाओं से ऊपर उठकर परम-सत्ता से संबंध स्थापित करता है। समय का संबंध शाश्वत सत्ता से, स्थान का संबंध सर्वव्यापक सत्ता से और व्यक्ति का संबंध परम आश्रय से जुड़ता है। इस प्रकार कर्म-संन्यास आध्यात्मिक पूर्णता की अवस्था है। कर्म-संन्यास दर्शन का मूल संदेश यह है कि कर्म को केवल बाहरी गतिविधि तक सीमित करके नहीं देखना चाहिए। जब मनुष्य अपने कार्यों को अहंकार, स्वार्थ और निजी उपलब्धियों से ऊपर उठाकर परम-सत्ता की ओर उन्मुख करता है, तब कर्म उसके लिए आध्यात्मिक साधना का माध्यम बन सकता है। इस प्रकार कर्म-संन्यास का आशय संसार से भागना नहीं, बल्कि कर्म के पीछे छिपे व्यापक सत्य को पहचानना है।

सम्पादकीय

स्थायी सदस्यता

संयुक्त राष्ट्र महासभा में वीटो के सवाल पर आयोजित अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) सत्र को संबोधित करते हुए भारतीय प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने जो कुछ कहा, वह 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं को ध्वनि देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो साल 2020 में ही संयुक्त राष्ट्र में तार्किक सुधारों पर जोर देते हुए कहा था कि आखिर भारत को कब तक निर्णय लेने की व्यवस्था से अलग रखा जाएगा? अब पर्वतनेनी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिना वीटो पावर के स्थायी सदस्यता दोयम दर्जे की नागरिकता सरीखी है और भारत को यह कतई मंजूर नहीं। उनकी दलील बिल्कुल सही है कि सभी स्थायी सदस्यों के पास, चाहे वे पुराने हों या नए, समान अधिकार होने चाहिए। इस समय सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी सदस्यों-अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन को वीटो का अधिकार प्राप्त है और इस शक्ति के कारण ही कोई भी सदस्य देश दूसरे वीटो प्राप्त देश के हितों को सीधे-सीधे चोट पहुंचाने से बचता रहा है। अलबत्ता, ऐतिहासिक तथ्य यह है कि कुछ देशों ने अपने रणनीतिक फायदे के लिए इस शक्ति का बेजा इस्तेमाल किया। वीटो इस्तेमाल की धमकी देकर उन्होंने अपनी बातें मनवाईं। इसलिए पर्वतनेनी ने इन पांचों को सही याद दिलाया कि वीटो का अधिकार एक बड़ी जिम्मेदारी है और संकीर्ण राजनीतिक हित साधने के लिए इसका दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र को वजूद में आए आठ दशक से अधिक समय हो गए और इसमें सुधार की मांग लंबे समय से की जाती रही है। इस मांग के ठोस आधार हैं, क्योंकि इसके सबसे शक्तिशाली अंग सुरक्षा परिषद में यूरोप को अधिक प्रतिनिधित्व हासिल है। स्थायी सदस्यों में इस महाद्वीप से रूस, फ्रांस और ब्रिटेन तीन सदस्य देश हैं, जबकि अफ्रीका और लातिन अफ्रीका का इसमें शून्य प्रतिनिधित्व है। गौरतलब यह भी है कि जब यह संस्था गठित हुई थी, तब महज 51 देशों ने इसके चार्टर को स्वीकार किया था, जबकि आज इसके सदस्य देशों की संख्या 193 हो चुकी है। ऐसे में, इस विशाल संस्था को अधिक लोकतांत्रिक और भौगोलिक रूप से ज्यादा संतुलित बनाए जाने की आवश्यकता है।

सुखी वैवाहिक जीवन का व्रत

करवा चौथः दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा

भारतीय संस्कृति में त्योहारों और व्रतों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल कर्मकांड नहीं हैं बल्कि मानवीय भावनाओं, रिश्तों और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पूर्व प्रारंभ होता है और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात ही पूर्ण माना जाता है। इस पूरे दिन महिलाएं अन्न और जल का एक कण भी ग्रहण नहीं करती हैं। यह कठोर निर्जला व्रत स्त्री की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के साथ ही उसके असीम प्रेम को भी दर्शाता है।



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

इस पावन पर्व की उत्पत्ति और महत्व को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। सबसे प्रसिद्ध कथा वीरावती की है जो सात भाइयों की इकलौती और लाडली बहन थी। विवाह के पश्चात जब उसने अपना पहला करवा चौथ का व्रत रखा तो भूख और प्यास से उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसके भाइयों से अपनी बहन की यह पीड़ा नहीं देखी गई। उन्होंने छल से एक पेड़ के पीछे आग जलाकर अपनी बहन को कृत्रिम चंद्रमा दिखा दिया। वीरावती ने उसे ही वास्तविक चंद्रमा मानकर अपना व्रत खोल लिया। इस भूल के कारण उसके पति की मृत्यु हो गई। जब उसे अपनी गलती और भाइयों के छल का भान हुआ तो उसने अन्न और जल त्याग दिया। वह पूरे एक वर्ष तक अपने पति के मृत शरीर के पास बैठकर विलाप करती रही और कठोर तपस्या की। अगले वर्ष जब पुनः करवा चौथ का दिन आया तो उसने पूर्ण विधि विधान से व्रत रखा। उसकी असीम भक्ति और निष्ठा को देखकर देव प्रसन्न हुए और उन्होंने उसके पति को पुनः जीवित कर दिया। यह कथा हमें सिखाती है कि सच्ची निष्ठा और अटूट संकल्प से कठिन से कठिन परिस्थितियों को भी बदला जा सकता है।

एक अन्य मान्यता के अनुसार इस पर्व का नाम करवा नामक एक अत्यंत पतिव्रता स्त्री के नाम पर पड़ा है। करवा अपने पति के साथ नदी के किनारे रहती थी। एक दिन उसका पति नदी में स्नान करने गया जहां एक विशाल मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़ लिया। पति के पुकारने पर करवा वहां पहुंची और उसने अपने तपोबल और सूत के कच्चे धागे से उस मगरमच्छ को बांध दिया। उसने मृत्यु के देवता यमराज का आह्वान किया और अपने पति के प्राणों की रक्षा की मांग की। यमराज को उस पतिव्रता स्त्री के सतीत्व और दृढ़ संकल्प के आगे झुकना पड़ा। उन्होंने मगरमच्छ को मृत्युदंड दिया और करवा के पति को जीवनदान दिया। इसी मान्यता के आधार पर इस व्रत में मिट्टी के करवे का विशेष महत्व होता है जिसे देवी का स्वरूप माना जाता है।

इस व्रत की शुरूआत अत्यंत पवित्रता के साथ भोर के समय होती है। सूर्योदय से पूर्व तारे निकलते समय महिलाएं उठकर स्नान आदि से निवृत्त होती हैं। इस समय सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी एक प्रकार का आशीर्वाद और प्रेम का प्रतीक है जिसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और सुहाग की सामग्री शामिल होती है। सरगी ग्रहण करने के पश्चात निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। दिनभर महिलाएं घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं लेकिन उनके मन में निरंतर अपने पति के कल्याण और ईश्वर की भक्ति का भाव रहता है। यह समय आत्म संयम का होता है। शारीरिक भूख और प्यास पर विजय प्राप्त कर मन को एकाग्र करना इस व्रत का मुख्य उद्देश्य है। यह केवल एक शारीरिक तप नहीं है बल्कि मानसिक शुद्धता का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है।

भारत की विविधता इसके त्योहारों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यद्यपि करवा चौथ मुख्य रूप से उत्तर भारतीय राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का पर्व है परंतु अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में इस व्रत को मनाने के कुछ अपने स्थानीय रीति रिवाज हैं। पंजाब में भोर के समय सरगी का अत्यधिक महत्व है और वहां की महिलाएं पूरे दिन लोकगीतों के माध्यम से इस उत्सव को मनाती हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मिट्टी के कर-वे को सजाती हैं और समूह में बैठकर कथा वाचन करती हैं। स्थानों और परंपराओं की इस भिन्नता के बीच जो एक बात समान रहती है वह है पति पत्नी के बीच का निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक कल्याण की असीम कामना। यह क्षेत्रीय विविधता इस पर्व की सुंदरता को और भी अधिक बढ़ा देती है जिससे यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक सांस्कृतिक सूत्र बन जाता है।

संध्या का समय इस पर्व में एक नया उल्लास लेकर आता है। महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं। लाल रंग को सुहाग, सौभाग्य और शुभता का प्रतीक माना जाता है इसलिए इस दिन लाल रंग के वस्त्र, चूड़ियां, सिंदूर और मेहंदी का विशेष महत्व होता है। हाथों में रची मेहंदी केवल सौंदर्य का साधन नहीं है बल्कि इसे पति के प्रेम की गहराई का भी सूचक माना जाता है। सज धज कर महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित होती हैं। एक घेरे में बैठकर सभी माता पार्वती, भगवान शिव, श्री गणेश और कार्तिकेय जी की पूजा करती हैं। बीच में मिट्टी का करवा रखा जाता है जिसमें जल और गेहूं के दाने भरे होते हैं। सभी महिलाएं एक दूसरे के साथ अपनी पूजा की थाली बदलती हैं। इस दौरान पारंपरिक लोक गीत गाए जाते हैं और वयोवृद्ध महिलाएं करवा चौथ की पौराणिक कथा सुनाती हैं। यह सामूहिक आयोजन सामाजिक समरसता और पारस्परिकता का एक अत्यंत सुंदर दृश्य प्रस्तुत करता है।

जैसे जैसे रात्रि होती है चंद्रमा की प्रतीक्षा बढ़ने लगती है। हर किसी की दृष्टि आकाश की ओर टिकी होती है। चंद्रमा के उदय होने का क्षण इस व्रत का सबसे भावुक और अलौकिक पल होता है। चंद्रमा को शीतलता, शांति और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। चांद के निकलने पर महिलाएं अपने हाथों में छलनी लेकर छत या आंगन में जाती हैं। इस पर्व में छलनी से चंद्रमा को देखने के पीछे भी एक अत्यंत गहरा दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि छलनी के माध्यम से चंद्रमा की किरणें छनकर आती हैं जिससे उनकी शीतलता और पवित्रता और अधिक बढ़ जाती है। स्त्री जब उस छलनी से अपने पति को देखती है तो वह यह प्रार्थना करती है कि उसके पति के जीवन में भी चंद्रमा के समान शीतलता, शांति और तेज बना रहे।

बंद ताला खाली हाथ

रात के सवा एक बजे जब पूरा शहर गहरी नींद में था, ग्लोबल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की बिलिंग स्क्रीन पर एक लाल बत्ती चुपचाप जल उठी। स्क्रीन पर मरीज आईडी 9084 के नाम पर दो लाख चौदह हजार रुपये का बकाया बोल रहा था और नीचे लिखा था कि मोर्चरी का डिजिटल ताला तब तक नहीं खुलेगा जब तक यह हिसाब चुकता न हो। मजे की बात देखिए, जिस लड़के की सांसें रात नौ बजे ही खत्म हो चुकी थीं, उसका मीटर अस्पताल के कंप्यूटरों में अब भी सरपट भाग रहा था। ग्राउंड फ्लोर के ठंडे मार्बल पर बयालीस साल का मदन अपनी घिसी हुई चप्पलें घसीटते हुए शीशे के काउंटर के सामने खड़ा था। उसका बीस साल का बेटा सूरज, जो डेंगू से जंग हार चुका था, बेसमेंट के डीप फ्रीजर में बंद था। अपना ऑटो रिक्शा गिरवी रखकर और रिश्तेदारों के आगे झोली फैलाकर मदन तीन लाख पहले ही भर चुका था, अब उसके पास सिर्फ एक ही ख्वाहिश बची थी कि सूरज को सुबह होने से पहले घर ले जाकर मुखाग्नि दे सके।

कांच के उस पार बैठे टाई वाले लड़के ने बड़ी सहज मुस्कान के साथ मदन को समझाया कि भावनाएं बहुत अच्छी चीज हैं, पर अस्पताल सिस्टम से चलता है और सिस्टम क्लाउड बेस्ड है। जब तक पेमेंट गेटवे पर हरी बत्ती नहीं जलेगी, बॉडी रिलीज का गेट पास नहीं निकल सकता। मदन ने फटी आंखों से पूछा कि बाबूजी, जो लड़का चार घंटे पहले गुजर गया, उसका यह दो लाख रुपये का बिल किस बात का है? लड़के ने स्क्रीन उसकी तरफ घुमाकर बड़े सलीके से सैनिटाइजेशन, बायो मेडिकल वेस्ट और कोल्ड स्टोरेज के चार्ज गिना दिए। आपने कभी किसी बेबस बाप को अपनी मरी हुई औलाद को छुड़ाने के लिए किसी वातानुकूलित दफ्तर में हाथ जोड़ते देखा है? मदन घुटनों के बल बैठ गया, गिड़गिड़ाने लगा कि साहब मुझे भले बेच दो पर मेरे बच्चे को छोड़ दो, वह अंधेरे से बहुत डरता था।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 29अक्टूबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:25सूर्यास्त 17:45
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्थी01:55 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - रोहिणी15:20 उपरांत मृगशिरा
योग-वरीयान08:12 उपरांत परिघ 05:09 उपरांत शिव
करण - बव
चन्द्रमा - वृषभ में है 02:32 से मिथुन में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 17मास तारिख

मेष- बुद्धिमत्ता से सभी कठिन कार्य निपटेंगे। व्यापारिक सौदों में अच्छा फायदा होगा।

वृषभ- मित्रों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

मिथुन- सेहत उत्तम रहेगी, ताजगी महसूस करेंगे। गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें। करियर में उन्नति के नए अवसर मिलेंगे।

कर्क- आपकी बातचीत से नए ग्राहक जुड़ेंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं।

सिंह- आपकी कार्यशैली की तारीफ होगी। व्यापार में मुनाफा बढ़ने की संभावना है।

कन्या- दांपत्य जीवन में सुख और प्यार रहेगा। आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। शारीरिक ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा।

तुला- प्रभाव और अधिकारों में वृद्धि होगी। साझेदारी के काम में उत्तम लाभ मिलेगा।

वृश्चिक- पारिवारिक रिश्तों में मधुरता आएगी। धन प्राप्ति के योग बने हुए हैं। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फुर्ती रहेगी।

धनु- बौद्धिक कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी। नए व्यावसायिक संपर्कों से लाभ होगा।

मकर- संतान पक्ष से खुशी का समाचार मिलेगा। आय में वृद्धि होने के स्पष्ट संकेत हैं। मानसिक शांति बनी रहेगी। ।

कुंभ- चतुराई से सभी कार्य आसानी से निपटाएंगे। व्यापार में नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर होंगे। मंदिर में हरा कपड़ा दान करें।

मीन- प्रियजनों के साथ खुशनुमा समय बीतेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, ताजगी रहेगी।

करवा चौथ विशेष

बदलते परिवेश में करवा चौथ का महत्व कितना प्रासंगिक?

भारत में करवा चौथ का व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को बड़ी श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना से व्रत रखती हैं। परंपरागत रूप से महिलाएं सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जला व्रत करती हैं। रात्रि में चंद्रमा की पूजा-अर्चना करने के बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया जाता है। करवा चौथ को महिलाओं के कठिन व्रतों में गिना जाता है। आज भी अधिकांश महिलाएं पूरे दिन बिना अन्न जल ग्रहण किए अपने घर-परिवार और नौकरी व्यवसाय से जुड़े दायित्वों का निर्वहन प्रसन्नतापूर्वक करती हैं। यही कारण है कि करवा चौथ को प्रेम, समर्पण, त्याग और विश्वास का पर्व माना जाता है। करवा चौथ केवल भारत तक सीमित नहीं है। नेपाल सहित विश्व के अनेक देशों में जहाँ भारतीय हिंदू समुदाय के लोग निवास करते हैं, वहाँ भी यह पर्व उत्साह और परंपरागत श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भारतीय धार्मिक परंपराओं में इस व्रत का विशेष महत्व है। लोक मान्यताओं और प्रचलित पौराणिक कथाओं में माता पार्वती और भगवान शिव के प्रसंग का उल्लेख मिलता है। महाभारत से जुड़ी मान्यताओं में भी भगवान श्रीकृष्ण के परामर्श पर द्रौपदी द्वारा संकट के समय व्रत करने का प्रसंग बताया जाता है। इन धार्मिक मान्यताओं ने इस पर्व की आस्था और महत्ता को पीढ़ी-दर-पीढ़ी बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

वर्तमान आधुनिक परिवेश में जब जीवनशैली, सामाजिक संबंधों और पारिवारिक व्यवस्थाओं में तेजी से बदलाव आ रहा है, तब तीज त्योहारों और व्रतों के स्वरूप में परिवर्तन होना भी स्वाभाविक है। करवा चौथ मनाने के तौर तरीकों में भी समय के साथ बदलाव आया है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में पति पत्नी दोनों नौकरी और व्यवसाय में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में महिलाओं से यह अपेक्षा करना कि वे अपनी तमाम जिम्मेदारियों के बीच पूरे दिन निर्जला व्रत रखें, कई परिस्थितियों में कठिन हो सकता है। इसके बावजूद अनेक महिलाएं अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच इस परंपरा का निर्वहन करती हैं। यह अपने जीवनसाथी के प्रति उनके प्रेम, समर्पण और भावनात्मक जुड़ाव का परिचायक है। लेकिन यह भी समझना होगा कि किसी रिश्ते की मजबूती केवल व्रत रखने से नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, विश्वास, सहयोग और संवेदनशीलता से सुनिश्चित होती है। आज के दौर में करवा चौथ की प्रासंगिकता पर विचार करते समय यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या इस पर्व का वास्तविक उद्देश्य केवल परंपरा निभाना और रस्में पूरी करना रह गया है, अथवा यह पति पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास को मजबूत करने का अवसर भी है? बदलते समय के साथ इस पर्व को अधिक समानता पूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। यदि पत्नी अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन की कामना के लिए व्रत रखती है, तो पति का भी यह दायित्व है कि वह पत्नी के स्वास्थ्य, सुख, सम्मान और दीर्घायु के प्रति उतना ही सजग रहे। प्रेम और समर्पण किसी एक पक्ष की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि वैवाहिक जीवन की साझा पूंजी हैं।

वर्तमान समय में मानव जीवन तनाव, प्रतिस्पर्धा और मानसिक दबाव से घिरता जा रहा है। ऐसे वातावरण में भारत जैसे देश में त्योहारों और व्रतों को श्रद्धा, उत्साह और पारिवारिक सहभागिता के साथ मनाया जाना हमारी सांस्कृतिक आस्था की मजबूती को दर्शाता है। अमीर हो या गरीब, प्रत्येक वर्ग के लोग अपनी सामर्थ्य, परंपरा और श्रद्धा के अनुसार त्योहारों को मनाते हैं। इसलिए भारत में त्योहारों का महत्व केवल धार्मिक और सामाजिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी व्यापक है। त्योहारों के अवसर पर बाजारों में रौनक बढ़ती है, छोटे व्यापारियों और कारीगरों को काम मिलता है तथा परिवारों और समुदायों के बीच मेल-मिलाप के अवसर बनते हैं।

ब्रेन स्ट्रोक : स्वस्थ जीवनशैली से ही बचेगा

युवकों सहित उम्रदराज लोगों में खानपान की गलत आदतों और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां वर्तमान में बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। जरा सी सावधानी और जागरुकता से ब्रेन स्ट्रोक (आघात) ,या ब्रेन अटैक से बचा जा सकता है। स्ट्रोक या ब्रेन अटैक की स्थिति में मरीज को तुरन्त इमरजेंसी केयर की जरूरत होती है। बेहतर यही है कि स्वस्थ रहते ही इससे बचे रहने के लिए सही जीवन शैली अपनाई जाए और लक्षण देखने पर विशेषज्ञ डॉक्टर से सहायता तुरंत ली जाए, इसमें देरी न की जाए। स्ट्रोक से पहले कुछ चेतावनी के संकेत होते हैं, और समय पर इलाज मिल जाए तो जान बचाई जा सकती हैं । एक न्यूरो सर्जन ने बताया कि यदि वह 3 घंटे के भीतर स्ट्रोक के मरीज तक जाए तो मरीज को पूरी तरह से बचाया जा सकता है ।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

स्ट्रोक की पहचान के लिए यह देखे की मरीज मुस्कुराने को कहें और अगर चेहरा एक तरफ झुक जाता, तो समझे खतरा । दूसरा मरीज के ठीक से बोल नहीं पा रहा है । तीसरा मरीज के दोनों हाथ ऊपर उठाने पर नीचे गिरते हैं। इसके साथी मरीज की जीभ एक और मुड़ जाए तो यह स्ट्रोक के लक्षण हो सकते है। तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए ।

ब्रेन स्ट्रोक में यह होता है कि मस्तिष्क में किसी भाग में खून का संचार बाधित हो जाए तो मस्तिष्क के सामान्य कार्यों में बाधा आ आती है। इसी स्थिति का नाम ब्रेन स्ट्रोक है। इसमें तुरंत मेडिकल लेने की आवश्यकता है। यह स्पष्ट है कि रक्त संचार में रुकावट आने के कुछ ही समय में मस्तिष्क की कोशिकाएं मृत होने लगते हैं। क्योकि उन्हें ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की पूर्ति रुक जाती है। जब मस्तिष्क को रक्त पहुंचाने वाली शिराएँ फट जाती है, तो इसे ब्रेन हेमरेज कहते है। इस वजह से बोलने में बाधा कभी बोलने की क्षमता खो जाती, हाथ या पैर में कमजोरी होने लगती, शरीर मे एक तरफ सुन्नता आ जाती, चलने में बाधा चक्कर आने, शरीर में असंतुलन, गंभीर मामलों में बेहोशी के लक्षण पनपते हुए दिखते हैं। शरीर में ऐसे लक्षणों की शुरूआत होने के बाद चार घण्टे होने पर इसे विंडो पीरियड कहा गया । इस स्थिति में जल्दी इलाज मिलने से रिकवरी का समय बढ़ता है।

वर्ल्ड स्ट्रोक डे प्रतिवर्ष 29 अक्टूबर, को मनाया जाता है। देश ही नहीं बल्कि विदेश सहित बढ़ते तनाव, व्यस्त शहरी जीवन शैली, खराब आहार इसके साथ ही व्यायाम या योग पर ध्यान नहीं देना। इससे 1.5 करोड के करीब लोग प्रतिवर्ष वैश्विक स्तर पर ब्रेन स्ट्रोक के दायरे में आ जाते हैं। देखे तो 20 सेकंड में एक स्ट्रोक अपने स्तर पर हो रहा है। वही 06 व्यक्तियों में 01 एक व्यक्ति जीवन काल में स्ट्रोक में समाहित हो जाता है।यदि व्यक्ति अपने जीवन शैली में बदलाव लाए तो इससे यू बचा जा सकता है, कि धुम्रपान बंद कर दे, रक्तचाप नियंत्रित रखे, वजन बढ़ने न दे, नमक की मात्रा कर देने, हेल्दी डाइट ले और नियमित व्यायाम योग करें, ब्लड शुगर नियंत्रित रखे, कोलेस्ट्रॉल को न बढने देवे । मोटापा स्ट्रोक का प्रमुख कारक माना गया है। स्ट्रोक जोखिम कम करने के लिए संतुलित आहार ले, उसमें फल सब्जियां, मोटा अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन को शामिल किया जाए। यदि इन बातें का ध्यान रखा गया तो स्ट्रोक का जोखिम कम होता है। यहां सामान बातों का उल्लेख किया गया है। कुछ परिवारों में कम उम्र में दिल का दौरा; स्ट्रोक का इतिहास रहा तो डॉक्टर से परामर्श अवश्य लेवे। ।यह स्पष्ट है कि कुछ आनुवंशिक कारक भी स्ट्रोक की जोखिम बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ल्ड स्ट्रोक डे मनाने का मुख्य उद्देश्य जन जागृति पैदा की जाना है ।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

मीरा की भक्तिः प्रेम, विश्वास और समर्पण की अमर गाथा

भारतीय भक्ति परंपरा में संत मीरा बाई का नाम प्रेम, त्याग, विश्वास और अटूट समर्पण के ऐसे प्रकाशपुंज के रूप में अंकित है, जिसकी आभा सदियों बाद भी जनमानस को आलोकित कर रही है। मीरा की भक्ति केवल भगवान श्रीकृष्ण की आराधना नहीं थी, बल्कि अपने आराध्य के प्रति संपूर्ण जीवन समर्पित कर देने की वह साधना थी, जिसने सामाजिक बंधनों, सांसारिक आकर्षणों और विपरीत परिस्थितियों के सामने भी हार नहीं मानी। उनका जीवन संदेश देता है कि जब लक्ष्य के प्रति लगन सच्ची हो और मन में विश्वास अडिग हो, तब कठिन से कठिन राह भी साधना का मार्ग बन जाती है। मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई-मीरा का यह पद केवल भक्ति की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि उनके संपूर्ण जीवन का सार है। इसमें ऐसी अनन्य निष्ठा दिखाई देती है, जिसमें भक्त और भगवान के बीच सांसारिक अपेक्षाओं का कोई स्थान नहीं रह जाता। मीरा के लिए श्रीकृष्ण केवल आराध्य नहीं थे, बल्कि उनके जीवन का आधार, उनके प्रेम का केंद्र और उनके अस्तित्व की पहचान थे।

राजघराने में जन्म लेने के बावजूद मीरा ने राजसी वैभव को अपने जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं माना। उनका मन बचपन से ही श्रीकृष्ण की भक्ति में रमता था। लोकमान्यता के अनुसार, गिरधर गोपाल के प्रति उनका प्रेम बाल्यकाल में ही अंकुरित हो गया था। समय के साथ यह अनुराग इतना गहरा हुआ कि उनकी कविता, संगीत और जीवन का प्रत्येक क्षण कृष्णमय हो गया। वे मंदिरों में भजन गातीं, नृत्य करतीं और अपने आराध्य के प्रेम में सुध-बुध खो बैठतीं।

मीरा का मार्ग सरल नहीं था। तत्कालीन सामाजिक मान्यताओं और राजपरिवार की मर्यादाओं के बीच उनकी स्वतंत्र भक्ति को अनेक विरोधों का सामना करना पड़ा। किंतु उन्होंने अपने विश्वास से समझौता नहीं किया। लोकप्रचलित कथाओं में उनके जीवन से जुड़ी अनेक कठिन परीक्षाओं का उल्लेख मिलता है। इन कथाओं का मूल संदेश यही है कि मीरा का आत्मबल बाहरी परिस्थितियों से कहीं अधिक मजबूत था। वे विरोध से विचलित होने के बजाय अपनी भक्ति में और गहरी होती चली गईं।

यही मीरा की सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने भक्ति को केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे प्रेम, स्वतंत्र चेतना और आत्मिक मुक्ति का माध्यम बनाया। उनके भजनों में विरह की वेदना भी है, मिलन की आकांक्षा भी, समर्पण की सहजता भी और आत्मविश्वास की दृढ़ता भी। उनकी वाणी में ऐसी सरलता है कि साधारण व्यक्ति भी उसमें अपने जीवन के सुख-दुख और आशाओं का प्रतिबिंब देख सकता है। आज के समय में मीरा का जीवन विशेष प्रासंगिक है। आधुनिक जीवन में मनुष्य प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाओं, असफलताओं और मानसिक तनाव से घिरा हुआ है। छोटी-सी बाधा कई बार उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है। ऐसे समय में मीरा का जीवन हमें सिखाता है कि अपने उद्देश्य के प्रति निष्ठा बनाए रखना, कठिनाइयों में धैर्य रखना और अपने मूल्यों से जुड़े रहना ही सच्ची सफलता का आधार है। मीरा की भक्ति को केवल मंदिरों में गाए जाने वाले भजनों तक सीमित कर देना उनके संदेश को अधूरा समझना होगा। उनकी साधना हमें यह भी प्रेरणा देती है कि प्रेम में अहंकार का स्थान नहीं, विश्वास में भय का स्थान नहीं और सच्चे संकल्प में परिस्थितियों के सामने आत्मसमर्पण का स्थान नहीं होना चाहिए। जब मन निर्मल हो और उद्देश्य पवित्र हो, तब जीवन की चुनौतियाँ भी व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखार सकती हैं।

मीरा ने अपने आराध्य को पाने के लिए किसी बाहरी आडंबर का सहारा नहीं लिया। उनके लिए भाव की पवित्रता ही सबसे बड़ी पूजा थी। उनके भजन आज भी मंदिरों, घरों और सत्संगों में गूंजते हैं। उनकी स्वर-लहरियों में डूबकर भक्त अपने मन की व्याकुलता को शांति में बदलते हैं और जीवन की उलझनों के बीच आस्था का सहारा पाते हैं। संत मीरा बाई की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए हमें उनके जीवन से प्रेम, धैर्य, निर्भयता और समर्पण का संदेश ग्रहण करना चाहिए। सच्ची भक्ति केवल भगवान का नाम लेने में नहीं, बल्कि अपने आचरण में करुणा, सत्य और सद्भाव उतारने में भी है। मीरा की अमर वाणी आज भी हमें पुकारती है-अपने लक्ष्य के प्रति वैसी ही लगन जगाइए, जैसा मीरा ने अपने गिरधर गोपाल के प्रति विश्वास रखा। राह में कितनी भी बाधाएँ आएँ, यदि संकल्प दृढ़ है और मन में सच्चाई है, तो निराशा के अंधकार में भी आशा का दीप जल सकता है।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

हाईवे चौड़ीकरण के लिए काटे पेड़ गुमटियों पर गिरे

शाजापुर। शहरी हाईवे चौड़ीकरण के लिए काटे गए पेड़ समीप ही रखी गुमटियों पर गिरकर नुकसान का कारण बन गए। गौरतलब है कि शहरी हाईवे के चौड़ीकरण कार्य चल रहा है, ऐसे में बाधक बन रहे पेड़ों की कटाई की जा रही है। मंगलवार को पशु पालन विभाग के आसपास के क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की गई। इस दौरान रोड किनारे रखी गुमटियों पर गिरे पेड़ों ने उन्हे क्षतिग्रस्त कर दिया। गुमटी संचालकों का आरोप है कि निर्माण कंपनी ने पेड़ों की कटाई से पहले उन्हें कोई सूचना नहीं दी जिसकी वजह से नुकसान हो गया। यदि कंपनी पहले से सूचित कर देती तो गुमटियों को अन्य स्थान पर रख दिया जाता। फिलहाल कार्रवाई से दुकानदारों में रोष व्याप्त है। 6

शिकायत करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा परिवार

शाजापुर। खेत से ट्रैक्टर निकालने की बात पर अपने ही भाई पर हथियार से हमला करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने परिवार के साथ पहुंचकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है। मंगलवार को शाजापुर जिले की गुलाना तहसील के तिंगजपुर गांव में रहने वाला रामरतन अपने परिवार के साथ शाजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। रामरतन का आरोप है कि खेत से ट्रैक्टर निकालने की बात पर उसके भाई ने गाली-गलौज की और धारदार हथियार से हमला कर दिया। रामरतन का कहना है कि उसने भागकर अपनी जान बचाई। साथ ही शिकायत के बावजूद पुलिस पर कार्रवाई नही करने का आरोप लगाया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

अग्रवाल सोशल ग्रुप ने लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

शुजालपुर। अग्रवाल सोशल ग्रुप द्वारा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, भोपाल की शुजालपुर मंडी शाखा के माध्यम से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों का चयन किया गया। चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए संत हिरदाराम नगर, भोपाल भेजा जाएगा। मरीजों के आने-जाने, रहने, भोजन, ऑपरेशन, चश्मे और दवाइयों की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में नेत्र जांच के साथ ही रक्तचाप बीपी और रक्त शर्करा की जांच भी की गई। इस दौरान अग्रवाल सोशल ग्रुप अध्यक्ष स्वप्निल गोयल, सचिव अंबुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शरद अग्रवाल सहित दीपक गोयल, राजकुमार गोयल, जयेश अग्रवाल, गीत बिंदल, आशीष अग्रवाल, संजय बिंदल, नीरज बिंदल, विवेक बिंदल और कृष्णा गुप्ता उपस्थित रहे। सभी ने शिविर के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

फांसी लगाने से महिला की मौत: मायके पक्ष ने जताया हत्या का संदेह



देवास। देवास के मिश्रीलाल नगर में 27 वर्षीय मानसी पाटीदार की फांसी लगाने से मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे पति नरेश पाटीदार ने उसे किचन में साड़ी के फंदे पर लटका देखा। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मानसी की शादी साल 2019 में नरेश पाटीदार से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। मानसी का मायका इंदौर में है, जबकि पति नरेश फाइनेंस का काम करते हैं। सिविल लाइन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद इंदौर से आए मायके पक्ष के परिजनों ने मानसी की मौत को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति संभाली। थाना प्रभारी विजय लोधी ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परिवार हैदराबाद गया था, अलमारियों के ताले तोड़कर सामान बिखेरा एफएसएल दल पहुँचा

ब्रजनगर कॉलोनी में सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, चोरी गए सामान का पता नहीं चला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



मंडी थाना क्षेत्र की ब्रजनगर कॉलोनी में सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश चोरी की वारदात को अंजाम दे गए। बदमाश मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में घुसे और कमरों में रखी अलमारियों के ताले तोड़ दिए। घर का सामान अस्त-व्यस्त मिला है। परिवार के शहर से बाहर होने के कारण फिलहाल चोरी गए सामान का पता नहीं चल सका है।

जानकारी के अनुसार, ब्रजनगर कॉलोनी निवासी दीपक विजयवर्गीय परिवार के साथ पारिवारिक कार्य से 22 अक्टूबर को हैदराबाद रवाना हुए थे। मंगलवार सुबह पड़ोसी ने फोन कर घर के ताले खुले होने की सूचना दी। इसके बाद चोरी का पता चला और पुलिस को सूचित किया गया। मंडी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, वहीं शाजापुर से आए एफएसएल दल ने भी घटनास्थल का परीक्षण किया।

बगीचे में फेंका टूटा ताला

बदमाशों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर उसे परिसर में स्थित बगीचे में फेंक दिया। इसके बाद घर के अंदर रखी गोदरेज सहित अन्य अलमारियों के ताले तोड़े और सामान खंगाला। गृहस्वामी दीपक विजवर्गीय ने दूरभाष पर बताया कि वे वापस लौट रहे हैं। घर पहुंचने के बाद ही चोरी गई सामग्री की जानकारी मिल सकेगी। घर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित अन्य सामान रखा हुआ है।

सीसीटीवी कैमरों का भी अभाव

कॉलोनी के आसपास के घरों में सीसीटीवी कैमरे नहीं होने की जानकारी सामने आई है। इससे बदमाशों की पहचान में चुनौती आ सकती है। मंगलवार शाम तक पुलिस में चोरी का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ, गृहस्वामी के लौटने और चोरी गए सामान की जानकारी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कई बार आवेदन देने के बाद भी सुनवाई नहीं होने से आहत

कलेक्टर कार्यालय के बाहर युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास, एसडीएम ने एसपी कार्यालय पहुंचाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



युवक ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर खुद को पेट्रोल छिड़कर जलाने का प्रयास करते हुए अधिकारियों के हाथ पैर फुला दिए। हालांकि युवक ने जैसे ही आग लगाने के लिए माचिस निकाली तो मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसके हाथ से माचिस छीन ली और एक बड़ा हादसा होने से टाल दिया। जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम गिरवर निवासी दुर्गेश मालवीय मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और अपने पास से पेट्रोल से भरी बाटल निकालकर खुद पर डाल ली। युवक ने आत्मदाह करने के लिए माचिस निकाली तो उसे मीडियाकर्मियों ने रोक लिया। इसके बाद एसडीएम मनीषा वास्कले ने युवक की समस्या सुनी और मामला पुलिस से संबंधित होने पर उसे पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाने की सलाह दी। पीड़ित दुर्गेश का कहना है कि गांव में उसके पिता के नाम पर पट्टे की जमीन दर्ज है, जिस पर पहले कच्चा मकान बना हुआ था। पिछली होली के समय उसने कच्चा मकान तोड़कर पक्का निर्माण शुरू किया था, लेकिन उसकी बुआ और उनके परिवार के लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया और निर्माण कार्य रुकवा दिया। तब से ही उसे अपने हक की जमीन पर मकान नहीं बनाने दिया जा रहा है। दुर्गेश ने आरोप लगाया कि वह इस पारिवारिक और जमीनी विवाद के समाधान के लिए पहले भी तीन बार कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आवेदन दे चुका है, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। उसने लालघाटी थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी, पर वहां भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लगातार हो रही इस अनदेखी से हताश होकर उसनेयह आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया।

अधिकारियों ने ली सुध, थाने भेजा मामला

कलेक्ट्रेट परिसर में इस घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम तुरंत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित युवक की समस्या सुनी और उसे शांत कराकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा। मामले को लेकर एसपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि युवक को समझाइश दी गई है कि वह भविष्य में इस तरह का कोई गैरकानूनी और जानलेवा कदम न उठाए।



रात में खेतों से पानी की मोटर चोरी करने वाले दो बदमाश धराए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

रात के गुप अंधेरे में खेतों से पानी की मोटर चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार 24 एवं 25 अक्टूबर की दरमियानी रात फरियादी वीरेंद्र चौधरी एवं ओमप्रकाश चौधरी निवासी ग्राम रंथभंवर के ग्राम घनसोदा क्षेत्र स्थित खेतों से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 05 हॉर्स पावर एवं 03 हॉर्स पावर की 02 पानी की मोटर, स्टार्टर एवं केबल चोरी कर ली गई थी। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना बेरछा में पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। दोनों अपराधों की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी बेरछा उप निरीक्षक अरविन्द सिंह तोमर द्वारा पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर संदिग्धों से पूछताछ की गई तथा मुखबिर सूचना के आधार पर सोमवार की रात ग्राम रंथभंवर, कुलमनखेड़ी के जंगल में घेराबंदी कर अर्जुन कंजर पिता नागर कंजर उम्र 40 वर्ष, निवासी कंजर डेरा रुलकी, चरण गुर्जर पिता मोडसिंह गुर्जर उम्र 27 वर्ष, निवासी आक्या चौहानी, थाना बेरछा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई 02 पानी की मोटर, स्टार्टर एवं 50 फीट केबल बरामद की गई। दोनों आरोपियों को न्यायालय के

सुंदरसी पुलिस ने 205.6 किग्रा अवैध विस्फोटक के साथ दो लोगों को पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

सुंदरसी पुलिस ने सैकड़ों किलो अवैध विस्फोटक के साथ दो आरोपियों को दबिश देकर दबोच लिया। जानकारी के अनुसार थाना सुन्दरसी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव में अवैध रूप से एक घर में विस्फोटक रखा हुआ है। इस पर पुलिस ने आरोपी सलमान खां पिता मुबारिक खां उम्र 22 वर्ष, निवासी बजरंग मोहल्ला सुन्दरसी के निवास की विधिवत तलाशी ली।

तलाशी के दौरान आरोपी के मकान के एक कमरे से अवैध रूप से रखा 20 किलोग्राम पोटाश, 01 किलोग्राम सल्फर एवं 25 नग गचकुंडी बरामद हुई। उक्त विस्फोटक सामग्री रहवासी क्षेत्र में बिना अनुज्ञप्ति के विक्रय हेतु रखी गई थी, जिससे मानव जीवन एवं सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। पुलिस टीम द्वारा 21 किलोग्राम पोटाश व सल्फर तथा 25 नग गचकुंडी, जिसकी कुल कीमत 9,070 है जब्त कर आरोपी सलमान खां को गिरफ्तार किया। वहीं आरोपी सलमान खां से पूछताछ के दौरान प्राप्त मेमो के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी सलाउद्दीन खां पिता कमरुद्दीन खां निवासी बेरछा के घर दबिश दी और घर से 184.6 किलोग्राम पोटाश व सल्फर तथा 150 नग गचकुंडी बरामद की गई, जिसकी कुल कीमत 66,920 है। पुलिस द्वारा उक्त सामग्री को विधिवत जब्त कर आरोपी सलाउद्दीन खां को भी गिरफ्तार किया।

विपक्ष समर्थक मतदाताओं के नाम हटा रहे, कांग्रेस चलाएगी अभियान

■ एसीसी पर्यवेक्षक चरणजीत का आरोप

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर मालवा में को एसीसी पर्यवेक्षक चरणजीत सिंह सपन ने मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाया।

उन्होंने भाजपा और निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेस इस मुद्दे पर 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान चलाएगी।

प्रेस वार्ता में सपन ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से विपक्ष समर्थक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी सवाल उठाए और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने फॉर्म-6, 7 और 8 के गलत इस्तेमाल का भी जिक्र किया।

सपन ने कहा कि राहुल गांधी पिछले डेढ़ साल से मतदाता सूची से जुड़ी अनियमितताओं का मुद्दा उठा रहे हैं। इसी मुद्दे पर 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली होगी।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस के नेता रहे मौजूद

प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर, जिला प्रभारी राकेश पाटीदार, आगर विधानसभा प्रभारी सुनील बसेर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर, प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू लाला और पूर्व जिला अध्यक्ष बंसीलाल पाटीदार मौजूद रहे।

जमीनी विवाद में पिता-पुत्री ने खाया जहर

शाजापुर। बुधवार को शाजापुर के लालाखेड़ी गुर्जर गांव में जमीनी विवाद के चलते पिता-पुत्री ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्हें इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है।

परिजन पंकज ने बताया कि उनके दादाजी की मानसिक हालत ठीक नहीं है। किसी व्यक्ति ने उनसे जबरदस्ती जमीन ले ली थी। बुधवार को वे लोग जमीन पर कब्जा करने आए और मना करने पर मारपीट शुरू कर दी।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी तेजाराम छाड़िया पिता श्री नानूराम छाड़िया, निवासी-1380/1, नई कॉलोनी हातोद, इंदौर (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-425/3 रकबा 0.14 हेक्टर मे से पश्चिम दिशा वाला रकबा 0.10 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम गोंदिया तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंध कग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-28.10.2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा नजमा पति जाकिर हुसैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 114/3 गधा पुलिया हनुमान नाका उज्जैन का भाग पीछे का दक्षिण में 3.65 मीटर चौड़ा एवं पश्चिम में 14.45 मीटर लंबा, पूर्व में 15.38 मीटर लंबा, कुल क्षेत्रफल 205.60 वर्गमीटर है, जिसके पूर्व में रास्ता, पश्चिम में भूमि व मकान मनीशेर का उत्तर में खुला भाग एवं दक्षिण में मकान मनीशेर एहसान का है। इस संपत्ति का व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक 513A/2026 माननीय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खंड उज्जैन के न्यायालय में लंबित है। युसूफ पिता मनीशेर उक्त संपत्ति को अन्यत्र अंतरण विक्रय करने का प्रयास कर रहा है। इस कारण कोई भी व्यक्ति वित्तीय संस्था उक्त संपत्ति क्रय करने का संव्यवहार नहीं करें। यदि ऐसा किया जाता है तो वह मेरी पक्षकारा पर बंधनकारक नहीं होगा शून्यवत है।

रविंद्र त्रिवेदी
एडवोकेट

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 149/128(ए) का उत्तर दिशा का भाग होकर सुर्याश पैराडाइज जुज भाग (रामगढ़ नाले के पास) वार्ड न. 10 कस्बा बड़नगर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 51.09 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- भूखण्ड़.क्रमांक 135, पश्चिम में- कॉलोनी का रोड़, उत्तर मे- भूखण्ड़ क्रमांक 129 तथा दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 128 का शेषभाग स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति रतनलाल चैहान पिता मांगीलाल ने इसके पूर्वस्वामी सीताबाई पति मांगीलाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी17आईजीआर18782026ए100732450 दिनांक 16/06/2026 के माध्यम से क्रय कि। एवं रतनलाल चैहान ने उक्त सपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध मयूर पिता संजय से किया है तथा मयुर पिता संजय ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43152025ए1043817 दिनांक 20/01/2025 तथा विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43152022ए1055180 दिनांक 18/01/2022 के कही गुम हो गये है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उल्लेखित दोनो मूल दस्तावेज कही जमा हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मोबाइल न. 9301860352

श्री गुरु टेकचंद जी महाराज का 215वां समाधि उत्सव, जूना गुजराती दर्जी समाज ने निकाली शोभायात्रा



शाजापुर। श्रीगुरु टेकचंद जी महाराज के 215वें समाधि उत्सव पर जूना गुजराती दर्जी समाज शाजापुर के तत्वावधान में नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में समाज के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर गुरुभक्ति का परिचय दिया। शोभायात्रा स्थानीय वजीरपुरा स्थित दर्जी समाज धर्मशाला से ढोल-नगाड़ों की गूंज और गुरु महाराज के जयकारों के साथ पूरे हर्षोल्लास से शुरू हुई। यह यात्रा नगर के सोमवारिया, नाग नागिनी रोड, नई सड़क, बड़ा चौक और छोटा चौक होते हुए गुजरी। शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान शहर में हिंदू उत्सव समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्धजनों ने जगह-जगह मंच लगाकर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया और पुष्पवर्षा की। नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करने के पश्चात शोभायात्रा पुनः वजीरपुरा स्थित दर्जी धर्मशाला पहुंची, जहां इसका विधिवत समापन किया गया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई



महिदपुर। वाल्मीकि नगर वार्ड नंबर 14 में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस, हिंदू संगठन के सभी वरिष्ठजन, पदाधिकारी और वाल्मीकि समाज के सभी भाई, माता एवं बहने उपस्थित थी। वाल्मीकि मंदिर पर सायं 7 बजे महाआरती एवं पूजा अर्चना की एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि पंचायत के अध्यक्ष श्रीकृष्ण गोनू दावरे, संरक्षक मनोहर राम जी, उपाध्यक्ष भीमसिंह दावरे, संचलनकर्ता सुरेश दावरे, कोषाध्यक्ष मुकेश दावरे, सचिव महेंद्र दावरे, सहसचिव विनोद दावरे, खन्ना भगत, संगठन मंत्री छोटू दावरे, गोगादेव समिति अध्यक्ष रितिक दावरे, उपाध्यक्ष अभय दावरे, वाल्मीकि जयंती सलाहकार, सहयोगी, अरविंद अजय आशीष शरद दावरे उपस्थित थे। आभार निर्मल सेन ने माना।

ग्राम लड़ावद में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न

शाजापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्था दीप मानस सेवा संस्थान लड़ावद, सेक्टर पनवाड़ी द्वारा ग्राम लड़ावद के प्राथमिक विद्यालय भवन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर पनवाड़ी की पांचों ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में भगवान सिंह, आनंदीलाल नागर, कैलाश चंद्र नागर एवं जनपद सदस्य नारायण सिंह जी शामिल रहे। दीप मानस सेवा संस्थान के प्रतिनिधि घनश्याम नागर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सेक्टर पनवाड़ी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा सीमा हाडा पति विजयसिंह हाडा जाति राजपुत निवासी ग्राम मेठवाडा तह. देपालपुर जिला इंदौर म.प्र. ने शिवेन्द्रसिंह पिता नरेन्द्रसिंह जी जाति राजुपत निवासी ग्राम रावदियाकलां तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम श्रीराम भिडावद तह. बडनगर जिला उज्जैन से उनके आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 325 रकबा 0.66 हे0 एवं सर्वे नं. 326 रकबा 0.59 हे० भूमि स्थित ग्राम श्रीराम भिडावद तह. बडनगर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा तय किया है। राजस्व रिकार्ड में उपरोक्त भूमि गंगाबाई पिता मांगीलाल जी जाति गारी निवासी ग्राम जस्साखेडी तह. बडनगर जिला उज्जैन के नाम से भूमि सर्वे नं. 325 रकबा 0.66 हे० एवं रायसिंह पिता बद्रीलाल जी जाति गारी निवासी ग्राम भिडावद तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के नाम से कृषि भूमि सर्वे नं. 326 रकबा 0.59 हे0 दर्ज है। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि को क्रय करने का सौदा शिवेन्द्रसिंह पिता नरेन्द्रसिंह जी से किया होकर मेरे पक्षकार ने उपरोक्त सौदे पेटे आंशिक बयाना राशि भी विक्रेता शिवेन्द्रसिंह को अदा कर दी है। मेरे पक्षकार से शिवेन्द्रसिंह ने उपरोक्त भूमि का विकय सौदा तय कर उपरोक्त सौदे पेटे विक्रेता ने विक्रय सौदा चिट्ठी भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित कर दी है तथा शिघ्र ही उपरोक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित होना है एवं उसके पश्चात उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा । सुचित हो। दिनांक 28.10.2026

सोहिल पटेल एडवोकेट
बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मो. 9165688220

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी 1. जितू खन्ना पिता श्री अर्जुनदेव जी खन्ना आयु 52 वर्ष व्यवसाय व्यापार, 2. दिशा खन्ना पति श्री जितू खन्ना आयु 42 वर्ष व्यवसाय गृहकार्य, निवासीगण शनि मंदिर, समोर, बी.के.नं. 2086, रूम नं. 10, अपोजिट सेक्शन-35, उल्हास नगर, ठाणे 421005 (महाराष्ट्र) से उनके शामलाती आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की भवन न.पा.नि. ग्रह क्रमांक 15, महाकाल मार्ग, गली नं. 06, कोट मोहल्ला, उज्जैन, म.प्र. में स्थित होकर कुल क्षेत्रफल 88.28 वर्गमीटर व 950 वर्गफीट लगभग हैं जिसकी चतुसीर्मा पूर्व की ओर-एम्पीरियल होटल हैं, पश्चिम की ओर रास्ता गली नं. 6 हैं, उत्तर की ओर-होटल हैं, एवं दक्षिण की ओर-रामूराव उल्हारे का मकान हैं। उक्त संपत्ति को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि संपत्ति स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने या निर्धारित के हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 28-10-2026 उज्जैन

अभिषेक सिंह सिकरवार एडव्होकेट
सिटी कार्यालय 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन
कार्यालय डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन
मो.नं. 98273-80500, 70001-92470

तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत दिलाई गई शपथ

गुना। सांदीपनी विद्यालय फतेहगढ़ में युवा संगम कायक्रम में युवा संगम कार्यक्रम के दौरान हेल्थ टीम के द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच की गई साथ-साथ ही डॉ चंद्र मोहन चंदेल मेडिकल ऑफिसर (आरबीएसके) के द्वारा तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के अंतर्गत सभी छात्रों एवं कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारी को तंबाकू मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई और उन्होंने बताया कि हमे एवं हमारे परिवार के किसी भी सदस्य को किसी तरह का नशा नहीं करना चाहिए। इस दौरान नशे से कैसे दूर रहे और नशे से होने वाली हानि दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पशुपालन विभाग के अधिकारी स्व- सहायता समूह से संबंधित कर्मचारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

गुना में विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा संपन्न

गुना। समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केंद्र गुना में सहायक परियोजना समन्वयक (अकादमिक/कम्युनिटी मोबिलाइजेशन) एवं जनपद शिक्षा केंद्रों में विकासखंड स्रोत समन्वयक के पदों की पूर्ति हेतु राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा उत्कृष्ट उ.मा.वि. गुना में 28 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की गई।परीक्षा में 19 पात्र लोकसेवकों में से 16 लोकसेवक सम्मिलित हुए। परीक्षा संदीपनी प्राचार्य आशीष टांटिया केंद्राध्यक्ष की देखरेख में संपन्न हुई। कलेक्टर प्रतिनिधि सुश्री महिमा चौधरी, डिप्टी कलेक्टर गुना की उपस्थिति में प्रश्नपत्र बंडल खोलने, परीक्षा पर्यवेक्षण एवं परीक्षा उपरांत परीक्षा सामग्री पैकिंग का कार्य संपन्न हुआ। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्वक संपन्न हुई।

गुना में कॉलोनियों के विकास की हर सप्ताह होगी समीक्षा

गुना,। शहर में सुनियोजित शहरी विकास को गति देने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कॉलोनियों के विकास कार्यों की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। नगरपालिका में बिल्डर-कॉलोनाइजर की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विशेष टीम गठित की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कॉलोनियों का विकास रेरा, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एवं अन्य वैधानिक नियमों के अनुसार किया जाए। सड़क और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ नागरिकों से किए गए वादे भी पूरे किए जाएं। उन्होंने विवाद रहित भूमि पर नियमानुसार कॉलोनियां विकसित करने और परियोजनाएं समय पर पूरी करने पर जोर दिया। बिल्डर-कॉलोनाइजर ने अनुमतियों की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था का सुझाव दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन नियमों का पालन करने वाले बिल्डरों को सहयोग देगा और आम नागरिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करेगा।

शासकीय अस्पताल में गंदगी का साम्राज्य, स्वच्छ रखने की मांग

बडौद। नगर में एक मात्र शासकीय अस्पताल जहां है और तहसील क्षेत्र के 140 ग्राम लगते हैं और ठेकेदारों के कर्मचारियों भी लगे हुए हैं और अस्पताल परिसर में और खून पेशाब की लैब में भी गंदगी पसरी हुई है जहां परिसर बदबू मार रहे हैं ऐसे में वहां पर अधिकारी कर्मचारी कैसे रहते हैं जो समझ से परे हैं जिनको देखने वाला कोई नहीं है ऐसे में मरीजों एवं मरीजों के साथ आने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है जबकि शासन ने सफाई व्यवस्था ठेके पर दे रखी है ऐसे में अस्पताल की सफाई होना चाहिए लेकिन यहां मरीजों और मरीजों के साथ आने वाले दिनेश जैन ने बताया कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रायसिंह पिता श्री देवजी निवासी-678, ग्राम खारचा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन एवं कृषक ग्राम बोरखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-330/2 रकबा 0.020 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-331/1/2 रकबा 0.200 हेक्टयर ग्राम बोरखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-12 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक राशि अदा कर दी है और रजिस्टर्ड अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ ण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक-28/10/2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स,
आरटीओ के पीछे, उज्जैन
मो. 99930 79516-94250 94349

जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमति निलेश गुप्ता पति आलोक गुप्ता निवासी बी-218 विवेकानंद नगर कालोनी जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व व आधिपत्य का आवासीय फ्लेट नंबर 602 ओम साई ओम मल्टी मे अपाटमेंट गोल्डन बी की छटी मंजिल पर अलखधाम नगर के पीछे जिला उज्जैन मे स्थित है जिसकी चर्तुसीमा पुर्व मे ओपन पश्चिम मे ओपन उत्तर मे कामन पेसेज 8 फीट चौडा दक्षिण मे तल मंजिल पर टाउनशिप का रास्ता है जिसका बिल्टप एरिया 61.96 वर्गमीटर व सुपर बिल्टप एरिया 80.48 वर्गमीटर है को क्रय कर अनुबंधपत्र / सोदा चिटठी का निष्पादन किया है और आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है केवल विक्रय पत्र संपादित करवाना शेष है । उक्त फ्लेट पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेज प्रमाण के साथ लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय मे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त अवधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा ।

इति दिनांक-27.10.2026 उज्जैन

प्रेमलता शर्मा एडवोकेट
कार्यालय - भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड
9826354843

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण दरबारसिंह पिता बाबरूसिंह, देवेन्द्रसिंह पिता दरबारसिंह, गोविन्दसिंह पिता दरबारसिंह सभी जाति राजपूत निवासीगण / कृषकगण ग्राम नरसिंगा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन द्वारा भूमि सर्वे क्र. 1025 रकबा 0.42 हे., भूमि सर्वे क्र. 1020 रकबा 0.17 हे., भूमि सर्वे क्र. 1030/2 रकबा 0.03 हे., भूमि सर्वे क्र. 1021/3 रकबा 0.16 हे., भूमि सर्वे क्र. 1024 रकबा 0.20 हे., भूमि सर्वे क्र. 1029/2 रकबा 0.05 हे., कुल किता 06 कुल रकबा 1.03 हे. ग्राम नरसिंगा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र., को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेतागण को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी । सूचित हो ।

दिनांक 28/10/2026

लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक)
161 राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर
जिला उज्जैन मो. 7999800300

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामीनी श्रीमती वर्षा कुंवर पति श्री महिपाल सिंह उमठ, निवासी-1, ग्राम गडरोली तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भवन क्रमांक 65, स्थित अलकापुरी कालोनी सेक्टर ए, उज्जैन में शहरी सीमा के अन्दर होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स का है तथा जो आवासीय उपयोग का होकर तीन मंजिला अर्थात तल लगायत प्रथम व द्वितीय मंजिल, जिसमें से तल व प्रथम मंजिल आर.सी.सी. की छत का व द्वितीय मंजिल टीनपोश की छत का निर्मित हैं एवं जिसकी लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व बतरफ दक्षिण दोनों ओर 15.00 मीटर तथा जिसकी चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 8.90 मीटर व बतरफ पश्चिम 8.50 मीटर होकर जिसकी भूमि का कुल क्षेत्रफल 130.50 वर्गमीटर हैं एवं जिसके पूर्व दिशा में सड़क, पश्चिम दिशा में-भवन क्रमांक 84, उत्तर दिशा में-भवन क्रमांक 66 व दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक 64 हैं, को निर्विवाद व रिक्त अवस्था में मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय फिक्सर्स, फिटिंग्स, समस्त फर्नीचर, नल/बिजली कनेक्शन डिपाजिट राशि सहित व जल के लिये बोरिंग मय मोटर पम्प सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति अवनसे फाइनेंशियल सर्विसेज में बंधक हैं तथा इसके अलावा उक्त सम्पत्ति पर किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्थान, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी व्यक्ति आदि को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेजी व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा ।

दिनांक-28.10.2026, उज्जैन,

निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट
कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग
काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़,
उज्जैन मो. 9301376778

जाजू सागर बांध से पानी की अवैध निकासी पर कार्रवाई,लगभग तीन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में चला अभियान

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जाजू सागर बांध (हरकियाखाल बांध) से पानी की अवैध निकासी रोकने के लिए बुधवार को प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई।

एसडीएम नीमच श्री पराग जैन के नेतृत्व में नगर पालिका, राजस्व, पुलिस एवं विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने बांध क्षेत्र में 25 से अधिक स्थानों पर जमीन में दबाकर बिछाई गई अवैध पाइपलाइन हटाई। कार्रवाई में करीब दो ट्रॉली पाइप जब्त किए गए, जिनका अनुमानित मूल्य दो लाख रुपये है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई के दौरान पाया गया कि कुछ लोगों ने बांध क्षेत्र में जमीन के भीतर पाइप दबाकर खेतों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की थी। टीम ने जेसीबी एवं अन्य संसाधनों की मदद से अवैध पाइपलाइन हटाई। इस दौरान लगभग एक हजार फीट लंबाई के 20-20 फीट के 50 पाइप निकाले गए, जबकि 50 अन्य पाइप क्षतिग्रस्त किए गए। कार्रवाई लगभग तीन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में की गई।

विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम रही मौजूद

कार्रवाई के दौरान जीरन तहसीलदार श्री शत्रुघ्न चतुर्वेदी, पुलिस एवं विद्युत मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे। नगर पालिका के राजस्व अधिकारी श्री खेमचंद मुसले, श्री टेकचंद चंद्र बुनकर, बांध प्रभारी श्री सुरेश पवार तथा संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने कार्रवाई में सहयोग किया। प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई का उद्देश्य बांध से पानी की अवैध निकासी पर रोक लगाना तथा जल संसाधन का संरक्षण सुनिश्चित करना है।

जाहीर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी दुलेसिंह पिता उकारसिंह जाति गुर्जर निवासी कृषक ग्राम खीमाखेडी तहसील आगर जिला आगर म.प. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 293 रकबा 0.76 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 299 रकबा 0.11 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 300 रकबा 0.22 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 312 रकबा 0.13 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 313 रकबा 0.13 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 326 रकबा 0.43 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 332 रकबा 0.13 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 333 रकबा 0.75 हेक्टरएवं सर्वे नम्बर 428 रकबा 0.08 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 432 रकबा 0.13 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 296 रकबा 1.10 हेक्टर मेंसे रकबा 0.20 हेक्टर कुल किता 11 कुल रकबा 3.07 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम खीमाखेड़ी तहसील आगर जिला आगर मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 28-10-2026

बिंदु (सर्विस प्रोवाईडर)
पता आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज सुरासा उज्जैन
मो.नं. 7354055149

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता विष्णु पिता गोरधनलालजी माली निवासी बड़नगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कस्बा बड़नगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नं0 1233, 1418, 1419, 1420, 1421, 1422, 1423/1, 1424/1/1/1, 1424/1/1/2, 1426, 1427, 1430, 1431/1, 1433, 143/1/1 कुल रकबा 1.3780है0 को क्रय करने का सोदा तय कर लिया है तथा बयाना राशी भी मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता विष्णु पिता गोरधनलालजी को अदा कर दी है। तथा अतिशीद्य ही मेरा पक्षकार, विक्रेता से उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित एवं निष्पादित करवा रहा है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि के स्वत्व अथवा कब्जे के सम्बंध 1 में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती अथवा भार आदि हो तो उक्त व्यक्ति अथवा संस्था, विज्ञप्ति प्रकाशन से 10 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पी पश्चात की गई की गई आपत्ती अमान्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। अत: एतद् जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि के सम्बंध में कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था विक्रेता से किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार न करे तथा यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती अथवा भार हो तो मय दस्तावेज वह विज्ञप्ति प्रकशन से 10 दिवस की अवधी में मेरे कार्यालय आकर आपत्ती प्रस्तुती करें अवधी पश्चात की गई आपत्ती अमान्य होकर मेरे पक्षकर पर बंधनकारी नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।

दिनांक 27/10/2026

अंकित चौऋषिया एडवोकेट
नागेश्वरधाम कालोनी बड़नगर जिला उज्जैन
मो. 9770289183

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण 1. श्री लालचंद प्रजापति पिता श्री चुन्नीलाल प्रजापति व 2. श्रीमती गीता प्रजापति पति श्री लालचंद प्रजापति, निवासीगण कर्माखेड़ी, रूठियाई जिला गुना (म.प्र.) के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की व्यावसायिक मद में व्यपवर्तित भूमि सर्वे क्रमांक 555/2/1/1 (एस) रकबा 0.020 हेक्टर, स्थित ग्राम निनोरा तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य उज्जैन / इन्दौर रोड़ पर होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं तथा जिसके पूर्व दिशा में-भूमि सर्वे क्रमांक 554/2/2, पश्चिम दिशा में उज्जैन / इन्दौर मुख्य सड़क, उत्तर दिशा में भूमि सर्वे क्रमांक 556/2/2 व दक्षिण दिशा में-भूमि सर्वे क्रमांक 555/2/1/2 हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित एवं मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा । दिनांक-28.10.2026. उज्जैन,

निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट
कार्यालय-दुकान नं . डी-8, भरतपुरी शॉपिंग
काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़,
उज्जैन मो. 9301376778

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी नवीन भंसाली पिता श्री नेमीचन्द जैन निवासी-419, गुमास्ता नगर, इन्दौर (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-235/1/1 रकबा 0.2600 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-235/1/2/1 रकबा 0.1000 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-235/2/1 रकबा 0.2100 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-236/1 रकबा 0-3450 हेक्टयर कुल किता 4 कुल रकबा 0.9150 हेक्टयर तथा भूमि स्वामीगण 1. भूपेश रांका पिता श्री पुखराज रांका 2. श्रीमती सुमन रांका पति श्री भूपेश रांका निवासीगण 28 ए, स्कीम न. .71, 102-ए मोती महल, इन्दौर (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-235/1/1/2 रकबा 0.2600 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-235/1/2/2 रकबा 0-1000 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-235/2/2 रकबा 0.2100 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-236/2 रकबा 0.3450 हेक्टयर कुल किता 4 कुल रकबा 0.9150 हेक्टयर, इस प्रकार कुल रकबा 1-8300 हेक्टयर भूमि स्थित ग्राम कराडिया उर्फ नवाखेडा तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-35 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक-28-10-2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन
मो. 99930 79516-94250 94349

In The Court Of II-Civil Judge Class-II, District Court,Ujjain

PresidingOfficer: सुश्री पूजा भदौरिया
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) RCSA000008/ 2026
श्री अहिल्या गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या द्वारा प्रहलाद कुशवाह .....वादी
विरुद्ध
आनंदीलाल.....प्रतिवादी
प्रोसेस आईडी-/2026
पेशी दिनांक 05/11/2026

प्रेषिती.

(1) आनंदीलाल पिता शंकरलाल पता 3 रूपाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन

(2) मेहरबान पिता नागुराम जी पता ग्राम कढई पोस्ट रूपाखेडी तहसील व जिला उज्जैन

यह कि प्रार्थी श्री अहिल्या गृहनिर्माण सहकारी संस्था मर्या उज्जैन द्वारा अध्यक्ष प्रहलाद कुशवाह पिता काशीराम कुशवाह, आयु-31 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासी-53/2, लाला लाजपतराय मार्ग फाजलपुरा उज्जैन म प्र हाल मुकाम-नर्मदा विहार कालोनी एम आर 4 रोड उज्जैन म प्र कार्यालय का पता-172 मालीपुरा देवास गेट उज्जैन म प्र द्वारा मुख्त्याआम बालकृष्ण नागर पिता स्व. मदनलाल नागर, आयु-61 वर्ष, व्यवसाय-वकालत, निवासी-172 मालीपुरा उजैन मप्र ने आपके विरूद्ध एक वाद वास्ते घोषणात्मक सहायता, स्थायी निषेधाज्ञा आदेशात्मक निषेधाज्ञा व आधिपत्य प्राप्ति हेतु वादी संस्था के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जिसका सर्वे क्र. 1825/2 रकबा 0.602 आरए व सर्वे नंबर 1830 रकबा 1.233 आरए कुल भूमि रकबा 18.35 आर ए में से भूमि 1.221 आरए भूमि पूर्व दिशा तरफ की कस्बा उज्जैन पर स्थित एक भूखण्ड क्रमांक 129 जो कि नर्मदा विहार हरिस्वामी मार्ग एम आर 4 रोड उज्जैन के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया है मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगानी कार्य दिवस न्यायालय की मुद्रा वस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**

(श्रीमती पूजा भदौरिया)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड न्यायालय की मुद्रा
उज्जैन (म.प्र)

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रायसिंह पिता श्री देवजी निवासी-678, ग्राम खारचा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन एवं कृषक ग्राम बोरखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-330/2 रकबा 0.020 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-331/1/2 रकबा 0.200 हेक्टयर ग्राम बोरखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-12 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक राशि अदा कर दी है और रजिस्टर्ड अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ ण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक-28/10/2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स,
आरटीओ के पीछे, उज्जैन
मो. 99930 79516-94250 94349

न्यूज-कॉलम

कम बारिश होने से जिले को सूखाग्रस्त घोषित करें सरकार



मंदसौर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने इस वर्ष मंदसौर जिले में औसत से कम बारिश होने पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान मंदसौर जिले की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा खेती पर निर्भर है, और पर्याप्त बारिश न होने से फसलों की वृद्धि, उत्पादन तथा किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। श्री गुर्जर ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीमों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराकर फसलों के वास्तविक नुकसान का आंकलन किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा, राहत राशि और फसल बीमा योजना का लाभ समय पर मिलना चाहिए।

मंदसौर की तीनों जैन परिषदों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ बहुमान

मंदसौर। गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में मंदसौर की श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद, तरुण परिषद एवं महिला परिषद को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया था। इसी उपलक्ष्य में मुनि भगवन्त श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. एवं श्री पवित्ररत्नविजयजी म.सा. की निश्रा तथा श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर लोढ़ा, श्री संघ अध्यक्ष गजेंद्र हिंगड़, परमस्पर्श चातुर्मास समिति अध्यक्ष मनोहर सोनगरा, गोपालकृष्ण गौशाला अध्यक्ष संजय लोढ़ा, और वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र चपरोत व हरीश चपरोत की विशेष उपस्थिति में भव्य बहुमान समारोह आयोजित किया गया।

ज्वैलर्स पर चोरी की वारदात में शामिल आरोपी जीजा -साले गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



थाना माणकचौक पुलिस ने चौमुखीपुल क्षेत्र स्थित एक ज्वैलरी दुकान में हुई चोरी की वारदात के सात दिनों के भीतर ही पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी गया सामग्री और घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है।

बुधवार को नवीन कंट्रोल रूम पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 अक्टूबर फरियादी रजत भंडारी (संचालक भंडारी ज्वैलर्स, निवासी 193 चौमुखीपुल, रतलाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी दुकान से आर्टिफिशियल व्हाइट मेटल की पायल, कंदोरे, कड़ी और करीब 20 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं। इस पर थाना माणकचौक में अपराध दर्ज कर घटना की विवेचना शुरू कर दी थी। एसपी अमित कुमार ने बताया कि उक्त वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माणकचौक निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपियों की पहचान की और उन्हें धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। वही गिरफ्तार किये गए दो आरोपी रिश्ते में जीजा साले है। वही एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है।

आर्टिफिशियल आभूषणो को असली समझ कर वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आर्टिफिशियल आभूषण की दुकान असली सोने के आभूषण की दुकान समझ लिया था और वारदात को अंजाम दे दिया था। लेकिन अगले दिन सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से उन्हें पता चला कि उनके द्वारा चुराए गए आभूषण नकली है।

संत रविदासजी के विचार आज भी सामाजिक समरसता और समाज जागरण का आधार- श्री देशपांडे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत के मंदसौर विभाग एवं जिला के तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष एवं श्री अशोक सिंघल के 100वें जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने महर्षि वाल्मीकि जी और संत रविदास जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी किसी एक जाति विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज के वंदनीय महापुरुष हैं और उनके योगदान को साझा विरासत के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने संत रविदास जी के विचारों की व्याख्या करते हुए बताया कि उन्होंने जन्म आधारित ऊंच-नीच के विरोध में व्यक्ति के गुण, कर्म एवं आचरण को महत्व दिया। उन्होंने स्वामी रामानंदाचार्य जी, संत कबीर, संत धन्ना और संत सेना नाई जैसे संतों की गुरु परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि एकता और संगठन से समाज सशक्त बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभुलाल सूर्यवंशी ने सामाजिक समरसता के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

शुरूआत में विहिप मंदसौर विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने भूमिका रखी, जिसके बाद विभाग संयोजिका टीना दीदी शर्मा ने व्यक्तिगत गीत प्रस्तुत किया। मंच पर आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा शास्त्री, बसंत परमार, खगेन्द्र भार्गव, शिव प्रसाद शर्मा, अनुपाल सिंह झाला और डॉ. प्रवीण मण्डलोई आसीन रहे। जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य संत महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना था। अतिथियों का परिचय शंकर शर्मा ने कराया, मंच संचालन गोपाल कुमावत टांक ने किया तथा अंत में आभार विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा ने व्यक्त किया।

महाविद्यालय के 75 विद्यार्थियों ने किया सिटी कोतवाली का शैक्षणिक भ्रमण

मंदसौर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद के अंतर्गत सिटी कोतवाली पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान 75 विद्यार्थियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को थाने की विभिन्न गतिविधियों, शिकायतों पर की जाने वाली कार्रवाई और नागरिकों की सुरक्षा में पुलिस की भूमिका से अवगत कराया । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं।



संयुक्त पेंशनर संगठनों ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

संयुक्त पेंशनर संगठनों के प्रांतीय आह्वान पर प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन एवं म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा मंदसौर द्वारा अपनी 12 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के माध्यम से नायब तहसीलदार नारायण चौहान को सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन जिलाध्यक्ष सतीश नागर ने किया। इस दौरान एमपीईबी पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष खूबचंद शर्मा और सचिव राजेन्द्र सिंह चौधरी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ज्ञापन में जुलाई 2029 से केंद्रीय तिथि से महंगाई राहत का नियमित भुगतान करने, 90 माह का बकाया एरियर देने, जनवरी और जुलाई 2026 की महंगाई राहत में वृद्धि करने, उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्णय के अनुसार 32 माह का एरियर ब्याज सहित देने, सातवें वेतन आयोग के पूर्व के पेंशनर्स के लिए काल्पनिक वेतन निर्धारण कर एरियर देने, विद्युत मंडल के पेंशनर्स को पेंशन की गारंटी देने, चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की आदि मांगे रखी गई। इस अवसर पर डी.के. जैन, कन्हैयालाल सोनगरा, ओमप्रकाश मिश्रा, कैलाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

न्यूज कालम



जागरूकता रैली तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का शुभारंभ

मन्दसौर। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंदसौर जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का औपचारिक शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन जिला चिकित्सालय परिसर से नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। साथ ही गांधी चौराहे पर एक विशाल मानव श्रृंखला भी बनाई गई। सीएमएचओ डॉ. आर.के. द्विवेदी ने बताया कि आगामी 60 दिनों यानी 26 दिसंबर तक यह अभियान पूरे जिले में चलेगा जिसमें विभिन्न विभागों और शैक्षणिक संस्थानों के समन्वित प्रयास शामिल होंगे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत, नोडल अधिकारी डॉ. लेखा तंवर, डॉ. सौरव मंडवारिया, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. अर्पित यति, डॉ. एम.एल. कश्यप आदि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष स्वच्छता, सुरक्षा अभियान चलाया



नीमच, । जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित और संक्रमणमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित विशेष स्वच्छता अभियान 6.0 का 27 अक्टूबर को सफलतापूर्वक समापन हुआ। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में साफ-सफाई, स्वच्छता प्रबंधन एवं संक्रमण नियंत्रण संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद तथा जिला चिकित्सालय नीमच के सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

अफीम तस्कर को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

नीमच। विशेष न्यायाधीश जावद, द्वारा अपने निर्णय में तस्करी के प्रयोजन से अपने घर में 63 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम रखने वाले आरोपी मदनलाल पिता चैनराम धाकड़, निवासी-ग्राम मानपुरा, को एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 लाख अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

जैन सोशल ग्रुप मैत्री के स्थापना दिवस पर फैंसी ड्रेस व दंपति गरबा की रही धूम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



जैन सोश्यल ग्रुप (जेएसजी) मैत्री' परिवार द्वारा ग्रुप के 17 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक गरबा महोत्सव का आयोजन निजी रिसोर्ट पर किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मैत्री दम्पत्ति साथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्म, संस्कृति और आपसी मैत्री का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताः कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही। बच्चों ने धार्मिक, पौराणिक और सामाजिक संदेश देने वाले विविध स्वरूप धारण कर मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाई और उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

महिलाओं का पारंपरिक गरबाः ग्रुप की महिला सदस्यों ने आकर्षक पारंपरिक गुजराती एवं राजस्थानी परिधानों में सज-धजकर भक्ति गीतों की धुन पर एकल और सामूहिक गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

धार्मिक भावना से ओतप्रोत कपल गरबाः महोत्सव में दंपत्ति सदस्यों (कपल्स) ने पूर्ण धार्मिक भावना और मयार्दा के साथ गरबा रास खेला। भक्तिमय संगीत की स्वर लहरियों पर कदमताल करते सदस्यों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम में रोमांच और उत्साह को दोगुना करने के लिए ग्रुप सदस्यों के बीच विशेष 'लक्की ड्रॉ' का आयोजन किया गया, जिसके विजेताओं को आकर्षक उपहार भेंट किए गए। इसके साथ ही, फैंसी ड्रेस और गरबा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी बच्चों, महिलाओं और दंपत्ति साथियों को मंच पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री अध्यक्ष संदीप श्रीमाल, संस्थापक अध्यक्ष अनिल धारीवाल, संदीप रांका, पंकज कांठेड, आशीष पोखरना,राजीव लुक्कड़, आलोक बरैया, राजेश पोखरना, सचिव संदीप जैन, कोषाध्यक्ष शरद डूंगरवाल, दीपक मेहता, अर्पल कोचट्टा,विपिन चोरडिया, शैलेष ,राजेश हिंगड़, अजय पटवा, नितिन भण्डारी, तरुण टुकड़िया, संजय भटेवरा, मनीष पोखरना, वैभव चपड़ोद, संदीप दसेड़ा, आशीष चत्तर सहित ग्रुप के दम्पत्ति साथी उपस्थित थे।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नीमच जिला नीमच (म.प्र.)

क्रं. 381/ई-टेण्डर/01/लो.नि.वि./2026/ नीमच, दिनांक 28/10/2026

।। ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना ।।

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र./टेण्डर क्र.	कार्य का नाम	अवधि एवं लागत	प्रपत्र/EMD	अंतिम तिथि
2026_UAD_538352	वार्ड क्र. 31 भूतेश्वर मंदिर रोड से प्लाट 01 तक डामरीकरण	6 Months 2023626+GST	5000 15200	11-11-2026
2026_UAD_538270	वार्ड क्र. 13 शास्त्री नगर बगीचा विकसित कार्य	3 Months 1525213+GST	2000 11500	11-11-2026
2026_UAD_523192	वार्ड क्र. 06 मांगलिक भवन में किचन शेड व पेवर ब्लॉक निर्माण	3 Months 716486+GST	2000 7200	04-11-2026
2026_UAD_538260	वार्ड क्र. 01 रामपुरा दरवाजा शिव से भंवरसिंह तक CC रोड	3 Months 822532+GST	2000 8500	04-11-2026
2026_UAD_538257	वार्ड क्र. 27 भाग्येश्वर मंदिर धर्मशाला के पीछे नाली निर्माण	3 Months 272241+GST	2000 3000	04-11-2026
2026_UAD_544914	वार्ड क्रं. 04, कोर्ट मोहल्ला पानी की टंकी के पास रिपेयरिंग कार्य	3 Months 765728+GST	2000 7700	11-11-2026
2026_UAD_545018	वार्ड क. 18 अम्बेडकर कॉलोनी अम्बे माता मंदिर में CC कोट	6 Months 1804813+GST	2000 13600	28-11-2026
2026_UAD_538243	वार्ड क. 23 तीन बत्ती चौराहे से पुलिया तक CC रोड एवं नाली कार्य	3 Months 1186025+GST	2000 8900	11-11-2026

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, नीमच | **श्री मनोहर मोटवानी** सभापति, लो.नि.वि., नीमच | **मुख्य नगरपालिका अधिकारी** नगरपालिका परिषद, नीमच जिला नीमच (म.प्र.)

भाजपा जिला मंत्री सहित छह लोगों पर जमीन विवाद में मारपीट पर एफआईआर दर्ज

नीमच । जिले के हिंगोरिया क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर भाजपा जिला मंत्री रोशन वर्मा सहित छह लोगों के खिलाफ बंधाना थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि खेत पर हुए विवाद के दौरान आरोप है कि इरा दौरान गाली-गलौज और मारपीट की गई। बीच-बचाव करने आए अन्य लोगों के साथ भी मारपीट किए जाने की बात शिकायत में कही गई है। शिकायतकर्ता ने लकड़ी से हमला करने और चोटें आने का भी आरोप लगाया है। उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। एफआईआर के अनुसार, घटना 16 अक्टूबर की है। शिकायतकर्ता खेत पर मौजूद था, तभी जमीन संबंधी विवाद को लेकर रोशन वर्मा अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। प्राथमिकी में भाजपा जिला मंत्री रोशन वर्मा के अलावा नवीन वर्मा, संदीप वर्मा, मोहित गोयल, दिव्यप्रकाश गोयल और राकेश साल्वी के नाम शामिल हैं। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक आनंद निषाद को सौंपी गई है।

गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना

महिदपुर। शासन की मंशानुसार वृंदावन ग्राम मकला में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित करने व उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादक गायों की पहचान कर पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए पुरस्कार राशि के माध्यम से उन्नत देशी नस्ल की गायो के पालन को प्रोत्साहित करने के लिए 30 व 31 अक्टूबर को वृंदावन ग्राम मकला मे गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का आयोजन किया जाना है जिसमें स्वदेशी नस्ल की गायो जैसे गिर, साहिवाल, थारपारकर, व मालवी जिनका प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 06 लीटर या उससे अधिक हे वे आवेदन हेतु पात्र होंगे। उक्त आयोजन में पशुपालकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में राशि 1 लाख, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार व तृतीय पुरस्कार के रूप में राशि 25 हजार रु प्रदाय किये जावेंगे।

पटेल का निधन

जगोटी। आंजना समाज के सदस्य जीवन सिंह पटेल 55 का मंगलवार को निधन हो गया, वे कई दिनों से पीड़ित थे। अंतिम यात्रा उनके आवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों व समाजजनों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि दी। मुखाग्नि पुत्र नरेंद्र कालू पटेल ने दी।

सामाजिक चेतना केंद्र पर 710 नवसाक्षरों ने दी परीक्षा

सारंगपुर। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन शनिवार के दिन एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र पाडल्यामाता के अन्तर्गत किया गया जिसमे 21 सामाजिक चेतना केंद्रों पर 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 710 नवसाक्षरों द्वारा परीक्षा दी गई। परीक्षा में महिला पुरुषों द्वारा उत्साह के साथ भाग लिया गया। प्रधानाध्यापक एवं पर्यवेक्षक के रूप में सभी शिक्षकगणों ने पर्यवेक्षण कार्य किया। सभी केंद्रों पर सुबह 10 से 5 बजे तक परीक्षा कार्य चलता रहा। सामाजिक चेतना केंद्रों का नियुक्त दल द्वारा परीक्षा का औचक निरीक्षण भी किया गया।

मनुष्य को ईमानदारी और निष्ठा से प्रयास करते रहना चाहिए: मुनिश्री

सारंगपुर। मनुष्य के जीवन में पुरुषार्थ का विशेष महत्व है, लेकिन जब पुरुषार्थ के साथ पुण्य का संयोग होता है, तो छोटे से प्रयास से भी बडी उपलब्धियां प्राप्त हो सकती हैं। वहीं पुण्य का अभाव होने पर व्यक्ति को अधिक मेहनत करने के बाद भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाते। हालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि मनुष्य पुरुषार्थ करना छोड दे, बल्कि उसे हर परिस्थिति में पूरी ईमानदारी, निष्ठा और सकारात्मक भाव के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहना चाहिए। यह बात मुनि प्रवर सागर ने अपने प्रवचनों में कही। मुनिश्री ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल परिश्रम ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमारे विचार, भाव और कर्म भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी संपन्न

सारंगपुर। शरदोत्सव की शुरूआत आश्विन मास के शुक्ल पक्ष से होती है। यह पर्व नारी के भीतर निहित शक्ति, संरक्षण और संहारक क्षमता का उत्सव है और माँ की साधना का पर्व है। नवरात्र में माँ के नौ रूपों की पूजा इस बात का प्रतीक है कि नारी केवल कोमल नहीं, बल्कि आवश्यकता पडने पर महिषासुर जैसी सामाजिक बुराइयों का अंत करने वाली महाशक्ति भी है। उक्त उद्गार शरद पूर्णिमा एवं वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर स्थानीय श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, पुराना दशहरा मैदान पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद सारंगपुर द्वारा आयोजित विशाल साहित्यिक काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक, वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम शंकर पांडे ने अपने बीज वक्तव्य में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला ने की। विशेष अतिथि मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया रहे। दोनों अतिथियों ने कार्यक्रम की सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों को धन्यवाद दिया।

पिछले साल भी सामने आए थे मामले : धमाके से आंखों और शरीर में चोट लगने का खतरा

दीपावली पर कार्बाइड गन की बिक्री पर लगे रोक, बच्चों की सुरक्षा को लेकर उठी मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में आतिशबाजी और अन्य सामग्री की बिक्री शुरू हो गई है। इसी बीच क्षेत्र में कार्बाइड गन की बिक्री और उसके इस्तेमाल को लेकर बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा भी सामने आया है। दीपावली के दौरान बाहर से आने वाले विक्रेता बड़ी संख्या में कार्बाइड गन बेचते हैं। बच्चे और युवा इन्हें खरीदकर इस्तेमाल करते हैं लेकिन इनके चलाने में जरा सी लापरवाही गंभीर चोट का कारण बन सकती है। ऐसे में त्योहार से पहले कार्बाइड गन की बिक्री और उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने की मांग उठ रही है।

कार्बाइड गन चलाने के दौरान तेज धमाका होता है। इसके इस्तेमाल में सावधानी नहीं बरतने पर आंखों, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगने का खतरा रहता है। खासकर कम उम्र के बच्चे उत्साह में इसे चलाते समय सुरक्षा का ध्यान नहीं रखते। कई बार गन को चेहरे के नजदीक रखकर चलाने या आसपास खड़े लोगों की मौजूदगी में इस्तेमाल करने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में यह मनोरंजन का साधन बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

पिछले वर्ष दीपावली के दौरान भी कार्बाइड गन से जुड़े मामले सामने आए थे।

दीपावली खुशियों का त्योहार है और इस दौरान बच्चों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में प्रशासन से मांग है कि कार्बाइड गन की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के लिए नियमानुसार आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही अभिभावक भी बच्चों को इसके खतरों के बारे में समझाएं, ताकि त्योहार के दौरान किसी बच्चे को चोट न पहुंचे और दीपावली सुरक्षित माहौल में मनाई जा सके।

इनका कहना:

कार्बाइड गन की बिक्री पर निगरानी रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति इनकी बिक्री करते हुए पाया जाता है तो इसकी शिकायत करें, ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

अनिल मालवीय
थाना प्रभारी सुसनेर

बाहरी विक्रेताओं की बिक्री पर हो निगरानी

क्षेत्र में बाहर से आने वाले विक्रेताओं द्वारा कार्बाइड गन की बड़ी संख्या में बिक्री किए जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभागों को बाजारों में निगरानी बढ़ाने की जरूरत है। कार्बाइड गन की बिक्री करने वालों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा इनके इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए।



महिदपुर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नि:शुल्क कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित

महिदपुर। 24 अक्टूबर को आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उज्जैन के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नि:शुल्क कैंसर जागरूकता कार्यशाला एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यशाला में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पेंडारकर तथा रक्त कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अमित एवं डॉ. कैलाश शर्मा ने कैंसर के लक्षण, बचाव, समय पर जाँच एवं उपचार की जानकारी दी। कुछ मरीजों ने अपनी पुरानी रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सकीय परामर्श भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक गिरधारीलाल उथरा रहे तथा अतिथि परिचय माँ शारदा शिक्षण समिति के सचिव नरेश पालीवाल ने दिया। शिविर में विद्यालय के भैया-बहनों, अभिभावकों, आचार्य परिवार एवं समिति सदस्य ललित गार्डी की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन संस्था के आचार्य घनश्याम शर्मा ने किया

मोड़ी में प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न, 25 प्रतिभागियों ने लिया भाग



सुसनेर। जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में मंगलवार को सेक्टर-03 के ग्राम मोड़ी स्थित ग्राम पंचायत भवन में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों एवं नवांकुर सखियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन नवांकुर संस्था सारथी युवा मंडल मोड़ी द्वारा किया गया। कार्यक्रम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा एवं विकासखंड समन्वयक सत्यनारायण सोनी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गोपाल मालवीय एवं भाजपा मंडल महामंत्री अश्वनी डावर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान परामर्शदाता ज्योति बैरागी ने जन अभियान परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके उद्देश्यों एवं गतिविधियों के बारे में बताया। वहीं, सारथी युवा मंडल के अध्यक्ष जगदीश परमार ने प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने समितियों के कार्यों का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने तथा गतिविधियों के दस्तावेजीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के समापन पर अतिथियों द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

धूमधाम से मनाई अजमीढ़जी महाराज की जयंती, चल समारोह का भव्य स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के आराध्य एवं आदिपुरुष श्री अजमीढ़ जी महाराज की जयंती रविवार को नगर में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मेढ़ क्षत्रिय युवा संगठन एवं मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जयंती के अवसर पर समाजजनों ने दिनभर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आयोजन में सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः श्री राधाकृष्ण भगवान के अभिषेक एवं श्रृंगार के साथ हुई। इसके बाद भगवान राधाकृष्ण और श्री अजमीढ़ जी महाराज की आरती की गई। प्रातः 9 बजे श्री राधाकृष्ण स्वर्णकार मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह का समाजजनों एवं नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत कर पुष्पवर्षा की।

समारोह में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन स्थल सुमन मैरिज गार्डन जामुनिया रोड पर दिनभर विभिन्न कार्यक्रम हुए। दोपहर में भोजन प्रसादी वितरित की गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम को अतिथियों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इसके बाद श्री अजमीढ़ जी महाराज की महाआरती कर भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। वहीं शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात्रि 12 बजे आरती के बाद खीर प्रसादी का वितरण किया गया। पूरे आयोजन में समाजजनों ने उत्साह के साथ भाग लेकर जयंती मनाई।

प्रेम, आस्था और अखंड सौभाग्य का महापर्व करवा चौथ आज

- चतुर्थी तिथि और धार्मिक परंपराओं के बीच सजेगी आराधना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

भारतीय संस्कृति में कुछ पर्व केवल तिथि और त्योहार नहीं, अपितु प्रेम, विश्वास, समर्पण और आत्मीय संबंधों के उत्सव होते हैं। करवा चौथ ऐसा ही अनुपम पर्व है, जिसमें सुहाग की मंगलकामना, दाम्पत्य जीवन की मधुरिमा और सनातन परंपरा की आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम दिखाई देता है। इस वर्ष करवा चौथ का पावन व्रत गुरुवार 29 अक्टूबर को श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा।

खेडापति हनुमान मंदिर सारंगपुर पुजारी पं पवन ब्रज जगदीश पारीक ने बताया कि कार्तिक कृष्ण चतुर्थी के अवसर पर सुहागिन महिलाएँ पति की दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और दाम्पत्य जीवन की अखंड मधुरता की कामना से व्रत रखेंगी। प्रातःकाल से आरंभ होने वाली व्रत-साधना दिनभर के उपवास, संध्याकालीन पूजन, करवा चौथ की कथा और रात्रि में चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात पूर्ण होगी।

पं पारीक ने कहा की पंचांग गणना के अनुसार चतुर्थी तिथि का इस पर्व में विशेष महत्त्व है। गुरुवार को भगवान विष्णु और देवगुरु बृहस्पति की आराधना से भी जोडा जाता है, जबकि करवा चौथ की परंपरा में भगवान शिव, माता पार्वती, श्रीगणेश और चंद्रदेव का पूजन विशेष स्थान रखता है।

देवपुर की प्रसूता ने दिया शिशु को जन्म

108 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, रास्ते में कराया सुरक्षित प्रसव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

आपातकालीन परिस्थितियों में 108 एंबुलेंस सेवा जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित हो रही है। सोमवार रात ग्राम देवपुर में एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस बुलाई गई। महिला को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज हो गई। ऐसे में एंबुलेंस में मौजूद पैरामेडिकल स्टाफ मुकेश दांगी एवं पायलट अमर सिंह वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। इसके बाद महिला और नवजात को सुसनेर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों सुरक्षित हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम देवपुर निवासी राधाबाई पति दुर्गेश मालवीय को सोमवार रात अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने स्थिति को देखते हुए 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और प्रसूता को अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुई।

पांचवीं डिलीवरी, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

राधाबाई की यह पांचवीं डिलीवरी थी। प्रसव के बाद एंबुलेंस स्टाफ ने महिला और नवजात को सुरक्षित सुसनेर अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की स्थिति सुरक्षित बताई गई। इस दौरान एंबुलेंस स्टाफ की तत्परता से प्रसूता को समय पर सहायता मिल सकी। 108 एंबुलेंस सेवा की भूमिका एक बार फिर महत्वपूर्ण साबित हुई।

करवा चौथ को लेकर महिलाओं में दिखा उत्साह, दिनभर बाजारों में रही चहल-पहल

- अखंड सुहाग की कामना के लिए आज रखेंगी निर्जला व्रत
- रात में चांद के दीदार के बाद करेंगी पति की पूजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

अखंड सुहाग और पति की लंबी आयु की कामना का पर्व करवा चौथ गुरुवार, 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बुधवार को नगर के बाजारों में दिनभर चहल-पहल रही। महिलाओं ने करवा चौथ की तैयारियों के लिए खरीदारी की। बाजार में पूजन सामग्री, करवा, छलनी, श्रृंगार सामग्री, आभूषण और पारंपरिक परिधानों की दुकानों पर महिलाओं की आवाजाही बनी रही।

करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में खुशहाली की कामना के साथ व्रत रखती हैं। परंपरा के अनुसार महिलाएं सुबह से निर्जला व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से करवा माता की पूजा करती हैं और रात में चंद्रमा के दर्शन करने के बाद व्रत का पारण करती हैं।

पर्व को लेकर महिलाओं में श्रृंगार का भी विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। कई महिलाएं ब्यूटी पार्लर में सजने-संवरने की तैयारी कर रही हैं, वहीं पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण और सोलह श्रृंगार के माध्यम से इस पर्व को खास बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। महिलाएं पूजा के लिए आवश्यक सामग्री जुटाने में भी लगी हुई हैं।

नवदंपतियों में भी पर्व को लेकर उत्साह

बदलते समय के साथ करवा चौथ मनाने के तरीकों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। अब कई नवविवाहित जोड़े एक-दूसरे के साथ व्रत रखकर जीवनभर साथ निभाने की कामना करते हैं। पति-पत्नी एक-दूसरे को उपहार देकर अपने रिश्ते में प्रेम और अपनापन बढ़ाने का प्रयास करते हैं। कुछ घरों में महिलाओं के सामूहिक पूजन, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक आयोजनों की भी तैयारियां की जा रही हैं।

मजबूत सड़कें बनाने लैंक्सेस और हिंदुस्तान कोलास में समझौता

नागदा। भारत में सड़क निर्माण की गुणवत्ता, टिकाऊपन और कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष रसायन बनाने वाली कंपनी लैंक्सेस और हिंदुस्तान कोलास प्राइवेट लिमिटेड ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां बिटुमेन और डामर में सुधार करने वाली आधुनिक तकनीकों के तकनीकी एवं व्यावसायिक अवसरों का मूल्यांकन करेंगी। इसका उद्देश्य सड़क निर्माण की गुणवत्ता बेहतर बनाने, निर्माण प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाने तथा पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी मानकों को मजबूत करना है।

समझौते के अंतर्गत दोनों कंपनियां लैंक्सेस की एडिपेव तकनीकों का प्रयोगशाला और व्यावसायिक स्तर पर संयुक्त परीक्षण करेंगी। इसमें बहुलक संशोधित बिटुमेन और कम तापमान पर डामर तैयार करने एवं बिछाने की तकनीक प्रमुख रूप से शामिल हैं। परीक्षणों के माध्यम से भारतीय परिस्थितियों में इन तकनीकों की उपयोगिता और प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा।

कम तापमान पर डामर बिछाने का मूल्यांकन

समझौते में एडिपेव डब्ल्यूएम 23 नामक डामर योजक तकनीक का परीक्षण और उसे प्रोत्साहित करना भी शामिल है। इस तकनीक का उद्देश्य डामर तैयार करने और सड़क पर बिछाने के दौरान तापमान कम करना है।

मिल्क सेंटर व मावा भंडार से लिए गए सैंपल

सारंगपुर। त्योहारों और आम दिनों में नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए प्रशासन अब पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ एक संयुक्त और औचक कार्रवाई करते हुए सारंगपुर विकासखंड क्षेत्र के प्रमुख डेयरी व मावा प्रतिष्ठानों पर ताबडतोड निरीक्षण किया। इस दौरान दूध और मावे के संदेहास्पद नमूनों को संग्रहित कर उन्हें विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस खत्री के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ टीम ने सबसे पहले सारंगपुर के व्यस्त क्षेत्र तारागंज का रुख किया। यहाँ स्थित प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक मिल्क सेंटर और ओयस्टर मिल्क प्रोडक्ट्स चिलिंग सेंटर पर पहुंचकर टीम ने मिल्क कलेक्शन और स्टोरेज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

श्रीराम मंदिर से चंदा चोरी, आस्था के साथ धोखा- दिग्विजय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



सारंगपुर से सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के आठवें दिन का शुभारंभ हुआ। उज्जैन से आयोध्या तक जा रही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की पदयात्रा धर्मरथ में विराजमान प्रभु श्रीरामलला सरकार, पवित्र तीर्थों के जल से भरे कलशों एवं पार्थिव शिवलिंग का विधिवत पूजन-अर्चन कर मंगल आरती की। उसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री श्रीसिंह एवं सभी पदयात्रियों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को ससम्मान सलामी अर्पित की और धर्म, सत्य, सद्भाव एवं सनातन के स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प दोहराते हुए आगे की यात्रा की शुरूआत की।

इसके पहले मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने संवाद करते हुए कहा कि भगवान को समर्पित धन, देव द्रव्य की चोरी अर्थात चंदा और चढावा चोरी को महापाप माना गया है। ऐसा ही महापाप भाजपा-आरएसएस के लोगों द्वारा अयोध्या के श्रीराम मंदिर में सामने आया है, लेकिन पूरे मामले को दबाने और बडे चोरों को छिपाने की कोशिश की जा रही है। सिंह ने कहा कि सवाल यह है कि जिन भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस से जुडे लोगों को प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं ट्रस्टी के रूप में बिना सार्वजनिक चर्चा के चुना था, अब जब यह साबित हो चुका है कि उनकी निगरानी में देश के करोडों लोगों की आस्था को ठेस पहुँचाने वाला यह घृणित पाप हुआ है, तो राम मंदिर का श्रेय लेने में सबसे आगे रहने वाले प्रधानमंत्री अब मौन साधकर महापापियों को बचाने का कुत्सित प्रयास क्यों कर रहे हैं।

सवाल यह है कि जब आरएसएस और ट्रस्ट के अनुसार, निधि समर्पण अभियान (2021) में निधि समर्पण और कॉर्पस दान मिलाकर 3264 करोड एकत्र हुए।

दर्जनों मंचों ने यात्रा का किया भव्य स्वागत

सारंगपुर नगर से आगे बढते हुए सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा जब राठी परिसर, बस स्टैंड से पुराने एबी रोड पर पहुंची तो परशुराम चौराहे पर भगवान के फरसे की पूजा अर्चना की, इस दौरान पुजा पं. बालकृष्ण शर्मा और मोहन जोशी ने कराई। जबकि सांई मंदिर में सांई भगवान की पूजा भी सिंह के द्वारा की गई।

वैष्णोदेवी मंदिर से निकला दुर्गावाहिनी का शक्ति संचलन



ब्यावरा। नारी शक्ति, साहस और आत्मविश्वास का संदेश लेकर मंगलवार सुबह ब्यावरा में दुर्गावाहिनी की कार्यकर्ताओं ने शक्ति संचलन निकाला। वैष्णोदेवी मंदिर से शुरू हुआ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों और बाजार से होकर गुजरा। इसमें दुर्गावाहिनी की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। संचलन का समापन वापस वैष्णोदेवी मंदिर परिसर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अश्विता गर्ग ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भोपाल से आईं साध्वी रंजना उपस्थित रहीं। उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए महिलाओं से अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सजग, आत्मनिर्भर और सशक्त बनकर समाज में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही दुर्गावाहिनी की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक महिलाओं से संगठन से जुड़ने की अपील की। नारी शक्ति को बताया दुर्गा का स्वरूप साध्वी रंजना ने भारतीय नारी शक्ति को दुर्गा का स्वरूप बताते हुए कहा कि साहस, आत्मविश्वास और जागरूकता महिलाओं की ताकत हैं। उन्होंने महिलाओं को सामाजिक चुनौतियों और लव जिहाद जैसे कथित षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। शक्ति संचलन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति, एकजुटता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं



ब्यावरा-राजगढ़। राजगढ़ जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में ग्राम बसखो निवासी कंवरलाल ने बताया कि आवेदक के ग्राम में आमजन हेतु बनाए गए रास्ते पर अनावेदक द्वारा नाली बना दी गई। जिससे आवेदक व आमजन को ग्राम में आने जाने में काफी परेशानिया हो रही हैं। कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्राम आकंखेडी कलां निवासी कालूराम ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ। आवेदक द्वारा प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर बना लिया, परन्तु आवेदक के पुत्र द्वारा नकली दस्तावेज तैयार पर प्रधानमंत्री आवास को अपने नाम कर लिया तथा आवेदक को आवास में रहने नहीं दिया जा रहा। कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्राम गिन्दौरहाट निवासी जितेन्द्र ने बताया कि आवेदक को पूर्व में किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा था, परन्तु किसी कारण वश अब किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना बंद हो गया। जिससे आवेदक का काफी परेशानिया हो रही। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार सुठालिया को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर 98 आवेदन प्राप्त हुए।



प्रेम, विश्वास और अखंड सौभाग्य का महापर्व है...

करवा चौथ

करवाचौथ का व्रत हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। यह पर्व सामान्यतः अक्टूबर या नवंबर में पड़ता है। हालांकि, कुछ पंचांगों में मास-गणना की परंपरा के कारण इसे आश्विन कृष्ण चतुर्थी से भी जोड़ा जाता है। इस वर्ष यह पर्व 29 अक्टूबर को पड़ रहा है।

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में करवाचौथ का विशेष स्थान है। यह केवल एक व्रत नहीं, बल्कि प्रेम, समर्पण, विश्वास और दांपत्य जीवन की मंगलकामना का प्रतीक है। उत्तर भारत में विशेष रूप से लोकप्रिय यह पर्व पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना के साथ मनाया जाता है। बदलते समय में करवाचौथ का स्वरूप भी व्यापक हुआ है और अब अनेक पति भी अपनी पत्नी के साथ व्रत रखकर परस्पर प्रेम और समान भागीदारी का संदेश देते हैं। करवाचौथ का व्रत हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। यह पर्व सामान्यतः अक्टूबर या नवंबर में पड़ता है। हालांकि, कुछ पंचांगों में मास-गणना की परंपरा के कारण इसे आश्विन कृष्ण चतुर्थी से भी जोड़ा जाता है। इस वर्ष यह पर्व 29 अक्टूबर को पड़ रहा है।

व्रत के नियम और पूजन विधि

करवाचौथ के दिन प्रातःकाल स्नान के बाद व्रत का संकल्प लिया जाता है। सूर्योदय से पहले सास अपनी बहू को सरगी देती हैं, जिसमें फल, मिठाइयां, मेवे और अन्य खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। इसके बाद व्रती महिलाएं दिनभर भोजन और जल का त्याग करती हैं। हालांकि, निर्जला व्रत धार्मिक परंपरा है, अनिवार्यता नहीं; स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर चिकित्सकीय सलाह को प्राथमिकता देनी चाहिए।

शाम को महिलाएं लाल, गुलाबी या अन्य शुभ रंगों के वस्त्र पहनकर सोलह शृंगार करती हैं। पूजा के लिए करवा यानी मिट्टी या धातु के पात्र में जल भरकर रखा जाता है। भगवान गणेश, माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा की जाती है। रोली, अक्षत, दीपक, पुष्प, मिठाई और सुहाग सामग्री अर्पित करने के बाद करवाचौथ की कथा सुनी जाती है। रात में चंद्रमा निकलने पर अर्घ्य दिया जाता है और छलनी से चंद्र दर्शन करने के बाद पति का चेहरा देखा जाता है। इसके पश्चात पति के हाथों से जल ग्रहण करके व्रत खोला जाता है।



करवाचौथ की पौराणिक कथा

करवाचौथ की सबसे प्रचलित कथा वीरवती नामक एक पतिव्रता स्त्री की है। वीरवती अपने सात भाइयों की इकलौती बहन थी। विवाह के बाद उसने पहली बार करवाचौथ का व्रत रखा। भूख-प्यास से व्याकुल बहन की हालत देखकर उसके भाइयों ने छलपूर्वक एक पेड़ के पीछे अग्नि जलाकर उसे चंद्रमा निकलने का आभास कराया। वीरवती ने उसे चंद्रमा समझकर व्रत खोल लिया। कथा के अनुसार, इसके बाद उसे पति के संकटग्रस्त होने का समाचार मिला। वह अत्यंत दुखी हुई और पूरे श्रद्धाभाव से देवी की आराधना करने लगी। अंततः उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर देवी ने उसके पति को पुनः जीवन प्रदान किया। इस कथा का संदेश है कि श्रद्धा, धैर्य और संकल्प जीवन की कठिन परिस्थितियों में संबल बनते हैं। पौराणिक मान्यताओं में माता पार्वती को अखंड सौभाग्य और आदर्श दांपत्य का प्रतीक माना गया है। भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा के माध्यम से वैवाहिक सुख, प्रेम और पारिवारिक समृद्धि की कामना की जाती है। चंद्रमा को अर्घ्य देना मन की शांति और शुभता से भी जोड़ा जाता है।

सूरत के भूत मामा मंदिर में सिगरेट चढ़ाते हैं भक्त, पूरी होती है मन्नत

गुजरात के सूरत स्थित अथवाल लाइन्स में करीब सौ साल पुराना भूत मामा मंदिर आस्था का अनोखा केंद्र है। यहां भक्त फूल या मिठाई के बजाय सिगरेट चढ़ाकर बंजारा संरक्षक देवता की पूजा करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से प्रार्थना करने पर भूत मामा पारिवारिक समस्याओं और विवाह में आने वाली बाधाओं को दूर करते हैं।



भारत देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जहां पर देवी-देवताओं को अनोखा चढ़ावा चढ़ाया जाता है। बता दें कि गुजरात के सूरत में एक खास मंदिर है। यहां पर भक्त भगवान को फूल, प्रसाद या मिठाई आदि नहीं बल्कि सिगरेट का चढ़ावा चढ़ाते हैं। इस मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले भक्त इस विश्वास के साथ सिगरेट को जलाकर रखते हैं कि भूत मामा उनकी परेशानियों को दूर करके मनोकामना पूरी करेंगे। सूरत के अथवाल लाइन्स इलाके में आदर्श सोसाइटी के तहत भूत मामा मंदिर करीब 100 साल पुराना बताया जाता है। तो वहीं कुछ लोगों का मानना है कि मंदिर करीब 125 से 130 साल पुराना है। इस मंदिर की प्राचीनता ही इसकी खासियत नहीं है, बल्कि यहां पर पीढ़ियों से चली आ रही अनोखी परंपरा भी काफी प्रसिद्ध है।

जानें बंजारा संरक्षक की कहानी

स्थानीय लोककथाओं के अनुसार, यह कहानी उस दौर की है, जब इस इलाके में बंजारा समुदाय के लोग रहते थे। सालों पहले जब बंजारा समुदाय के सामने खाने की गंभीर कमी हो गई, तो एक बंजारे की मौत हो गई। उस बंजारे की याद में एक समाधि बनाई गई और समय के साथ उनको स्थानीय लोग भूत मामा के रूप में पूजने लगे। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि भूत मामा सिर्फ एक रक्षक देवता हैं। उन्होंने ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए अपनी जान दे दी थी। इसलिए लोगआशीर्वाद के लिए प्रार्थना करते हैं। भूत मामा मंदिर की अनोखी परंपरा सिगरेट चढ़ाना है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, भूत मामा को धूम्रपान का काफी ज्यादा शौक था। इस वजह से भक्त आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में भूत मामा को सिगरेट भेंट करते हैं।

Sport

आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन पहले से तीसरे पर आए

अभिषेक शर्मा बने नंबर-1 टी20 बल्लेबाज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में शतक जमाने वाले भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ताजा आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले सप्ताह तक टॉप पर रहे ईशान किशन दो स्थान फिसल कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

चार भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में शामिल हैं। गेंदबाजों और ऑलराउंडर्स की टॉप-10 लिस्ट में कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं है। अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर-1 गेंदबाज और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 ऑलराउंडर हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 13 अक्टूबर के बाद से कोई मैच नहीं खेला, उन्हें ईशान किशन के इंजर्ड होने का फायदा मिला। ईशान न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा और तीसरा टी-20 नहीं खेल सके, जिसके चलते उनकी रैंकिंग कम हो गई। टीम इंडिया का कोई भी गेंदबाज टॉप 10 में जगह नहीं बना पाया है। अक्षर पटेल एक स्थान फिसलकर 11वें नंबर पर आ गए हैं।



हार्दिक पंड्या भारत के टॉप ऑलराउंडर

चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे हार्दिक पंड्या अब भी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय ऑलराउंडर बने हुए हैं। वे 184 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 13वें स्थान पर हैं। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 और पाकिस्तान के सईम अयूब नंबर-2 ऑलराउंडर हैं। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन पहली बार अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट की दो कैटेगरी में नंबर-1 बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 85 रन बनाने के साथ 5 विकेट भी लिए। उनके प्रदर्शन की बदौलत साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज में बराबरी की।

4 साल से नंबर-1 थे रविंद्र जडेजा

यानसन गेंदबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान ऊपर चढ़कर उन्होंने मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा और नंबर-1 बन गए। यानसन ने ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाकर भारत के रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया। रवींद्र जडेजा चार साल से ज्यादा समय से टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में टॉप पर थे।

गोल्ड मेडलिस्ट पैरा एथलीट नीरज यादव की संदिग्ध मौत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तीन बार के एशियन पैरा गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट नीरज यादव का मंगलवार रात दिल्ली में निधन हो गया। कोच का दावा है कि उनकी मौत जहर खाने से हुई है। नीरज डोपिंग के चलते 4 साल से प्रतिबंधित थे। 42 साल के नीरज यादव पैरा एथलेटिक्स की एफ-55 कैटेगरी में हिस्सा लेते थे। इसमें खिलाड़ी बैठकर थ्रो करने वाले इवेंट में हिस्सा लेते हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ बांग्लादेश का स्कोर 148/3

ढाका। बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन दूसरे सेशन तक 3 विकेट पर 148 रन बना लिए हैं। मीरपुर में बुधवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनर शादमान इस्लाम 65 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ तौहीद हृदोय 23 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। वहीं, बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट नहीं खेल रहे हैं। वे उंगली की चोट से पूरी तरह नहीं उबर सके हैं। शादमान इस्लाम ने 133 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 65 रन बनाए हैं।

मकान किराये से देना है
शहर की पॉश कॉलोनी आज़ाद नगर 1
हाल, 2 कमरे, किचन, स्टोर रूम किराये से देना है
संपर्क: 8319023209 8989404428

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें 8253063625

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **अभिषेक शर्मा फिर बने नंबर वन-** भारत के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार शतक लगाने के बाद आईसीसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया।
- **भारत ने न्यूजीलैंड को दी करारी शिकस्त-** भारतीय टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में निर्णायक बढ़त बना ली। अभिषेक शर्मा ने 38 गेंदों में 113 रन बनाए।
- **हॉकी में भारत ने बांग्लादेश को 13-0 से हराया-** पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार शुरूआत करते हुए बांग्लादेश को 13 गोल से पराजित किया। यह टूर्नामेंट में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की बड़ी जीतों में शामिल है।
- **कबड्डी में भारत सेमीफाइनल में पहुंचा-** भारत ने कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप में तंजानिया को 48-20 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। भारतीय टीम लगातार पांच मुकाबले जीतकर शानदार फॉर्म में है।
- **कुश्ती में दो भारतीय महिला पहलवान फाइनल में-** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत की काजल ढोचक और नीलम सिरोही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों से पदक की उम्मीद बढ़ी है।
- **बॉक्सिंग में आदित्य ने जीता स्वर्ण पदक-** भारत के आदित्य ने अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 55 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में रूस के मुक्केबाज को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

अफगानिस्तान ने लगातार छठा टी-20 मैच जीता

एजाज ने 20 गेंदों में फिफ्टी लगाई, राशिद खान ने 30 रन की पारी खेली



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अफगानिस्तान ने शारजाह में तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को 37 रन से हरा दिया। टीम ने 66 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद 177 रन बनाए। 20 साल के एजाज अहमदजई ने 20 गेंदों में फिफ्टी लगाई, जबकि राशिद खान ने 10 गेंदों में 30 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 140 रन पर ऑलआउट हो गई। राशिद ने गेंदबाजी में भी 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ लगातार छठा टी20क मुकाबला जीता। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। दूसरे ओवर में कप्तान इब्राहिम जादरान ब्रैड इवांस की गेंद पर कवर में कैच आउट हो गए। इसके बाद अर्नेस्ट मसूकू ने सेदिकुल्लाह अटल और मोहम्मद अकरम को पवेलियन भेजा।

नौवें ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज भी वेलिंगटन माजाकाद्जा की गेंद पर आउट हो गए। इस दौरान सिकंदर रजा ने एक्स्ट्रा कवर पर शानदार कैच पकड़ा। अजमतुल्लाह उमरजई का विकेट गिरने के बाद 12वें ओवर तक अफगानिस्तान का स्कोर 66 रन पर 5 विकेट हो गया।

मुश्किल स्थिति में शाहिदुल्लाह और एजाज अहमदजई ने पारी को संभाला। शाहिदुल्लाह ने एक छोर पर टिककर बल्लेबाजी की, जबकि एजाज ने आक्रामक अंदाज अपनाया। उन्होंने महज 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 4.5 ओवर में 61 रन की साझेदारी की।

डेब्यू मैच में मसूकू ने लिए 2 विकेट

जिम्बाब्वे के नियमित गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी के चोटिल होने के कारण 33 साल के अर्नेस्ट मसूकू को टी 20 डेब्यू का मौका मिला। उन्होंने अपने पहले ही स्पेल में प्रभाव छोड़ा। मसूकू ने सेदिकुल्लाह अटल को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया और मोहम्मद अकरम को आउट किया। हालांकि, रिप्ले में गेंद स्टंप्स के ऊपर से जाती दिखी। मैच में डीएसआर उपलब्ध नहीं था, इसलिए अकरम को पवेलियन लौटना पड़ा। अफगानिस्तान की पारी के आखिरी ओवरों में राशिद खान ने तेजी से रन बनाए। उन्होंने 10 गेंदों में 30 रन की पारी खेली, जिसमें एक चौका और 4 छक्के शामिल थे।

न्यूज कॉलम

लघु वेतन कर्मचारी संघ ने उमंग सिंघार को सौंपा ज्ञापन

धार। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ की धार जिला शाखा ने मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को ज्ञापन सौंपा। संघ ने अंशकालीन, दैनिक वेतनभोगी, स्थाई और नियमित कर्मचारियों की समस्याएं उठाईं। संघ के मुताबिक, जिले में 200 से ज्यादा कर्मचारी इन समस्याओं से प्रभावित हैं। अंशकालीन कर्मचारियों को हर महीने 5 हजार रुपए मानदेय मिलता है। वहीं, छात्रावासों और आश्रमों में 8 घंटे से ज्यादा काम लेने का मुद्दा भी उठाया गया।


मनावर के वार्ड 9 में डेंगू मलेरिया के 8 मरीज मिले

मनावर। मनावर के वार्ड 9 में पिछले 45 दिनों में डेंगू और मलेरिया के 8 से ज्यादा मरीज मिले हैं। सभी मरीज सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज कराने के बाद ठीक हो चुके हैं। इसके बाद पार्षद मनोज (जिम्मी) सवनेर की पहल पर नगर पालिका ने वार्ड में विशेष सफाई अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत नालियों की सफाई, फॉगिंग और कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, सीएमओ संतोष चौहान और पार्षद मनोज सवनेर ने वार्ड 9 का निरीक्षण भी किया।

तालाब से पानी चोरी की कोशिश प्रशासन ने तार जब्त किए

झाबुआ। कम बारिश के कारण जल संकट की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने तालाबों के पानी के इस्तेमाल पर निगरानी बढ़ा दी है। ग्राम टिकड़ी बोडिया के किड़िया फलिया में तालाब से पानी चोरी की सूचना मिलने पर मंगलवार को प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई की। एसडीएम महेश मंडलोई के नेतृत्व में टीम ने गांव का अचानक दौरा किया। जांच के दौरान तालाब के पास सिंचाई के लिए बिछाए गए बिजली के तार मिले। प्रशासन ने इन्हें तत्काल जब्त कर लिया।

फूड सेफ्टी विभाग का छापा



दूध-मिठाई समेत 14 नमूने लिए, भोपाल जांच के लिए भेजे, रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

धार। धार में त्योहारों से पहले खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को अभियान चलाया। टीम ने दूध, मावा, पनीर, मिठाई, नमकीन, घी, हल्दी पाउडर और खाद्य तेल के कुल 14 नमूने लिए। ये नमूने जांच के लिए भोपला लैब भेजे गए हैं। धार के शिवम दूध संकलन केंद्र, मांडव लिंक रोड से मिक्स मिल्क के 2 नमूने लिए गए। नौगांव स्थित अनिक मिल्क प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के मिल्क चिलिंग सेंटर से गाय के दूध के 2 नमूने लिए गए। धार के तिरुपति नगर स्थित श्री डेयरी से मावा, खुले घी और पनीर के नमूने लिए गए। पीथमपुर के सागौर कुटी चौराहे पर स्थित पद्म श्री स्वीट्स से मावा और मिल्क केक मिठाई के नमूने लिए गए। इसी क्षेत्र के श्री कृष्णा किराना स्टोर से पैक हल्दी पाउडर का नमूना लिया गया। सरदारपुर तहसील के राजोद स्थित श्रीनाथ रेस्टोरेंट से खुली सेव और मिल्क केक मिठाई के नमूने लिए गए। मधुर रेस्टोरेंट से खुली बर्फी का नमूना लिया गया। ग्राम लाबरिया के महाकाल रेस्टोरेंट से रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। विभाग के मुताबिक, कुल 14 नमूनों में दूध के 4, घी का 1, पनीर का 1, हल्दी पाउडर का 1, मावा के 2, सोयाबीन तेल का 1, मिठाई के 3 और सेव का 1 नमूना शामिल है।

नैनो न्यूज

- **प्लाईवुड और सीमेंट कारोबारियों के यहां आयकर सर्वे-** इंदौर के गुरु नानक टिंबर मार्केट में प्लाईवुड और सीमेंट कारोबार से जुड़े दो व्यापारियों के यहां आयकर विभाग की टीम ने सर्वे किया।
- **सेमीकंडक्टर उद्योग में निवेश को मिलेगा बढ़ावा-** मध्यप्रदेश में सेमीकंडक्टर, चिप डिजाइन और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में निवेश की संभावनाएं बढ़ रही हैं।
- **अर्बन कॉन्क्लेव में निवेश और कारोबार पर मंथन-** इंदौर में 28 अक्टूबर को आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में नगरीय विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल गर्वनेंस और निवेश के अवसरों पर चर्चा हो रही है।
- **होटल उद्योग में बड़े निवेश की तैयारी-** इंदौर में तीन अंतरराष्ट्रीय श्रेणी के पांच सितारा होटल विकसित करने की योजना सामने आई है।
- **आईटी और एआई क्षेत्र में कारोबार की संभावनाएं-** इंदौर में इंफोसिस के नए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ब्लॉक का उद्घाटन सितंबर में हुआ था। एआई और क्लाउड तकनीक पर केंद्रित इस विस्तार से शहर के आईटी इकोसिस्टम को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

मंगलवार रात अवैध शराब के खिलाफ बायपास स्थित पत्थर मुंडला क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई

3 करोड़ की अवैध शराब जब्त, 2 ट्रकों से मिलीं 3 हजार पेटियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मंगलवार रात अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डीजीजीआई और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो ट्रकों से करीब 3 हजार पेटी अवैध शराब जब्त की। जब्त शराब की कीमत लगभग 3 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई बायपास स्थित पत्थर मुंडला क्षेत्र में की गई।

जानकारी के मुताबिक, संयुक्त टीम को अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद दोनों ट्रकों की तलाश शुरू की गई। टीमें पिछले सात दिनों से उनकी गतिविधियों पर नजर रख रही थीं।





लगातार निगरानी और पीछा करने के बाद मंगलवार रात दोनों ट्रकों को पकड़ लिया गया। तलाशी में बड़ी मात्रा में शराब मिली, जिसे जब्त कर लिया गया।

इससे जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही

दोनों ट्रकों से बरामद शराब की कुल मात्रा करीब 3 हजार पेटी है। इसकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अब जांच की जा रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। साथ ही, अवैध परिवहन में शामिल लोगों और इससे जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पानी की सप्लाई और वितरण व्यवस्था होगी बेहतर, जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद

नए साल में 30 एमएलडी संप की सौगात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की जल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम करीब 30 एमएलडी क्षमता का नया संप तैयार कर रहा है। करीब 30 फीट ऊंचे इस संप से शहर के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में पानी के वितरण और सप्लाई को संतुलित करने में मदद मिलेगी।

इसके जरिए हवा बंगला, कैट रोड, रेती मंडी, प्रगति नगर, अन्नपूर्णा, स्कीम नंबर 71, चंदन नगर और सिरपुर क्षेत्र की ओवरहेड टंकियों को भरा जाएगा। निगम का लक्ष्य जनवरी के पहले सप्ताह से इसके माध्यम से पानी की सप्लाई शुरू करना है। जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि संप का काम तेजी से चल रहा है। हालांकि, निर्माण स्थल पर कठोर चट्टानें होने के कारण खुदाई में ज्यादा समय लगा। यदि काम इसी गति से चलता रहा तो जनवरी के पहले सप्ताह से शहरवासियों को इसका लाभ मिलने लगेगा। जलकार्य प्रभारी के मुताबिक इस साल कम बारिश होने से शहर के जलस्रोत अपनी पूरी क्षमता तक नहीं भर पाए हैं। यशवंत सागर से मुख्य रूप से एरोड्रम रोड और आसपास के क्षेत्रों की टंकियों में पानी पहुंचाया जाता है। इस सप्लाई से करीब 20 हजार से ज्यादा परिवार तक पानी पहुंचाया जाता है। वहीं, बिलावली, लिम्बोदी और सिरपुर तालाब भी इस वर्ष अपनी पूर्ण क्षमता से कम भरे हैं। बिलावली तालाब भूजल स्तर को रिचार्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में तालाबों में पानी कम होने से आने वाले गर्मी के मौसम में जलापूर्ति की चुनौती बढ़ सकती है। विभाग गंभीर नदी की लाइन से भी पानी लेने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में संबंधित विभाग से बातचीत की गई है और सहमति भी मिली है। राऊ से गुजरने वाली गंभीर की लाइन के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



ऊंचाई पर स्थित टंकियां भरने के लिए बंद करनी पड़ती है एबी रोड की लाइन

उन्होंने बताया कि इंदौर में पानी की सप्लाई ग्रेविटी मेन लाइन के माध्यम से होती है। शहर में बायपास, रिंग रोड, एबी रोड और महिला पॉलिटेक्निक क्षेत्र से जुड़ी चार प्रमुख लाइनें हैं। इनमें महिला पॉलिटेक्निक का क्षेत्र शहर के सबसे ऊंचाई वाले इलाकों में शामिल है। यहां की पानी की टंकी भरने के लिए एबी रोड की लाइन बंद करनी पड़ती है। इसके बाद विकसित होने वाले पानी के दबाव से टंकी भरी जाती है। नए रिजर्वायर के शुरू होने से पानी का दबाव बनाए रखने और टंकियों को तेजी से भरने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही बीआरटीएस लाइन से होने वाली पानी की सप्लाई भी लगातार जारी रखी जा सकेगी।

एयरपोर्ट रेटिंग में इंदौर 79वें नंबर पर

रेटिंग में सुधार पर रैंकिंग फिसली, पिछली तिमाही में 80वीं रैंक थी, पुणे देश में सबसे आगे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की यात्री सुविधाओं की रेटिंग में सुधार हुआ है, लेकिन रैंकिंग में इंदौर एक पायदान नीचे आ गया है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल के एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी सर्वे के अनुसार जुलाई से सितंबर 2026 की तीसरी तिमाही में इंदौर एयरपोर्ट को 5 में से 4.90 अंक मिले हैं। अप्रैल से जून की दूसरी तिमाही में यह रेटिंग 4.88 थी। रेटिंग में 0.02 अंक का सुधार हुआ, लेकिन रैंकिंग में अपेक्षित बढ़त नहीं मिली।

इंदौर की रेटिंग देश के चुनिंदा 16 एयरपोर्ट की औसत रेटिंग 4.90 के बराबर है। यानी यात्री सुविधाओं के आकलन में इंदौर का प्रदर्शन औसत के अनुरूप रहा, लेकिन दूसरे एयरपोर्ट की रेटिंग में बदलाव के कारण रैंकिंग में सुधार नहीं हुआ। तीसरी तिमाही की सूची में पुणे एयरपोर्ट 4.98 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा। चेन्नई और पटना को 4.94-4.94 अंक मिले। कालीकट और वाराणसी की रेटिंग 4.93 रही। चेन्नई की रेटिंग दूसरी तिमाही के 4.85 से बढ़कर 4.94 हो गई। उसकी रैंकिंग भी 87 से सुधरकर 66 पर पहुंच गई। कालीकट की रेटिंग 4.82 से बढ़कर 4.93 हुई और रैंक 90 से सुधरकर 69 हो गई। दूसरी ओर, रायपुर की रेटिंग 4.93 से घटकर 4.90 रह गई। उसकी रैंकिंग 66 से फिसलकर 78 पर आ गई। सर्वे के अनुसार, विश्व औसत एएसक्यू रेटिंग दूसरी तिमाही के 4.38 से घटकर तीसरी तिमाही में 4.36 रह गई। इसके मुकाबले इंदौर की 4.90 रेटिंग काफी बेहतर है। देश के 16 चुनिंदा एयरपोर्ट की औसत रेटिंग भी 4.88 से बढ़कर 4.90 हो गई। रिपोर्ट में एयरपोर्ट की उत्कृष्ट रेटिंग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का लक्ष्य 5 में से 4.68 अंक निर्धारित बताया गया है।

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों से मोबाइल और ऑडियो डिवाइस का उपयोग करने की अपील



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे सहयात्रियों के आराम और सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों तथा रेल परिसरों में मोबाइल फोन और ऑडियो डिवाइस का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्पीकर मोड पर संगीत अथवा वीडियो न चलाएँ और जहाँ तक संभव हो, ईयरफोन या हेडफोन का उपयोग करें। साथ ही, उन्हें ट्रेनों में यात्रा के दौरान अथवा रेल परिसरों में तेज आवाज में बात करने से बचने की सलाह दी जाती है। यात्रियों को सूचित किया जाता है कि स्पीकर मोड पर संगीत या वीडियो बजाकर अथवा मोबाइल पर ऊँची आवाज में बात करके सहयात्रियों को असुविधा पहुँचाना, ट्रेनों या रेल परिसरों में उपद्रव फैलाने की श्रेणी में आता है। ऐसे कृत्य के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 145 के लागू प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें एक हजार रु. तक का जुर्माना शामिल है। किसी अधिकृत रेलकर्मी द्वारा मना किए जाने के बावजूद ऐसा आचरण जारी रखने पर अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार आगे की दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

बेटी की शादी से 2 महीने पहले पिता की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर मंगलवार रात ट्रेन से उतरते समय एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। मृतक मोहम्मद इजराइल महू के रहने वाले थे और इंदौर की एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। वे नाइट शिफ्ट की ड्यूटी के लिए ट्रेन से इंदौर पहुंचे थे। ट्रेन की गति धीमी होने के दौरान उतरते समय उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे के बाद जीआरपी ने शव को पटरियों से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। जीआरपी पुलिस के अनुसार, हादसा महू से इंदौर के बीच चलने वाली ट्रेन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर आने के दौरान हुआ। मृतक की पहचान मोहम्मद इजराइल पुत्र मोहम्मद इस्माइल, निवासी महू के रूप में हुई है। वे रोज की तरह मंगलवार रात भी नाइट शिफ्ट की ड्यूटी के लिए ट्रेन से इंदौर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि प्लेटफॉर्म पर ट्रेन की गति धीमी होते ही मोहम्मद इजराइल उतरने लगे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे चलती ट्रेन की चपेट में आ गए।

हॉस्टल में छात्रा ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भंवरकुआ क्षेत्र में हॉस्टल में रह रही 18 वर्षीय छात्रा रितिका रायकवार ने मंगलवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। देर रात कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर हॉस्टल संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो छात्रा की मौत का पता चला। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, रितिका राधे-राधे हॉस्टल में अपनी सहेली के साथ रहती थी। वह तीन साल पहले इंदौर आई थी और यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी।

इंदौर में रिश्वत लेते पकड़ाया नगर निगम का सब इंजीनियर

1.12 लाख रुपए के लंबित बिल के बदले मांगे 6 हजार रुपए




दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के जोन-13 में पदस्थ सब इंजीनियर हर्ष गहलोत को लोकायुक्त ने बुधवार को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया। आरोप है कि उसने पानी के टैंकर के तीन महीने के बकाया बिल का भुगतान कराने के लिए लॉगबुक सत्यापन के बदले 6 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त की टीम ने चाणक्यपुरी चौराहे पर हनुमान मंदिर के सामने कार्रवाई की। दरअसल, नायता मुंडला निवासी सोहेल पटेल ने नगर निगम में अपना पानी का टैंकर अटैच कराया था। इसके तीन महीने का 1.12 लाख रुपए बिल भुगतान के लिए लंबित था। बिल पास कराने के लिए लॉगबुक का सत्यापन होना था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि इस प्रक्रिया के लिए उपयंत्री हर्ष गहलोत 6 हजार रुपए मांग रहा था। लोकायुक्त ने आरोपी सब इंजीनियर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 की धारा 7 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61(2) के तहत केस दर्ज किया है।

शिकायत के सत्यापन के बाद बिछाया जाल

सोहेल पटेल ने इस संबंध में लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय से शिकायत की थी। लोकायुक्त की ओर से शिकायत का सत्यापन कराया गया। शिकायत सही पाए जाने के बाद आज ट्रैप की कार्रवाई की गई। सब इंजीनियर को शिकायतकर्ता से 5 हजार रुपए लेते पकड़ा गया।



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com